निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, रविवार, 24 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 98 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



केसी वीरेंद्र के घर से एक करोड़ रुपए की फॉरेन करेंसी भी बरामद की गई है।

# कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र अवैध सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार

## ईडी की देशभर में बड़ी कार्रवाई — 12 करोड़ कैश, 6 करोड़ की ज्वेलरी और कई संपत्तियां जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेंगलुरु/गंगटोक।** कर्नाटक की राजनीति में भूचाल लाने वाली बड़ी कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को शनिवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक से गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत हुई है। ईडी ने वीरेंद्र और उनके सहयोगियों के खिलाफ कई राज्यों में छापेमारी की और 12 करोड़ रुपये नकद (जिसमें लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा शामिल है), 6 करोड़ रुपये की ज्वेलरी, करीब 10 किलो चांदी और चार लग्जरी गाड़ियां जब्त कीं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई 22 और 23 अगस्त को देशभर में की गई, जिसमें गंगटोक, चित्रदुर्ग, बेंगलुरु, हुबली, जोधपुर, मुंबई और गोवा के 31 स्थानों पर तलाशी ली गई। छापेमारी में गोवा के पांच बड़े कसीनो–पपीज कसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कसीनो, पपीज कसीनो प्राइड, ओशन 7 कसीनो और बिग डैडी कसीनो–भी शामिल थे। ईडी ने कार्रवाई के दौरान 17 बैंक खाते और 2 लॉकर सील किए, जबकि विधायक के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के ठिकानों से कई संपत्ति संबंधी दस्तावेज और आपत्तिजनक कागजात बरामद किए गए। एजेंसी का कहना है कि जब्त की गई संपत्ति अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क से अर्जित अपराध की आय से जुड़ी हुई है। जांच एजेंसी के अनुसार, विधायक केसी वीरेंद्र लंबे समय से ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी रैकेट चला रहे थे। वे किंग567 और राजा567 नाम से कई ऑनलाइन बेटिंग साइट्स का संचालन करते थे और इन्हीं प्लेटफॉर्म्स के



विधायक के घर से जब्त राशि

जरिए करोड़ों रुपये का अवैध लेन-देन होता था। एक अहम खुलासे में ईडी ने बताया कि विधायक का भाई केसी थिप्पेस्वामी दुबई से तीन कंपनियां–डायमंड सॉफ्टेक, टीआरएस टेक्नोलॉजीज और प्राइम 9 टेक्नोलॉजीज–चला रहा है। ये कंपनियां कॉल सेंटर और गेमिंग ऑपरेशंस से जुड़ी हैं और इन पर मनी लॉन्ड्रिंग और सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है। थिप्पेस्वामी अपने सहयोगी पृथ्वी एन राज के साथ मिलकर दुबई से ऑनलाइन गेमिंग नेटवर्क संचालित करता था। ईडी ने खुलासा किया कि विधायक वीरेंद्र हाल ही में अपने सहयोगियों के साथ गंगटोक पहुंचे थे, जहां वे एक कसीनो को पट्टे पर लेने के लिए व्यावसायिक बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें गंगटोक से गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें स्थानीय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बेंगलुरु की अदालत में पेशी के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया। कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी ने कर्नाटक की राजनीति में हलचल मचा दी है। विपक्षी दलों ने कांग्रेस पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं, वहीं ईडी का कहना है कि यह मामला महज एक व्यक्ति का नहीं बल्कि देशभर में फैले अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसकी जड़ें कई राज्यों और दुबई तक फैली हुई हैं। एजेंसी अब वीरेंद्र और उनके सहयोगियों से पूछताछ कर रही है, ताकि अवैध कमाई के स्रोत और उसके नेटवर्क को खंगाला जा सके। आने वाले दिनों में और खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मानसिक रूप से बीमार बेटे ने की पिता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के बनईडेगा करमटोली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक बेटे ने अपने पिता की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुखनाथ प्रधान (65) के रूप में हुई है। वह गांव के सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त शिक्षक थे। आरोपी बेटे का नाम बालकिशन प्रधान है। परिजनों के अनुसार, बालकिशन की मानसिक स्थिति पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। घटना बीती रात की है। घर में किसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद हुआ। इसी दौरान बालकिशन ने डंडा उठाया और पिता पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पालकोट थाना के एसआई देवनारायण महतो मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। थानेदार तरुण कुमार ने बताया कि आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### देसी कट्टा के साथ पकड़े गए अभियुक्त को ढाई साल की कैद

**औरंगाबाद।** आर्म्स एक्ट में दोषी अभियुक्त को ढाई साल की सजा और जुर्माना लगाया गया है। मामले में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायधीश लाल बिहारी पासवान ने नगर थाना की एक कांड में सुनवाई के दौरान एक मात्र अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र के पठानटोली वार्ड -15 निवासी मो. सैफ खान को आर्म्स एक्ट में ढाई साल की सजा और दो हजार रूपये जुर्माना लगाया है जुर्माना न देने पर दो महीने अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पु.अ.नि.कमल भगत ने 17.07.24 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि मुहर्रम ड्युटी में 8:30 बजे रात्रि में नगर थाना के टिकरी मोड़ पर था। इतने में कुछ व्यक्ति हल्ला करने लगे जब भीड़ के बीच गये तो पुलिस देखकर एक व्यक्ति भागने लगा तो पुलिस के सहयोग से अभियुक्त पकड़ा गया जिसकी तलाशी के दौरान कमर से देसी कट्टा बरामद किया गया और उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## पलामू में पुलिस जवान की पत्थर से कूचकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जंगल से पुलिस ने जिस अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था, उसकी पहचान पुलिस जवान विजय उरांव के रूप में हुई है। उनकी गला दबाकर और पत्थर से कूचकर हत्या की गई है। विजय उरांव पलामू सदर थाना क्षेत्र के चियांकी गांव के निवासी थे और इन दिनों पुलिस ट्रेनिंग सेंटर मुसाबनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। हाल ही में उनकी तैनाती देवघर श्रावणी मेला में की गई थी। ड्यूटी पूरी करने के बाद से ही वे लापता थे।

परिजनों के अनुसार, श्रावणी मेला के बाद से विजय से बातचीत नहीं हो पा रही थी। पत्नी ने कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुई। साथी जवान भी उनकी तलाश में जुटे थे। मृतक की पत्नी ने इस संबंध में सीटीसी मुसाबनी और पलामू के वरीय अधिकारियों से भी गुहार लगाई थी। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि गुरुवार को शव की पहचान हुई। पोस्टमार्टम के लिए शव को रांची के रिम्स भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और हत्या के कारणों का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## डूबने से तीन लड़कियों समेत चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में कमला नदी में डूबने से तीन लड़कियों सहित चार लोगों की मौत हो गयी है। दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम प्रखंड क्षेत्र के बेलाही घाट स्थित कमला नदी में शनिवार को डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। घटना की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। नदी में बसौली गांव के आठ बच्चे स्नान कर रहे थे। बताया जाता है कि खेलते-खेलते सभी बच्चे दिन के 12 बजे के आस-पास नदी में स्नान करने के लिए छलांग लगा दिए। इस बीच चार बच्चे तेज धारा में समा गए। इसमें बसौली गांव निवासी चंदू देवी के पुत्री शीतला कुमारी (14), नारायण मुखिया के पुत्री लक्ष्मी कुमारी (13), प्रमोद मुखिया की पुत्री अंशु कुमारी (14) और जयशंकर तांती के पुत्र रोहित कुमार (14) शामिल हैं। सभी बच्चे कसरौड़ मध्य विद्यालय के आठवीं वर्ग के छात्र थे। गांव के विकास मित्र चंदन कुमार ने बताया कि घटना के



शिकार हुए रोहित कुमार डूब रहे बच्चों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दिया। डूब रहे नारायण मुखिया की पुत्री सरस्वती कुमारी (15) और संतोष मुखिया की पुत्री अनीशा कुमारी (14) को नदी से निकालने में रोहित कामयाब रहा। लेकिन अन्य को निकालने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। घटना से पूरे बसौली गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया रंजीत कुमार झा, सरपंच शंकर झा और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पवन कुमार झा पीड़ित परिवार को ढाढ़स बढ़ाने में लगे हुए थे। आपदा मित्र मनोज शर्मा और स्थानीय तैराक की सक्रियता से सभी शवों को बारी-बारी से नदी से निकाला गया। उधर, सूचना पर पहुंचे घनश्यामपुर थाने की पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। इस घटना की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी नदी किनारे पहुंचकर मदद में जुट गए। हालांकि, एनडीआरएफ टीम चार घंटे के बाद पहुंची। इससे लोगों में अधिक आक्रोश था। घनश्यामपुर थाना के थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। संबंधित अधिकारी कैंप कर रहे हैं। पीड़ित परिवार को कोई परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखा जा रहा है।

## चतरा में बारिश ने मचाई तबाही, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** चतरा में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गिद्धौर, पत्थलगड़ा, इटखोरी, सदर और कान्हाचट्टी प्रखंड के कई गांव में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। पानी में डूबने और वज्रपात की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, लगातार बारिश से सैकड़ों घर जलमग्न हो गए और कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेना पड़ा है। सड़कों पर कमर तक पानी बह रहा है। बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल-पुलियों के कारण कई गांवों का संपर्क प्रखंड और जिला मुख्यालयों से कट गया है। बारिश की वजह से बसाने नदी, कई नहर भी उफान पर हैं। तालाब का पानी भी लबालब होकर बाहर गली मोहल्लों में भर रहा है। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय पूरी तरह से पानी में डूबा हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में औरंगाबाद के दो सगे भाइयों की मौत

**लातेहार के मनिका देवबार मोड़ के समीप हुई दुर्घटना**

**घटना के बाद रो रहे स्वजन, गांव में पसरा मातम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार/औरंगाबाद।** झारखंड के लातेहार जिले के मनिका देवबार मोड़ पर शनिवार को हुई बस व बाइक के बीच भीषण टक्कर में औरंगाबाद के दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र में रामनगर गांव निवासी मो. हलीम सिद्दकी के 30 वर्षीय पुत्र मो. काशीम सिद्दकी और 35 वर्षीय पुत्र मो. हाशिम सिद्दिकी के रूप में की गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों भाई अपनी बुलेट बाइक से अपनी बहन के घर लातेहार जा रहे थे तभी एक तेज रफ्तार यात्री बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों भाई घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने दोनों को स्थानीय अस्पताल में लाया गया परंतु डयूटी पर रहे चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शनिवार को जब दोनों भाइयों का शव गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में मातम छा गया। चारों ओर चीख-पुकार मच गई। हर किसी की आंखें नम हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों भाई बेहद मेहनती और मिलनसार स्वभाव के थे जिनकी अचानक मौत से पूरा गांव सदमे में है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है।

## सड़क दुर्घटना में नौ की मौत

**डॉ. राजीव नयन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** पटना जिले के दनियावां-हिलसा स्टेट हाइवे-4 पर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के पास शनिवार की सुबह ट्रक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। मृतकों में आठ महिलाएं और ऑटो चालक शामिल है। हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह लगभग छह बजे श्रद्धालुओं से भरी ऑटो फतुहा त्रिवेणी संगम पर गंगा स्नान के लिए जा रही थी तभी सीमेंट फैक्ट्री से जुड़े ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में मलावां गांव (हिलसा थाना, नालंदा) के कई लोग शामिल हैं। मां-बेटी की भी इस हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान ऑटो चालक चंदन कुमार, चंद्रमौली पांडेय की पत्नी, परशुराम पांडेय की पुत्री, कंचन पांडेय की पत्नी, विकास राम की पत्नी, शंभूनाथ की पत्नी और दीपिका कुमारी सहित अन्य के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों




ने सड़क जाम कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमेंट फैक्ट्री और इसके आसपास खुले होटलों के कारण इस मार्ग पर हमेशा जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना पर प्रशासन हरकत में आया। पटना और नालंदा जिलाधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। वहीं हिलसा के जदयू विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने कहा कि सीमेंट फैक्ट्री के कारण लगातार जाम और हादसे हो रहे हैं, प्रशासन को इस पर कड़े कदम उठाने चाहिए।

## ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रधान सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न पेयजल आधारित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हैंडओवर की प्रक्रिया तेज की जाए और स्थानीय मुखिया से समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाई जाए।

प्रधान सचिव ने कहा कि ऌहम और आप शुद्ध पेयजल पीते हैं, यह अधिकार ग्रामीणों को भी है।ङ्क उन्होंने सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों तक नल-जल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि जिले में स्थापित दो वाटर टेस्टिंग लैब का उपयोग कर प्रत्येक प्रखंड में समय-समय पर जल की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजनाओं के पूर्ण होने के बाद पांच वर्षों तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी संबंधित वेंडर की होगी।

**निरीक्षण और रखरखाव पर विशेष बल**

अभियान निदेशक ने कहा कि अक्सर पानी टंकी के खुले रहने और नियमित सफाई न होने की शिकायतें मिलती हैं। उन्होंने सहायक अभियंताओं को निर्देश दिया कि समय-समय पर निरीक्षण कर इन समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि पाइपलाइन कम से कम दो फीट नीचे जमीन में दबाई जानी चाहिए ताकि आपूर्ति बाधित न हो। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, गोबर गैस प्लांट, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट और ओडीएफ गांवों के सत्यापन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसबीएम निदेशक मनोहर मरांडी, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, मुख्य अभियंता अनिल प्रसाद, प्रभात कुमार सिंह सहित विभागीय अभियंता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फ़ेनोम इंडिया-सीएसआईआर हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस का शुभारंभ

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमशेदपुर स्थित सीएसआईआर-नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी (एनएमएल) में फ़ेनोम इंडिया-सीएसआईआर हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य भारतीय जनसंख्या के लिए प्रेसिजन मेडिसिन और व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह एनएमएल के अगरिको आवासीय परिसर में आयोजित हुआ, जहां निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस पहल को कार्डियो-मेटाबॉलिक बीमारियों जैसे मधुमेह, मोटापा और फैटी लिवर की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना भारत-विशिष्ट स्वास्थ्य जोखिम पूर्वानुमान मॉडल विकसित करने और अनुकूलित स्वास्थ्य हस्तक्षेप सुनिश्चित करने में मददगार सिद्ध होगी। इस अवसर पर 23 से 28 अगस्त तक बहुदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 250 से अधिक कर्मचारी, पेंशनभोगी और उनके जीवनसाथी शामिल हुए।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### फल्गु नदी में उफान से जहानाबाद के तीन प्रखंडों में घुसा पानी

- एनएच-33 पर आवागमन ठप

**जहानाबाद, एजेंसी।** लगभग एक महीने के अंदर फल्गु नदी में दूसरी बार जलस्तर में वृद्धि होने से जिले के घोसी, मोदनगंज व काको प्रखंड के दर्जनों गांव जलमग्न हो गए हैं। हुलासगंज के इलाके में भी इसका असर है। जहानाबाद- नालन्दा एनएच -33 पर मिल्की गांव के समीप पानी आ जाने से गाड़ियों का परिचालन ठप हो गया है। इससे पहले 16 जुलाई को फल्गु नदी में काफी पानी आया था, जिससे भारथु, नन्दना एवं खिरौंटी से डमौआ जाने वाले रास्ते के समीप फल्गु नदी के तटबंध टूट गए थे। इन टूटे हुए तटबंधों को दुरुस्त करने के नाम पर प्रशासन की ओर से खानापूर्ति की गई थी। लिहाजा, पानी आते ही तटबंध फिर टूट गए। नदी का पानी गांव के खेतों से होकर सड़क तथा गलियों तक पहुंच गया है। भारथु गांव पानी से घिर गया है। गांव से निकलना मुश्किल हो गया है। मेटरा तुलसीपुर, बिजलीपुर, मोकम बिगहा समेत कई गांव में भी पानी प्रवेश कर गया है। शाहपुर पंचायत के अधिकांश गांव भी जलमग्न हो गए हैं। खिरौंटी गढ़ गांव में करीब 50 घरों में पानी घुसने से गांव से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोग बताते हैं कि फल्गु नदी में इस तरह का पानी हम लोग पहली बार देख रहे हैं। एक महीने के अंदर दूसरी बार बाढ़ आने से फसलों को काफी क्षति होगी। सब्जियां के खेतों में भी नदी का पानी घुस गया है।

### पटना के दनियावां में भीषण सड़क हादसा,

- ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर ; गंगा नहाने जा रहे 8 लोगों की मौत



**पटना, एजेंसी।** पटना जिले के दनियावां में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल पटना रेफर किया गया है। हादसा उस समय हुआ जब हिलसा के मलामा गांव के लोग एक ऑटो में सवार होकर फतुहा गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। सभी मृतक नालंदा जिला के हिलसा थाना के रेडी मालामा के निवासी हैं। रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के कारण उन्हें पटना रेफर किया गया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### मामूली विवाद में 13 वर्षीय फैजान की गला दबाकर हत्या, गांव में सनसनी

**लखीसराय, एजेंसी।** हलसी थाना क्षेत्र के बरतारा गांव में शुक्रवार की रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई। गांव के लोगों ने मामूली विवाद में मु. रिजवान के 13 वर्षीय पुत्र फैजान की गला दबाकर हत्या कर दी। स्वजन की सूचना पर हलसी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लखीसराय स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इसकी पुष्टि हलसी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने की। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को फैजान जुमे की नमाज अदा करने मस्जिद जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही एक परिवार के लोगों ने उसे पकड़ लिया और गले में गमछा कसकर फंदा लगा दिया। हत्या के बाद शव को छिपाए रखा गया और रात होने पर सड़क किनारे फेंक दिया गया। फैजान घर नहीं लौटा तो परिवार के लोग खोजबीन में जुटे। देर रात पता चला कि मु. मनान शेख का पुत्र मु. अरमान शेख और उसके परिवारवालों ने हत्या कर शव फेंक दिया है। स्वजन जब वहां पहुंचे तो फैजान बेजान पड़ा था। निजी अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले एक शादी समारोह में फैजान और अरमान के बीच विवाद हुआ था। उसी रंजिश में यह हत्या की गई बताई जा रही है।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 46 लाख की ठगी

**पटना, एजेंसी।** गिरफ्तारी के बाद आरोपी के पास से 3 पासबुक, 2 चेकबुक, 1 आधार कार्ड, 1 फर्जी एफिडेविट, 1 अंक प्रमाण पत्र, जाली मुहर, अंगूठे का निशान लगा सादा कागज और कुछ संदिग्ध सामान बरामद किए गए। शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 46 लाख 49 हजार 700 रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को बक्सर पुलिस ने पटना से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बक्सर पुलिस के अनुसार, 18 जुलाई को साइबर थाना बक्सर में वादी संजय कुमार ने आवेदन दिया था कि 2 जून से 21 जून के बीच किसी अज्ञात नंबर से कॉल करने वाले व्यक्ति ने अलग-अलग शेयरों में निवेश कराने के नाम पर उनसे कुल 46,49,700 रुपये की ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना बक्सर में कांड संख्या-38/25 दर्ज की गई। एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना बक्सर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान यह पता चला कि संदीप कुमार (पिता टुनटुन लाल रजक), निवासी बंदर बगीचा, डाक बंगला रोड, थाना कोतवाली, जिला पटना के खाते में 7 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे।

# प्रधानमंत्री की सभा में एक परिवार का जलवा

## मंच पर दिखे पिता-पुत्र, समधन और बहु



**गयाजी, एजेंसी।** बोधगया की ऐतिहासिक धरती पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा में जहां एनडीए के कई दिग्गज नेता मंच पर मौजूद थे, वहीं सबसे अधिक चर्चा का विषय हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) पार्टी के एक ही परिवार के चार प्रतिनिधियों की एक साथ उपस्थिति रही। हम पार्टी के संस्थापक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन, बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी और इमामगंज विधायक दीपा मांझी। ये चारों प्रधानमंत्री की सभा के मंच पर एक साथ नजर आए। इस दृश्य ने न सिर्फ कार्यकर्ताओं का ध्यान खींचा, बल्कि पूरे राजनीतिक गलियारे में भी चर्चा छेड़ दी।

कई नेताओं ने आपसी बातचीत में कहा कि यह नजारा हम पार्टी की आंतरिक एकजुटता और परिवार की राजनीति में मजबूत पकड़ को दर्शाता है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी बिहार की राजनीति के एक अनुभवी चेहरा हैं। उनके पुत्र डॉ. संतोष सुमन राज्य सरकार में मंत्री हैं। वहीं, समधन ज्योति मांझी और बहू दीपा मांझी दोनों सक्रिय विधायक हैं। सभा में आए कई एनडीए कार्यकर्ताओं ने इसे पारिवारिक राजनीतिक ताकत की मिसाल बताया। कुछ ने तो इसे राजनीतिक संतुलन और रणनीति का केंद्र भी करार दिया। सभा में हम पार्टी के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी, उनकी अनुशासित मौजूदगी और प्रधानमंत्री के स्वागत की जोरदार तैयारी ने पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को भी सामने ला दिया। राजनीतिक जानकारों की मानें तो मांझी परिवार की यह उपस्थिति सिर्फ एक मंच साझा करना नहीं था, बल्कि बिहार की राजनीति में बदलते समीकरणों और जातीय प्रतिनिधित्व की रणनीति का भी संकेत था। आने वाले समय में इसका असर एनडीए के भीतर और बाहर, दोनों स्तर पर देखा जा सकता है।

## पीएम मोदी के हाथों से घर की चाबी लेते ही खिला मुस्तरी खातून का चेहरा, बोलीं- सोचा ना था कभी

**गयाजी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गरीबों ओर जरूरतमंदों के सपनों को साकार करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित घरों की चाबी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 48 के मानपुर स्थित जोड़ा मस्जिद मोहल्ला के मुस्तरी खातून को सौंपी। बोधगया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से ही पीएम ने प्रतीकात्मक रूप में चाबी थमाई तो परिवार गदगद होकर भावुक हो उठे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर गरीब का सपना है कि उनका भी एक पक्का घर हो, जिसमें परिवार सुरक्षित जीवन जी सके। केंद्र सरकार का संकल्प है कि देश का कोई भी परिवार बेघर न रहे। चाबी पाकर मुस्तरी खातून के चेहरे खिल उठे।



उन्होंने कहा कि जीवन का सबसे बड़ा तोहफा है। प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा है। उन्होंने कहा कि अब वे अपने बच्चों को सुरक्षित छत के नीचे पाल-पोस सकेंगी। आंखों में खुशी के आंसू थे। कभी सोचा भी नहीं था कि अपना पक्का का घर होगा।

मुस्तरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो लाख रुपये की राशि सरकार द्वारा दिया गया था। पहले मिट्टी का घर था। राशि मिलने के बाद दो कमरे का पक्का का घर बना लिया। कुछ राशि लगाने के बाद घर पक्का का बना गया है। घर बनने से हमें आराम मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घर की चाबी देने की सूचना पांच दिन पहले नगर निगम के कर्मियों द्वारा दिया गया था। उन्होंने कहा मैनें सोचा नहीं था कि प्रधानमंत्री अपने हाथों से घर की चाबी देंगे।

सूचना मिलने में मन पूरी तरह से गदगद हो उठा। उन्होंने कहा घर के साथ-साथ बिजली, पानी, शौचालय आदि सुविधाएं भी सरकार ने उपलब्ध कराई है। बिजली बिल का एक पैसा अब नहीं लगता है।

# राहुल गांधी रोजाना खर्च हो रहे 1 करोड़ रुपये



**भागलपुर, एजेंसी।** मुर्गे अभी बांग भी नहीं दिए होते कि राहुल गांधी की आंखें खुल जाती हैं। तड़के चार बजे दिनचर्या का प्रारंभिक समय वे अपने तन-मन पर व्यतीत करते हैं और उसके बाद की पूरी गतिविधि कांग्रेस और महागठबंधन के लिए होती है। इन दिनों अमूमन रात 11 बजे तक वे बिहार में विजय का ताना-बाना बुन रहे। उसके बाद ही रात्रि विश्राम की मोहलत मिल रही। बिहार में वोट अधिकार यात्रा पर निकले राहुल की यही दिनचर्या है। नित्यक्रिया से निवृत्त होकर राहुल जब जागिंग के लिए निकलते हैं, तो सुरक्षा कारणों से सहयात्रियों को कंटेनर में ही रहने की हिदायत होती है। अभी प्रतिदिन कम-से-कम 10 किलोमीटर की जागिंग कर रहे। हालांकि, सामान्य दिनों में वे 20 किलोमीटर जागिंग करते हैं।

जागिंग के बाद जब वे कंटेनर में चले जाते हैं, तब सहयात्री कैंप में आवाजाही के लिए स्वतंत्र होते हैं। स्नादि से पहले कभी-कभी राहुल व्यायाम भी करते हैं। यात्रा के लिए निकलने से पहले अपनी टीम के साथ उनकी बैठक, बहुधा झंडोत्तोलन से पहले होती है। प्रतिदिन सात बजे राष्ट्रध्वज फहराने के साथ राष्ट्रगान होता है। उसके बाद आधा घंटा के भीतर सभी को नाश्ता कर यात्रा पर निकल जाना होता है, क्योंकि समय के पाबंद राहुल आठ बजे तक खुली जीप में सवार हो गए होते हैं। हालांकि, उन्हें मांसाहार भी पसंद है, लेकिन इन दिनों शाकाहारी भोजन विशेषकर फल - सलाद आदि, ले रहे। मटर- कटहल के गरिष्ठ व्यंजनों के साथ जंक फूड से परहेज हैं।

वोट अधिकार यात्रा पर उन्होंने अभी तक मांसाहार नहीं लिया। कैंप में सहयात्रियों के लिए बनने वाले नाश्ता भोजन पर ही निर्भरता है, जिसे राहुल अपने कंटेनर में ही ग्रहण करते हैं। कैटरिंग की चार टीमें हैं। उनके वातानुकूलित कंटेनर में टायलेट- बाथरूम के साथ बेड, सोफा, स्टडी व डाइनिंग टेबल आदि की व्यवस्था है। इसके अलावा सहयात्रियों के लिए तीन श्रेणी में वातानुकूलित कुल 45 कंटेनर हैं। ये कंटेनर किसी गैर व्यावसायिक परिसर या दूसरे खुले स्थानों पर लगाए जा रहे आवश्यकतानुसार कैंप में चार-पांच छोटे और एक बड़ा टैंट भी लगता है। रोशनी आदि की अपनी व्यवस्था है भोजन-आवासन, परिचालन आदि को जोड़कर इस यात्रा पर प्रतिदिन लगभग एक करोड़ रुपये खर्च हो रहे। राहुल के कंटेनर से लगी उनकी वैनिटी वैन होती है। उसमें टायलेट के साथ कांन्फ्रेंस हेतु व्यवस्था है। इसी में बैठकर राहुल रणनीति बनाते हैं। इसके साथ एक और वातानुकूलित बस है, जिसमें राहुल का निजी कार्यालय व्यवस्थित है। एक कंटेनर में व्यायाम आदि के उपकरण और दूसरे जरूरी सामान साथ चलते हैं।



## बिहार में आम की गुठलियों से बनेगा नमी बैंक, बदलेगी खेती की सूरत

**भागलपुर, एजेंसी।** कभी बेकार समझी जाने वाली आम की गुठलियां अब किसानों की आमदनी का जरिया बनेंगी। बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), सबौर के वैज्ञानिकों ने आम की गुठली के बीज-गिरी (कर्नेल) से बायोडिग्रेडेबल हाइड्रोजेल विकसित किया है, जिसकी पानी रोकने की क्षमता अद्भुत है। यह उपलब्धि न केवल कृषि अपशिष्ट को संपदा में बदलने का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण और टिकाऊ खेती को नई दिशा देने का वादा करती है। विश्वविद्यालय की इस खोज को केंद्र सरकार ने पेटेंट प्रदान कर इसकी प्रमाणिकता भी दे दी है। आम की गुठली से बने इस हाइड्रोजेल का स्टार्च अपने वजन से 400-500 गुना तक पानी सोख सकता है। खेत की मिट्टी में मिलाने पर यह धीरे-धीरे पौधों को नमी उपलब्ध कराता है। इससे सिंचाई का खर्च घटेगा, फसल सुरक्षित रहेगी और सूखा प्रभावित क्षेत्रों में खेती आसान हो जाएगी। भारत में हर साल करीब 4 करोड़ टन आम का उत्पादन होता है, जिसके साथ 40-50 लाख टन गुठलियां निकलती हैं। अब तक यह अपशिष्ट बेकार चला जाता था। एक टन गुठली से 100-120 किलो कर्नेल पाउडर बनता है। हाइड्रोजेल में बदलने पर इसका मूल्य 5 से 7 गुना तक बढ़ जाता है। दि केवल बिहार और पूर्वी भारत की 25 प्रतिशत गुठलियों का भी उपयोग हो, तो किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को हर साल 300-400 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो सकती है। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह का कहना है कि यह हाइड्रोजेल पूर्णतः बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण-अनुकूल है। यह सिंथेटिक पालिमर का विकल्प बनेगा और ग्रीन जाब्स व प्रिसिजन फार्मिंग को बढ़ावा देगा।

## पुस्तक भंडार संचालक की गोली मारकर हत्या, पोस्टमार्टम बिना शव लेकर लौटे परिजन, इलाके में दहशत

**मुंगेर, एजेंसी।** घटना की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। बाद में परिजन शव को लेकर सदर अस्पताल लखीसराय पहुंचे, लेकिन यहां डॉक्टरों द्वारा जांच के दौरान परिजनों ने आक्रोश में जमकर हंगामा किया। लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गैस गोदाम के पास शुक्रवार देर शाम अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए खुशबू पुस्तक भंडार के संचालक शत्रुघ्न साव (48) की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक लोहरा निवासी स्व. विरन साव के पुत्र बताए जाते हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न साव रोज की तरह शुक्रवार की शाम दुकान बंद कर अपने साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी।



गोली उनकी पीठ में लगने के बाद वे सड़क पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर हालत में रेफरल अस्पताल बड़हिया ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अनिल ठाकुर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। बाद में परिजन शव को लेकर सदर अस्पताल लखीसराय पहुंचे, लेकिन यहां डॉक्टरों द्वारा जांच के दौरान परिजनों ने आक्रोश में जमकर हंगामा किया और बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को वापस बड़हिया ले गए।

इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना के कारणों को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि शत्रुघ्न साव मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे तथा उनकी किसी से कोई व्यक्तिगत रंजिश नहीं थी। पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## तेजस राजधानी एक्सप्रेस में आग की अफवाह से मची भगदड़, अचानक सक्रिय हो गया ऑटोमैटिक फायर सिस्टम

**पटना, एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल अंतर्गत गाड़ी संख्या 12309 (पटना तेजस राजधानी एक्सप्रेस) में शुक्रवार रात एक अप्रत्याशित घटना घटी। ट्रेन की पैंट्रीकार में स्थापित ऑटोमैटिक फायर सिस्टम अचानक सक्रिय हो गया, जिसके कारण गैस फैलने और पानी के छिड़काव से पैंट्रीकार स्टाफ में भगदड़ मच गई। इस घटना ने यात्रियों और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मचा दिया। घटना रात 20ः32 बजे अमर शहीद जगदेव हाल्ट स्टेशन के पास पोल संख्या 617/22 पर हुई। पैंट्रीकार स्टाफ ने आग लगने की आशंका में चेन पुलिंग कर दी, जिससे ट्रेन तत्काल रुक गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ऑन-ड्यूटी इलेक्ट्रिकल स्टाफ ने तुरंत पैंट्रीकार में पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और सिस्टम को दुरुस्त किया। लगभग 11 मिनट बाद, रात 20ः43 बजे ट्रेन को पुनः रवाना किया गया। ट्रेन के कप्तान तत्काल इसकी सूचना दानापुर कंट्रोल को दी।




बताया जाता है कि ऑटोमैटिक फायर सिस्टम के अचानक सक्रिय होने से कर्मचारियों में भ्रम पैदा हुआ, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि, त्वरित कार्रवाई के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। वर्तमान में स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है। रेलवे अधिकारियों ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि सिस्टम के अचानक सक्रिय होने का कारण क्या था।

# बिहार में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही ! मृत शिक्षक पर एफआईआर दर्ज

## चार साल पहले हुई थी मौत

**बांका, एजेंसी।** बिहार के बांका में फर्जी सर्टिफिकेट मामले में शिक्षा विभाग और निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने हाल ही में एक मृत शिक्षक के खिलाफ फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर केस दर्ज किया है.

### 4 साल पहले हुई शिक्षक की मौत

मिर्जापुर पंचायत के सोनडीहा निवासी शिक्षक निरंजन कुमार, जो प्राथमिक विद्यालय मेहरपुर में पदस्थापित थे. उनकी मौत 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान हो गई थी. इसके बावजूद, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने हाल ही में उनके खिलाफ फर्जी सर्टिफिकेट मामले में केस दर्ज किया है.

### मृत्यु प्रमाण पत्र जमा, फिर भी चूक

निरंजन कुमार के परिजनों ने उनके मौत की सूचना तत्काल शिक्षा विभाग को दी थी और मृत्यु प्रमाण पत्र प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) से लेकर जिला कार्यालय तक जमा किया था. इसके बावजूद, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को यह जानकारी नहीं मिली, और उन्होंने मृतक शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी.



### शिक्षा विभाग की जांच में बच गए थे शिक्षक

निरंजन कुमार लंबे समय तक शिक्षा विभाग की सर्टिफिकेट जांच प्रक्रिया में बचते रहे. जब निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने इस जांच की कमान संभाली, तब उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच शुरू हुई. जांच के दौरान उनका सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया. हालांकि शिक्षक कि 2021 में मौत हो गई, जिसकी जानकारी विभाग को दी जा चुकी थी.

### एक महिला शिक्षक पर गिरी गाज

निगरानी ब्यूरो की जांच में प्राथमिक विद्यालय जगतापुर में कार्यरत शिक्षिका पल्लवी कुमारी का सर्टिफिकेट भी फर्जी पाया गया. बताया जा रहा है कि पल्लवी 2018 से ही लापता हैं. इस मामले में निगरानी ब्यूरो ने दोनों शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की, लेकिन मृतक शिक्षक पर केस दर्ज किया गया.

### परिजनों में आक्रोश

निरंजन कुमार की पत्नी खुशबू कुमारी, बड़े भाई और प्रखंड के पूर्व प्रमुख जितेंद्र यादव, छोटे भाई मनीष कुमार सहित अन्य परिजनों ने इस कार्रवाई पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है. उनका कहना है कि मृत्यु की सूचना पहले ही दी जा चुकी थी, फिर भी निगरानी ब्यूरो ने ऐसी गलती कैसे की इस घटना ने उनके परिवार को मानसिक रूप से आहत किया है.

### शिक्षक संघ में चर्चा का विषय

इस मामले ने स्थानीय प्रखंड शिक्षक संघ में भी खूब चर्चा बटोरी है. शिक्षकों के बीच निगरानी ब्यूरो और शिक्षा विभाग की इस चूक को लेकर नाराजगी है. कई शिक्षकों ने इसे विभागीय लापरवाही का परिणाम बताया और मांग की है कि ऐसी गलतियों को रोकने के लिए बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए.

### पुलिस कर रही आगे की कार्रवाई

थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी जाएगी, और मामले की आगे की जांच की जाएगी. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो और शिक्षा विभाग को इस लापरवाही के लिए जवाबदेही तय करनी होगी. साथ ही, इस घटना ने फर्जी सर्टिफिकेट के खिलाफ चल रही कार्रवाई में और सतर्कता बरतने की जरूरत को उजागर किया है.

## अजरबैजान से रांची लाया गया अपराधी मयंक सिंह, पुलिस मानती है लॉरेंस और अमन साहू के बीच की कड़ी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लॉरेंस विश्नोई और अमन साहू (अब मृत) के बीच कड़ी माना जाने वाला सुनील सिंह मीणा को अजरबैजान से रांची ले आया गया है। यह मयंक सिंह के नाम से भी जाना जाता है। शनिवार की सुबह एटीएस की टीम सुरक्षा व्यवस्था के बीच मयंक सिंह को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची। फिलहाल टीम मयंक को लेकर एटीएस मुख्यालय गई। जहां झारखंड पुलिस अधिकारी पूछताछ करेंगे। इसके बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। फिर रिमांड की मांग की जाएगी। झारखंड एटीएस की टीम कुख्यात अपराधी मयंक सिंह को भारत लाने के लिए अजरबैजान गणराज्य गई हुई थी। एटीएस झारखंड ने बताया कि मयंक सिंह के विरुद्ध रामगढ़, पतरातू (भदानीनगर) में दर्ज (कांड सं0-175/22) केस में साक्ष्य के आधार पर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करते हुए उसके विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया था। रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 को मयंक सिंह को अजरबैजान पुलिस ने हिरासत में लिया था। जिसके बाद अजरबैजान द्वारा एक्ट्राडिशन डोजियर की मांग की गई थी। झारखंड एटीएस ने गृह मंत्रालय के माध्यम से एक्ट्राडिशन डोजियर अजरबैजान को उपलब्ध कराया था। जिसके बाद उसके विरूद्ध अजरबैजान बाकू अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाया गया। 27 जनवरी 2025 को अजरबैजान बाकू अपराध न्यायालय ने मयंक सिंह को भारत को प्रत्यर्पण के लिए अनुमति दी। इसकी जानकारी मिलने के बाद प्रत्यर्पण संबंधी सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई। मयंक सिंह के विरुद्ध रंगदारी, लेवी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी।

## संजीव सिंह ने दाखिल किया झूठे साक्ष्य मामले की जल्द सुनवाई का आवेदन

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्व डिप्टी मेयर व कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में अनुसंधानकर्ता द्वारा अदालत में झूठे बयान देने तथा अपर लोक अभियोजक द्वारा फर्जी दस्तावेज दाखिल करने के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह ने शुक्रवार को अदालत में आवेदन देकर पूर्व में निर्धारित 29 अगस्त की तारीख को वापस लेकर सुनवाई करने की प्रार्थना की है। संजीव सिंह के आवेदन के आलोक में एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। संजीव सिंह के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने अदालत को आवेदन देकर कहा कि यह अति आवश्यक मामला है, इसे अविलंब सुनवाई की जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया। अधिवक्ता ने तर्क देते हुए कहा कि इस मामले में अदालत पूर्व से ही 27 अगस्त 2025 की तारीख जजमेंट के लिए निर्धारित कर चुकी है। 27 अगस्त के बाद इस न्यायालय को इस मामले में फिर किसी भी प्रकार के न्यायिक आदेश पारित करने की शक्ति समाप्त हो जाएगी। इसलिए 27 अगस्त से पूर्व इस मामले का निबटारा किया जाना चाहिए। ऐसा ही कानून है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 340 का हवाला देते हुए अधिवक्ता ने कहा कि इस धारा में अदालत चाहे तो स्वयं मामले पर संज्ञान लेकर जांच कर सकती है या फिर किसी सक्षम न्यायिक पदाधिकारी को शिकायतवाद दर्ज कर जांच के लिए भेज सकती है। झूठे साक्ष्य तथा फर्जी दस्तावेज के आधार पर निर्णय पारित करना न्याय संगत नहीं है, करण कि आवेदक द्वारा पूर्व में ही सरकार की कार्रवाई तथा दस्तावेजों पर प्रश्न चिन्ह लगाया गया है। आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

## धनबाद में लॉटरी के माध्यम से 51 समूहों में 130 शराब दुकानें हुई आवंटित

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में शुक्रवार को आबकारी विभाग की ओर से शराब दुकानों की लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान जिले के 51 समूहों में 130 दुकानों का आवंटन किया गया। खास बात यह रही कि शहर के कई बड़े कारोबारी इस बार भी लॉटरी में सफल रहे और उन्हें मुख्य बाजार व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की दुकानें मिल गयीं। वहीं, ग्रामीण इलाकों में कई नये नाम सामने आये हैं। लॉटरी प्रक्रिया जिला आबकारी अधिकारी की देखरेख में हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी की गयी थी। जबकि कई कारोबारी यूट्यूब पर झार नेट टीवी पर लाइव बिडिंग देख रहे थे। सहायक उत्पाद आयुक्त राम लीला रवानी ने बताया कि जिला में 51 समूहों के अंतर्गत खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती ई लॉटरी के माध्यम से संपन्न हुई। इसमें कुल 130 शराब दुकान में 106 कंपोजिट व 24 देशी शराब दुकानें शामिल है। सभी दुकानों की बंदोबस्ती संपन्न हो गयी। इसमें पांच प्रतिशत जमानत राशि के रूप में 17 करोड़ 73 लाख 63 हजार 819 रुपया प्राप्त हुए हैं। साढ़े सात प्रतिशत अग्रिम उत्पाद परिवहन कर के रूप 26 करोड़ 60 लाख 45 हजार 604 रुपये मिलेंगे। वहीं 130 दुकानों से वार्षिक लाइसेंस फी के रूप में एक करोड़ 57 लाख 90000 रुपये मिलेंगे। सूत्रों के अनुसार शराब दुकान की बंदोबस्ती में इस बार माननीयों ने भी बाजी मारी है। कुछ ने परिजनों ने के नाम पर शराब दुकान ली, तो कुछ ने अपने चहेतों के नाम पर। जामताड़ा ग्रुप को सात ग्रुप की दुकानें मिली हैं। वहीं कई पुराने कारोबारियों को एक दो ग्रुप में शराब दुकानें मिली हैं।

# खनन में अब एआई का सुपर कंट्रोल सिंफर ने बनाया नया मॉडल

**धनबाद, एजेंसी।** माइंस में चट्टानों को विस्फोट से खंडित करना आसान है। बावजूद विस्फोटक ऊर्जा के अचानक निकलने से न केवल चट्टानें खंडित होती है, बल्कि धमाके की आवाज, भूमि कंपन, हवा में छिटकते पत्थर, धूल, विषैले धुएं का खतरा भी उत्पन्न होता है।

हवा के अत्यधिक दबाव (धमाके) से इमारतों में कंपन होता है। इससे दीवारों में दरारें, खिड़कियों के शीशे और दरवाजे टूटने का खतरा होता है। ऐसे हानिकारक प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए धनबाद के केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) के विज्ञानियों ने एआइ आधारित पूर्वानुमान माडल विकसित किया है। देशभर की 33 खदानों में 699 ब्लास्ट डाटा संग्रह कर इसे तैयार किया गया है।

इसकी मदद से न केवल ब्लास्ट डिजाइन तैयार होगी, बल्कि ब्लास्टिंग के लिए बार-बार ट्रायल की जरूरत भी नहीं होगी। एआइ माडल पूर्वानुमान कर ब्लास्टिंग के लिए आवश्यक डिजाइन तय कर सकेगा। इससे बार-बार ट्रायल से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा, सुरक्षित और स्मार्ट माइनिंग भी होगी।



डाटा के तहत छेद का व्यास, छिद्र की गहराई, छिद्रों की संख्या, विस्फोटकका भार, अंतराल, स्टेमिंग लंबाई, प्रति छिद्र आवेश, कुल आवेश, अधिकतम आवेश और दूरी जैसे दस इनपुट लिए गए।

इस डाटासेट का उपयोग कर परीक्षण किया गया। जो सफल रहा। पता चला कि बड़े डाटासेट वाले प्रस्तावित मल्टी अडाप्टिव रिग्रेशन स्प्लिन मार्स माडल से वायुदाब की कुशल भविष्यवाणी हो सकती है। इसे विभिन्न भू-वातावरणों में आसानी से लागू किया जा सकता है।

सिंफर के इस प्रोजेक्ट में नाइजीरिया का युवा रिसर्च स्कालर चार्ल्स कोमाड्जा भी शामिल था। वे इस प्रोजेक्ट में काम करने के बाद इन दिनों में संयुक्त राज्य अमेरिका में रिसर्च स्कालर के तौर पर काम कर रहे हैं।

सिंफर के इस प्रोजेक्ट को संयुक्त राज्य अमेरिका की इंस्टीट्यूट आफ नाएज कंट्रोल इंजीनियरिंग के नाएज कंट्रोल इंजीनियरिंग जर्नल में स्थान मिला है।

बीसीसीएल की झरिया, गोविंदपुर, चांच विक्टोरिया, पुटकी बलिहारी, ईसीएल की श्रीपुर, एनटीपीसी की बरकागांव, सेल की टासरा, डीवीसी की बेरमो, एसईसीएल की जमुना, एससीसीएल की रामागुंडम समेत अल्ट्राटेक सीमेंट की शंभुपुरा लाइमस्टोन माइन, मेघालय की आधुनिक सीमेंट लाइमस्टोन माइन, राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड की राक फास्फेट माइन, तोपाडीही की आयान ओर माइन, सुंदरगढ़ की आयरन व मैंगनीज ओर माइन, ओडिशा के किंयोझर की आयरन ओर माइन, ओपनकास्ट यूरेनियम माइंस, सोनभद्र स्टोन माइन व बंगाल की बीरभूम स्टोन माइन समेत 33 खदानों से डाटा एकत्रित किए गए हैं।

अभी इंसान जो ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग कर रहा है, उसमें विस्फोटक कि केवल 20 से 30त्न ताकत ही चट्टान को तोड़ने के काम आती है। बाकी ऊर्जा कंपन, वायुअतिदाब (एओपी) व उड़ते पत्थरों जैसी समस्याएं पैदा करती है। वायु अतिदाब विस्फोट से उत्पन्न होनेवाली वायु तरंगें हैं सिरदर्द, सुनने की शक्ति पर असर के साथ श्वसन समस्याएं और मस्तिष्क व फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है।

संरचनाओं पर इसका असर कांच के दरवाजों, खिड़कियों और दीवारों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ इमारतों में कंपन पैदा करने का हो सकता है। 133 डीबीएल से अधिक स्तर संरचनाओं को और 120 डीबीएल से अधिक स्तर मानव असुविधा का कारण बन सकता है। एआइ से समाधान संभव है।यह ब्लास्ट डिजाइन, विस्फोटक की मात्रा तय करने में मदद करता है। यह तकनीक न केवल खनन कार्यों को सुरक्षित बनाएगी बल्कि आसपास के समुदायों व पर्यावरण को होनेवाले नुकसान को भी कम करेगी।

## रांची में 150 खुदरा उत्पाद दुकानों की ई-लॉटरी से हुई बंदोबस्ती, सरकार को मिला 6.18 करोड़ का राजस्व

**रांची, एजेंसी।** जिला प्रशासन द्वारा नई उत्पाद नियमावली 2025 के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में 150 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न की गई। उपायुक्त सह बंदोबस्त पदाधिकारी मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रक्रिया में कुल 1752 आवेदकों ने भाग लिया। ई-लॉटरी के पारदर्शी और निष्पक्ष आयोजन से सरकार को 6,18,86,280 रुपये का राजस्व सिर्फ आवेदन शुल्क के रूप में प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस पूरी प्रक्रिया में जिले की 150 दुकानों को 87 समूहों में विभाजित किया गया था।

सर्वाधिक आवेदन प्राप्त करने वाली तीन दुकानों की लॉटरी का डेमो कर शुरुआत की गई। सभी आवेदकों की उपस्थिति में शेष दुकानों की बंदोबस्ती ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की गई। प्रत्येक दुकान के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं की घोषणा की गई है। यदि प्रथम चयनित आवेदक निर्धारित राशि समय पर जमा नहीं करता है, तो द्वितीय अथवा तृतीय चयनित को अवसर प्रदान किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रांची जिले में उत्पाद राजस्व के रूप में 736 करोड़ रुपये का लक्ष्य न्यूनतम गारंटी राजस्व के तहत निर्धारित किया गया है।

इस बंदोबस्ती के बाद 1 सितंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक की शेष अवधि में 449 करोड़ रुपये के एमजीआर राजस्व की प्राप्ति की संभावना जताई गई है।

जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रहे। ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रणाली ने इसमें अहम भूमिका निभाई। आवेदकों और अधिकारियों की उपस्थिति में बंदोबस्ती कार्य बिना किसी विवाद के शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## झारखंडवासियों को पीएम मोदी देंगे बड़ी सौगात, कोडरमा-वैशाली मेमू पैसेंजर ट्रेन का करेंगे उद्घाटन

**कोडरमा, एजेंसी।** बिहार के गया जंक्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऑनलाइन माध्यम से कोडरमा से वैशाली के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन का शुभारंभ करेंगे।

यह ट्रेन न सिर्फ कोडरमा और वैशाली को, बल्कि बौद्ध सर्किट के प्रमुख स्थलों जैसे गया, नवादा, नालंदा, राजगीर और बोधगया को भी झारखंड के इस भाग से सीधे जोड़ने का कार्य करेगी। इस नई रेल सेवा से उत्तर छोटानागपुर और मगध क्षेत्र को एक नई पहचान मिलने जा रही है। रेल मंत्रालय की इस पहल से क्षेत्रीय पर्यटन को नई उड़ान मिलने की उम्मीद है।

कोडरमा जिले से 50 किमी की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ इटखोरी को अब सीधे बौद्ध सर्किट से जोड़ने की संभावना बन रही है। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मेमू ट्रेन के संचालन से गया, नवादा जैसे बड़े स्टेशनों के अलावा कई छोटे स्टेशनों को भी जोड़ दिया गया है। इसका लाभ गांवों और कस्बों के यात्रियों को मिलेगा, जो अब सस्ती, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। जेडआरयूसीसी सदस्य रामरतन महर्षि ने कहा कि यह सेवा शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी आसान बनाएगी। इससे पहले राजगीर, नालंदा और बोधगया जैसे स्थलों को ट्रेन से सीधे जोड़ने की वर्षों से मांग की जा रही थी। अब इस नई सेवा से बंगाल सहित देशभर से आने वाले पर्यटकों को कोडरमा होकर इन स्थलों तक पहुंचने की बेहतर सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री द्वारा दी गई यह सौगात न केवल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि झारखंड और बिहार के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में भी बदलाव लाएगी।

# रिम्स में देर रात हुई बड़ी घटना : कैंटीन की चाय पीने के बाद डॉक्टर की बिगड़ी तबीयत, आईसीयू में भर्ती

**रांची, एजेंसी।** रिम्स में गुरुवार देर रात बड़ी घटना हो गई। रिम्स में संचालित एक कैंटीन से मंगाकर चाय पीना महिला डॉक्टर को भारी पड़ गया। चाय पीने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी, आनन-फानन में उसे इमरजेंसी में ले जाया गया। लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए उसे क्रिटिकल केयर आईसीयू में शिफ्ट कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर डाल दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने अगले 48 घंटे उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताए हैं।

पीड़ित डॉक्टर गाइनी विभाग की फर्स्ट ईयर पीजी की छात्रा डॉ. अरुणा हैं। गुरुवार को उसकी नाइट ड्यूटी थी। ड्यूटी में ही उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कैंटीन से चाय मंगवाई थी। चाय लाने के बाद उसे डॉक्टरों ने थरमस में रखा। फिर डॉ. अरुणा ने जैसे ही ग्लास में निकाल कर चाय पी,



उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। प्रबंधन को उनके दोस्तों ने बताया कि चाय पीने के बाद डॉ. अरुणा ने टेस्ट खराब होने, केरोसिन की गंध आने की बात कही थी।

रिम्स प्रबंधन ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छात्रा ने ऑर्थो विभाग के समीप स्थित कैंटीन से मंगाई गई चाय का सेवन किया था। चाय का स्वाद और गंध असामान्य था। सेवन के कुछ समय बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। चिकित्सकीय दृष्टिकोण से यह मामला पॉइजनिंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। इधर, घटना की गंभीरता को देखते हुए रिम्स प्रबंधन ने औषधि विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है।

इस घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने संस्थान में संचालित दोनों कैंटीन का निरीक्षण किया। ऑर्थोपेडिक वार्ड के आगे स्थित कैंटीन में साफ-सफाई की घोर कमी देखने को मिली। प्रबंधन ने ऑर्थो कैंटीन के साथ पेइंग वार्ड स्थित कैंटीन को भी सील कर दिया है। साथ ही कैंटीन संचालक अन्नपूर्णा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और रात में कार्यरत कर्मियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

इधर, रिम्स प्रबंधन द्वारा फूड सेफ्टी ऑफिसर को पत्राचार कर कैंटीन के सैंपल की जांच का अनुरोध किया गया। जिसके बाद शुक्रवार देर शाम फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने रिम्स पहुंच कर दोनों कैंटीन से सभी तरह के खाद्य पदार्थ के सैंपल लिये। इसमें पैक्ड फूड, ब्रेड, दूध, दही, चाय, मसाले आदि शामिल हैं। अब इन सैंपलों की जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि कैंटीन में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता ठीक है या नहीं।

# जामताड़ा में गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, पूर्व जिप सदस्य सुनील हांसदा समेत 5 लोग घायल





**जामताड़ा, एजेंसी।** गुरुवार की शाम साहिबगंज-गोविंदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पस्ती पालोजोड़ी मोड़ के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील हांसदा समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनील हांसदा दुमका से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ बैठक में शामिल होकर अपने सहयोगियों संग वापस लौट रहे थे।

इसी दौरान बस्ती पालोजोड़ी मोड़ पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को बाहर निकालने में मदद की। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही जामताड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित करते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाने में सहयोग किया।पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, प्राथमिक अनुमान के अनुसार गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हुई। गाड़ी अनियंत्रित होकर एक बड़े पेड़ से जा टकराई। पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील हांसदा के घायल होने की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों व शुभचिंतकों में चिंता की लहर दौड़ गई। कई लोग अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने लगे।

वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस मोड़ पर आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन अब तक सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस सड़क हादसे ने एक बार फिर से जामताड़ा जिले की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है।

## यात्री बस ने मारी मोटरसाइकिल सवार को टक्कर, दो लोगों की मौत

**लातेहार, एजेंसी।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत देवबार मोड़ के पास एनएच 39 पर एक यात्री बस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि, मृतकों की स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन मृतकों में से एक के पास ड्राइविंग लाइसेंस मिला है, जो अब्दुल हसीम सरवर के नाम पर है। ड्राइविंग लाइसेंस धारक उत्तर प्रदेश के नोएडा का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

दरअसल, बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग कहीं जा रहे थे। इसी दौरान देवबार मोड़ के पास मोटरसाइकिल की सामने से आ रही एक यात्री बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बस के साथ कई फीट तक घसीटती चली गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, मोटरसाइकिल सवार दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि पुलिस मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज रही है। मृतकों की पहचान की पुष्टि के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर स्थित मनिका थाना क्षेत्र के देवबार मोड के पास की सड़क बेहद खतरनाक है। घुमावदार मोड़ होने के कारण सामने से आने वाले वाहनों का पता नहीं चल पाता। वाहनों की गति बढ़ने से यहां अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हर महीने इस जगह पर कोई न कोई दुर्घटना जरूर होती है। हालांकि, जिला प्रशासन द्वारा इस जगह को ब्लैक स्पॉट के रूप में भी चिह्नित किया गया है। इसके बावजूद यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# रांची यूनिवर्सिटी एक बार फिर सवालों के घेरे में:स्नातक फोर्थ सेमेस्टर की भूगोल की कॉपियां गायब

**रांची, एजेंसी।** रांची यूनिवर्सिटी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां सत्र नियमित करने को लेकर धरना-प्रदर्शन चल रहा है। इसी बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्नातक फोर्थ सेमेस्टर (सत्र 2022-26) की भूगोल की कॉपियां गायब हो गई हैं। अप्रैल 2025 में हुई इस परीक्षा की कॉपियों को मूल्यांकन के लिए हजारीबाग भेजा गया था, ताकि जल्दी परिणाम जारी किया जा सके। हजारीबाग से अन्य विषय की उत्तर पुस्तिकाएं तो मूल्यांकन के बाद वापस आ गई, लेकिन इसमें भूगोल की कॉपियों का बंडल गायब था।

मूल्यांकन करने वालों से संपर्क किया गया तो बताया गया कि सभी कॉपियां विश्वविद्यालय को वापस भेज दी गई है। इसके बाद पिछले एक सप्ताह से कॉपियों की तलाश चल रही है। गौरतलब है कि यह रिजल्ट दो माह पहले ही आ जाना चाहिए था। लेकिन अब यह पेंच फंसने के बाद रिजल्ट में और देरी होने की संभावना है।

दूसरी जगह कॉपियों की जांच लाइजन अफसर के माध्यम से होती है। उदाहरण के लिए रांची विश्वविद्यालय का स्टाफ हजारीबाग में नियुक्त




लाइजन अफसर को कॉपी सौंपता है। लाइजन अफसर कॉपियों की जांच कराने के बाद विवि के स्टाफ को सौंप देता है। फिर इसे विवि की आउटसोर्सिंग एजेंसी के पास जमा कराया जाता है। यह एजेंसी कॉपियों में दिए गए अंकों की एंट्री करती है। इसके बाद विषय विशेषज्ञ जांच करते हैं। फिर रिजल्ट तैयार किया जाता है।

कॉपियां गायब होना सिर्फ लापरवाही नहीं है, बल्कि उन हजारों छात्रों के सपनों पर कुठाराघात है, जिन्हें स्नातक की डिग्री जून में ही मिल जानी चाहिए थी। सत्र पहले से ही 11 महीने लेट चल रहा है। अब कॉपी गायब होने से इसके और लेट होने की संभावना बन गई है। अगर जल्दी ही इस समस्या का समाधान नहीं निकला तो स्टूडेंट्स को पीजी या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने में दिक्कत आएगी। इसका सीधा असर उनके करियर पर पड़ेगा।

आरयू के परीक्षा नियंत्रक संजय कुमार सिंह का कहना है कि रांची यूनिवर्सिटी में भूगोल विषय की उत्तर पुस्तिका गायब होने की जानकारी नहीं मिली है। मुझे बताया गया है कि कुछ विषय की कॉपियों का मूल्यांकन नहीं हुआ है, जिसके कारण रिजल्ट लंबित है।

## सीबीएसई के निशाने पर धनबाद के भी नॉन अटेंडिंग स्कूल

**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने नॉन अटेंडिंग स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। हाल ही में रांची के एक नामी स्कूल में सीबीएसई की टीम औचक जांच के लिए पहुंची थी। इसके साथ देश के कई अन्य शहरों में भी बोर्ड की टीमें निरीक्षण कर चुकी हैं। इस सख्ती का असर धनबाद तक पहुंच गया है, यहां नॉन-अटेंडिंग फॉर्मेट पर चल रहे कई स्कूलों में हड़कंप मचा हुआ है। धनबाद में ऐसे कई सीबीएसई संबद्ध स्कूल हैं, जिनमें निचली कक्षाओं (नर्सरी से आठवीं तक) में छात्रों की संख्या कम है, जबकि नौवीं से बारहवीं तक में अचानक छात्रों की संख्या बहुत अधिक हो जाती है। बोर्ड को संदेह है कि ऐसे स्कूल डमी एडमिशन का सहारा लेकर छात्रों को बिना पढ़ाई कराये केवल परीक्षा दिलाने का काम कर रहे हैं।सख्ती के बाद स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को फोन कर बच्चों को हर हाल में नियमित कक्षा में भेजने के लिए कह रहा है। वहीं कई अभिभावक कह रहे हैं कि उन्होंने अधिक शुल्क इसलिए दिया था ताकि उनके बच्चे बिना बाधा के कोचिंग कर सकें। जबकि स्कूलों का कहना है कि संबद्धता बचाने के लिए छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना अनिवार्य हो गया है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 23-08-2025 22:12 Page 1



# नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** गौड़ाबौराम प्रखंड क्षेत्र के बेलाही घाट स्थित कमला नदी में शनिवार को डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। घटना की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। नदी में बसौली गांव के आठ बच्चे स्नान कर रहे थे।

इसमें आधे की मौत हो गई। बताया जाता है कि खेलते-खेलते सभी बच्चे दिन के 12 बजे के आस-पास नदी में स्नान करने के लिए छलांग लगा दिए।

इस बीच चार बच्चे तेज धारा में समा गए। इसमें बसौली गांव निवासी चंदू देवी की पुत्री शीतला कुमारी (14), नारायण मुखिया की पुत्री लक्ष्मी कुमारी (13), प्रमोद मुखिया की पुत्री अंशु कुमारी (14) और जयशंकर तांती के पुत्र

## गांव में मचा कोहराम

रोहित कुमार (14) शामिल हैं। सभी बच्चे कसरौड़ मध्य विद्यालय के आठवीं वर्ग के छात्र थे। गांव के विकास मित्र चंदन कुमार ने बताया कि घटना के शिकार हुए रोहित कुमार डूब रहे बच्चों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दिया।

डूब रहे नारायण मुखिया की पुत्री सरस्वती कुमारी (15) और संतोष मुखिया की पुत्री अनीशा कुमारी (14) को नदी से निकालने में रोहित कामयाब रहा, लेकिन अन्य को निकालने दौरान वह गहरे पानी में समा गया।

घटना से पूरे बसौली गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया रंजीत कुमार झा, सरपंच शंकर झा और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पवन कुमार झा पीड़ित परिवार को ढांढ़स बढ़ाने में लगे हुए थे।

आपदा मित्र मनोज शर्मा और स्थानीय तैराक की सक्रियता से सभी शवों को बारी-बारी से नदी से निकाला गया। उधर, सूचना पर पहुंचे घनश्यामपुर थाने की पुलिस सभी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस घटना की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी नदी किनारे पहुंचकर मदद में जुट गए। हालांकि, एनडीआरएफ टीम चार घंटे के बाद पहुंची। इससे लोगों में अधिक आक्रोश था।

# 24 अगस्त को पटना के रवींद्र भवन में स्टार्टअप समिट-2025 का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्टार्ट अप समिट 2025 बिहार के उज्ज्वलतम भविष्य निर्माण हेतु संकल्पित लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत बिहार में उद्यमिता की व्यापक क्रांति लाने का लक्ष्य है जिससे बिहार में ही रोजगार का अधिकाधिक सृजन हो सके। 24 अगस्त, 2025 को पटना के रविन्द्र भवन में अभियान के अंतर्गत 10 बजे पूर्वाह्न से 'स्टार्ट-अप समिट 2025' निर्धारित है जिसके उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति हेतु उप-मुख्यमंत्री, बिहार, सम्राट चौधरी ने स्वीकृति दी है। शिक्षा, समता एवं उद्यमिता के तीन मंत्रों के साथ 2047 तक विकसित भारत में विकसित बिहार के निर्माण हेतु आवश्यक 'उद्यमिता की क्रांति' के निमित्त गतिमान अभियान के साथ वर्तमान में 2,50,000 से अधिक संकल्पित




व्यक्ति व्हात्सएप समूहों के माध्यम से सीधे रूप से जुड़कर योगदान देने का प्रयास कर रहे हैं, जिनमें 15,000 से अधिक उद्यमी तथा कॉर्पोरेट सेक्टर के वरिष्ठ दायित्वों में हैं।

350 से अधिक स्टार्ट-अप्स सीधे रूप से अभियान के साथ जुड़कर आगे बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि बिहार के हर जिले में 2028 तक कम से कम 5 ऐसे सफल स्टार्ट-अप्स हो जाएं जिनमें से प्रत्येक में 100 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिलता हो। इस स्टार्ट-अप समिट में बिहार के ऐसे 21 स्टार्ट-अप्स, जिनमें 100 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिल रहा हो अथवा जिनकी भविष्यात्मक संभावनाएं अत्यंत प्रबल हो, को 'बिहार उद्यमिता सम्मान' दिया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर ड्राफ्ट बिहार विजन 2047 डाक्यूमेंट भी रिलीज किया जाएगा ताकि सभी से प्राप्त सुझावों के साथ 21 दिसंबर, 2025 को बेंगलूरू में निर्धारित बिहार 2047 विजन कॉन्क्लेव में इसे बिहार को समर्पित किया जा सके। इस कार्यकर्म में विकास वैभव, मुख्य संरक्षक, सर्वेश कुमार, एमएलसी, विशिष्ट अतिथि, सैयद शमाएल अहमद, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पीएसएसीडब्लूए, विपुल कुमार, इंटरकनेक्शन और नेटवर्क इकोसिस्टम विशेषज्ञ, डेटासेंटर, निरेन आनंद, सोशल फुटवियर उद्यमी, एवर ट्रेड ग्रुप, चीन, हांगकांग और भारत, ओ पी सिंह, सीईओ, बर्नेट फार्मास्युटिकल्स, अहमदाबाद, डॉ. प्रीति बाला, मुख्य समन्वयक, गार्गी चैप्टर, सोनम मिश्रा, उपाध्यक्ष, सुलभ इंटरनेशनल, दिल्ली, आलोक कुमार रंजन, निदेशक, शिक्षा समता उद्यमिता फाउंडेशन, अनिल कुमार झा सीईओ और सह-संस्थापक फैब फाइव नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड और इस बार बिहार के और दिल्ली स्थित एक एंजेल निवेशक अमित कुमार ने घोषणा की है कि वे उन 21 स्टार्ट-अप्स को 21 लाख रुपये का फंड देंगे जिनके पास शानदार आइडिया हैं और जो स्टार्ट-अप चला रहे हैं। इन स्टार्ट-अप्स को फंड मिलेगा जो इन मानदंडों को पूरा करते हैं।

सभी स्टार्ट-अप्स को साथ जोड़कर व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण करने के उद्देश्य को लेकर अनेक स्टार्टअप सम्मेलनों तथा वाइब्रेंट बिहार ग्लोबल कॉन्क्लेव का आयोजन पटना में वर्ष 2022 तथा 2023 में किया गया । दिल्ली के एनडीएमसी सभागार में वर्ष 2021 में बिहार उद्यमिता सम्मेलन तथा 2023 में बिहार विजन 2047 कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया। दुबई, दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरू, हैदराबाद, पुणे और वडोदरा में भी बिहार संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमियों को अभियान के साथ जोड़ा गया है। अनेक सफल उद्यमी ऐसे समिट में समय-समय पर स्टार्ट-अप को सलाह देते रहते हैं।

# चाणक्य पब्लिक स्कूल में वार्षिक नेत्र चेकअप कैंप आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सिरसिया स्थित चाणक्य पब्लिक स्कूल में वार्षिक नेत्र चेकअप कैंप आयोजित किया गया। जिसमें शहर के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ दीपक कुमार के द्वारा स्कूली बच्चों के आंखों का जांच किया गया। जिसमें कई बच्चों के आंखों मे विभिन्न तरह की समस्या सामने आई। जिसे डॉक्टर दीपक के द्वारा बच्चों के अभिभावक को किसी भी नेत्र सर्जन से मिल कर उचित परामर्श लेने को कहा। साथ ही बच्चों को आई ड्रॉप भी दिया गया। बच्चों को डॉक्टर साहब के द्वारा मोबाइल फोन से दूर रहने को कहा गया तथा पौष्टिक भोजन के साथ आउटडोर गेम को बढ़ावा देने के लिए कहा गया। मौके पर विद्यालय निदेशक राहुल बर्मन ने कहा कि यह चेकअप कैंप प्रत्येक वर्ष विद्यालय में लगाया जाता है ताकि स्कूली बच्चों के आंखों का स्क्रीनिंग हो सके और शुरूआती दौर में समस्या पता चल सके। कार्यक्रम में विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम को सफल बनाने में लग रहे।

# झारखंड में भारी बारिश से गयाजी के गांवों में घुसा पानी

## डीएम ने लिया जायजा, गांवों का संपर्क भंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** झारखंड राज्य के पहाड़ी इलाकों में गुरुवार की रात हुई भारी बारिश के कारण मुहाने नदी उफान पर है। नदी के जलस्तर में शुक्रवार की दोपहर बाद से अचानक तेजी से बढ़ोतरी के कारण बोधगया प्रखंड के कुछ गांव बाढ़ की चपेट में आ गए।

मुहाने नदी का पानी बोधगया के बसाढ़ी, सिलौंजा, बतसपुर, घोंघरिया और मोराटाल गांव में घुस चुका है। जिससे कुछ घरों में पानी आ गया है। कुछ दिन पहले भी इन गांव में बारिश का पानी आ गया था।

सड़के कट गई थी जिसके बाद प्रशासन ने बाढ़ के पानी को रोकने का आश्वासन दिया था। आज बाढ़ पीड़ित गांव के लोगों ने सड़क जामकर प्रशासन के विरुद्ध अपनी नाराजगी जताई।

मुहाने नदी का जलस्तर बढ़ने से कुछ गांवों में पानी के घुसने की सूचना मिलने के बाद देर रात डीएम शशांक शुभंकर बोधगया के सिलौंजा गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

स्थानीय लोगों से बातचीत कर हालात का



आकलन किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को अहम निर्देश दिए। डीएम देर रात अपने उपस्थिति में सिलौजा नदी पास फंसे 02 लोगों को रस्सी के सहारे रेस्क्यू किया गया, दोनों ग्रामीण को पूरी तरह सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा डीएम ने अपर समाहर्ता आपदा को निर्देश दिया है इन गांव के जरूरतमंदों के बीच पोलोथिन शीट का वितरण करवाये। इसके अलावा शेरघाटी अनुमण्डल क्षेत्र के मोहनपुर बघलती गांव में बारिश के पानी मे फसे 2 ग्रामीणों एवं 10 की संख्या में मवेशियों को अनुमण्डल पदाधिकारी शेरघाटी के उपस्थिति में सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

डीएम ने सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिया है अपने क्षेत्र में जल स्तर की पूरी निगरानी रखेंगे। नदी क्षेत्र के निचले एरिया में रहने वालों पर पूरी निगरानी रखवाए। यदि जल स्तर में बढ़ोतरी होती है, तो उन्हें किसी उचे स्थान या सुरक्षित स्थानों पर भेजने की व्यवस्था रखे। जरूरत पड़ने पर सामुदायिक किचन की भी व्यवस्था शुरू करवाने का निर्देश दिए हैं।

# नकली नोटों की खेप बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने नकली नोटों के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश करते हुए 500 रुपये के 42 बंडल जाली नोट जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में गिरोह के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार हुए, जबकि सरगना समेत अन्य फरार हैं। शनिवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहार से चन्द्रलोक बस के जरिए नकली नोटों की बड़ी खेप रांची लाई जा रही है। इसी आधार पर टीम ने रातु रोड स्थित न्यू मार्केट चौक पर छापेमारी की।

बस से तीन कार्टन एक कार में उतारे जाने के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर तलाशी ली। कार्टनों से 500 रुपये के नोटों के 42 बंडल बरामद हुए। इनमें 20 बंडल में 300-300 और 22 बंडल में 350-350 जाली नोट मिले।

साथ ही दो पैकिंग कार्टन और दो मोबाइल भी जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में मो. साबीर उर्फ राजा (27), निवासी नूर नगर, हरमु बायपास रोड और साहिल कुमार उर्फ करण (32), निवासी हरमू हाउसिंग कॉलोनी शामिल हैं। दोनों ने पूछताछ में खुलासा किया कि इस धंधे का सरगना दिल्ली निवासी नीरज कुमार चौधरी है, जो फोन और व्हाट्सएप से संपर्क कर सप्लाई करवाता था।

गिरोह असली नोट ऊपर-नीचे रखकर बीच में नकली नोट पैक करता और 40-50 हजार में खेप बेच देता। इसके एवज में 20-30 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था।

छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय, थाना प्रभारी सुखदेवनगर कृष्णा कुमार साहू, पिंकी कुमारी साव, बबलू बेसरा शामिल थे। पुलिस अब सरगना नीरज कुमार चौधरी और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

# त्योहार से पहले रोड व लाइट की हो मरम्मत : अरुणा शंकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मैं जिधर भी जा रही हूं, बारिश के कारण निगम के कई रोड रख- रखाव के अभाव में टूट गए हैं। फलस्वरुप मोहल्ले वालों का घर से निकलना, बच्चों को स्कूल जाना व बुजुर्गों का कहीं भी आने-जाने व गिरने के डर से घर में कैद हो गए हैं। निगम ने तो अपने स्तर से और न ही संबंधित संवेदक के माध्यम से मरम्मत करवा रही है ।संवेदक जिनके वारंटी पीरियड में रोड हैं, वे ध्यान दकर सड़क की मरम्मत कराएं। उक्त बातें मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने कही। प्रथम महापौर ने कहा वे दो-तीन दिनों के अंदर उपायुक्त से मिलेंगी। बात करेंगी कि हिंदुओं के सारे मुख्य त्योहार दीपावली, दशहरा, धनतेरस, छठ आने वाले हैं। इससे पूर्व निगम क्षेत्र के सारे सड़कों की मरम्मती निगम करे। निर्माण के 5 वर्ष पूरे नहीं होने वाले सड़क की मरम्मती संवेदक के कटे



हुए राशि से कराई जाए। या फिर संवेदक तत्काल मरम्मत कराएं ' प्रथम महापौर ने कहा कि त्योहार से पहले सड़क के साथ निगम स्ट्रीट लाइट को भी मरमत कराया जाए। एक तो रोड में गड्ढे हैं दूसरी तरफ लाइट नहीं है। इससे लोगों के गिरने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। प्रथम महापौर ने कहा शहर में लग रहे पाइप लाइन फेस 2 भी अधिकतर सड़कों को काटकर पाइप डाले जा रहे हैं। लेकिन सड़क को समतल नहीं कर रहे हैं । इसे भी संज्ञान लेने की आवश्यकता है। तत्काल ऐसे गड्ढों को भरकर समतल करने का प्रशासन निर्देश दें ।

## बारिश और वज्रपात की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार राज्य में 28 अगस्त तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आज दक्षिण पश्चिम, दक्षिण-मध्य और दक्षिण पूर्व बिहार के अधिकांश भागों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 24 से 25 अगस्त अगस्त को दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार में अनेक स्थानों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 23 से 28 अगस्त तक पूरे बिहार में बारिश

## बहन को बचाने गए भाई को सीनियर ने धुना

**दरभंगा।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, दरभंगा में एक बार फिर रैगिंग का मामला सामने आया है। कंप्यूटर साइंस के फर्स्ट सेमेस्टर की छात्रा ने सीनियर छात्रों पर रैगिंग और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा आयुषी कुमारी, जो पटना जिले की रहने वाली है, ने बताया कि लंच के बाद जब वह क्लास में पहुंची तो सीनियर छात्र जूनियर्स को हाथ ऊपर करवाकर रैगिंग करवा रहे थे। जब उन्होंने और उनकी सहपाठियों ने विरोध जताया तो सीनियर छात्रों ने उनसे भी अभद्रता की। इस दौरान छात्रा का भाई अमित प्रशांत झा बहन की रक्षा करने पहुंचा तो सीनियर छात्रों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। घायल अवस्था में उसे डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 की पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल विश्वविद्यालय थाना में मामले को लेकर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया जा रहा है।

# त्रिवेणी संगम में गंगा स्नान के लिए जा रहे नौ लोगों की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पटना में भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। इनमें आठ महिलाएं और एक टेम्पो ड्राइवर शामिल थे। घटना शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिगरियावा स्टेशन के पास हिलसा-दनियावां रोड पर हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, शनिवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने टेम्पो को सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि टेम्पो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग बुरी तरह फंस गए। टेम्पो खून रिस कर सड़क पर फैल गया। सड़क किनारे कुछ महिलाओं की लाश पड़ी थीं।

इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर घायलों को बाहर निकाला और फौरन अस्पताल में भर्ती करवाया। इसके बाद सात लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, अस्पताल में दो घायलों ने दम तोड़ दिया। चार लोगों की हालत

गंभीर बताई जा रही है। इन्हें बेहतर इलाज के

## सीएम ने जतायी संवेदना

लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

वहीं घटना के बाद लोगों को आक्रोश है। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया और जमकर हंगामा करने लगे। इधर, मृतक परिजन भी मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन करने लगे।

घटना के बाद सड़क पर आवागमन बाधित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक सीमेंट फैक्ट्री का था। टेम्पो को टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फैक्ट्री के अंदर चला गया। मौके पर फैक्ट्री संचालक को बुलाने की मांग कर रहे हैं।

पुलिस का कहना कि मृतकों की पहचान नालंदा जिले के मलावा गांव के निवासियों के रूप में हुई है। सभी लोग टेम्पो से फतुहा के त्रिवेणी में गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। हिलसा-दानियावां रोड पर ट्रक ने टेम्पो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है और उसकी तलाश की जा रही है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान रविंद्र प्रसाद की पत्नी संजू देवी, परशुराम प्रसाद की पत्नी उदेशा देवी, त्रिपुरारी शरण पांडेय की पत्नी कंचन देवी, शंभू राम की पत्नी बबीता देवी, विकास साव की पत्नी रेणु कुमारी, धनंजय पासवान की पत्नी दीपिका पासवान, विरेंद्र प्रसाद की पत्नी गंगा देवी, चंद्रमौली पांडेय की पत्नी कुसुम देवी और शंकर चौधरी का पुत्र चंदन कुमार (चालक) के रूप में हुई। वहीं घायलों की पहचान काजल कुमारी, पुनम देवी, सविता देवी और नीलम देवी के रूप में हुई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में ट्रक और ऑटो में हुई टक्कर में कई लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। सभी मृतक नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलामा गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# हीरो कप में भाग लेने राजगीर पहुंची मलेशिया की राष्ट्रीय हॉकी टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** शनिवार सुबह मलेशिया की राष्ट्रीय हॉकी टीम प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 में हिस्सा लेने के लिए राजगीर पहुंची। पिछली बार जकार्ता में हुए फाइनल में मलेशिया को कोरिया के हाथों 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी। इस बार टीम खिताब जीतने के इरादे से उतरी है। टीम के कप्तान मरहान जलील ने आगमन पर उत्साह जताते हुए कहा कि राजगीर आकर बेहद खुशी हो रही है। हमारी तैयारियां मजबूत रही हैं और हम शानदार टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मेजबान भारत को हराना आसान नहीं होगा, क्योंकि उन्होंने एफआईएच प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों का सामना किया है और उनके पास बेहतरीन अनुभव है। जलील ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को भी खतरनाक प्रतिद्वंद्वी बताया। उन्होंने कहा कि कोरिया बेहद मजबूत टीम है। इस साल हमने उनके खिलाफ खेला है और वे काफी फिट और तेज नजर आ रहे हैं। हमारा पहला लक्ष्य सुपर-4 में जगह बनाना है। टीम के मुख्य कोच सरजीत कुंदन ने गर्मजोशी भरे



स्वागत पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो हम इस शानदार स्वागत के लिए आभारी हैं। हमें खुशी है कि हम समय से पहले यहां पहुंचे और कुछ अभ्यास मैच भी खेल पाएंगे। हमारी टीम युवा है और हमारा मुख्य लक्ष्य 2028 ओलंपिक व अगले साल के एशियाई खेलों की तैयारी करना है। हाल ही में हमने ऑस्ट्रेलिया और कोरिया का दौरा किया और अब सुल्तान अजलान शाह टूनार्मेंट भी खेलना है।

उन्होंने कहा कि यहां हमारा मकसद अच्छा प्रदर्शन करना है। हम इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त टीम हैं और पदक जीतने का इरादा रखते हैं। गौरतलब है कि मलेशिया 29 अगस्त को टूनार्मेंट के उद्घाटन मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। मलेशिया पूल-बी में कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे के साथ है, जबकि पूल-ए में भारत, जापान, चीन और कजाखस्तान शामिल हैं।

## आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों का दौरा 25 से

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आम आदमी पार्टी अब झारखंड में अपनी संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। इसी सिलसिले में झारखंड के प्रभारी शिवचरण गोयल, सह प्रभारी सुशील सिंह व झारखंड कम्युनिकेशन इंचार्ज प्रीतम मिश्रा 24 अगस्त को लातेहार में कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। उक्त जानकारी पार्टी के जोनल पर्वेक्षक कौशल किशोर बचन ने दी। उन्होंने बताया कि युक्त पदाधिकारी 25 अगस्त को पलामू के सर्किट हाउस में सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शामिल होंगे। साथ ही कई लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे। फिलहाल आम आदमी पार्टी झारखंड में अपनी संगठन को मजबूत बनाने के लिए जोनल पर्वेक्षक बनाया है। अलग-अलग जोन में जाकर संगठन को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। बहुत ही जल्द झारखंड में भी आम आदमी पार्टी एक मजबूत पार्टी के रूप में उभरेगी। इसकी शुरूआत राजा मेदनी राय की पावन धरती पलामू की धरती से हो चुकी है।

# युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाज के हरेक जरूरतमंद/वंचित नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ लाभान्वित करना मुख्य उद्देश्य, विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु जिला प्रशासन द्वारा उचित प्रयास किए जा रहे हैं। युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण किया गया। गिरिडीह जिले के वंचित लाभुकों का उत्थान सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले के सुदूर इलाकों में निवासरत ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, इस दिशा में सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र भेलवाघाटी में गिरिडीह पुलिस द्वारा आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरीय अधिकारियों का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। मौके पर उपायुक्त ने समाज के वंचित लोगों के बीच केंद्र और राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के द्वारा लोगों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने उत्क्रमित




मध्य विद्यालय के बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु उनके बीच खेल सामग्री यथा पुस्तक, कैरमबोर्ड, बैट, बॉल, फुटबॉल के अलावा कॉपी, पेन, पेंसिल आदि का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया। इसके अलावा उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग नियमित रूप से सक्रिय समस्या समाधान पर जोर देती है और अधिकारियों को तत्काल, अंतर्निहित जन सुरक्षा समस्याओं के समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। समस्या समाधान को सभी पुलिस कार्यों में शामिल किया जाना चाहिए और निर्णय लेने के प्रयासों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

CMYK

# स्कूलों में रोजाना उपस्थिति की फोटो खींच हो रही मॉनीटरिंग

## पहली तीन घंटियों में गणित, विज्ञान और हिंदी या अंग्रेजी की रीडिंग को मिली प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर रखे हैं। इनका सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, इसे रोजाना परखा भी जा रहा है। सभी स्कूलों में सुबह लगने वाली एसेंबली एवं प्रार्थना का फोटोग्राफ मांगवाया जाता है। किस स्कूल में क्या गतिविधि हो रही है, इसका फोटोयुक्त प्रमाण चुनिंदा स्कूलों से मंगवाया जाता है। स्कूलों का चयन रैंडम तरीके से किया जाता है। इससे किसी स्कूल को यह जानकारी नहीं होती है कि उससे कब फोटो की मांग होगी। किसी स्कूल का नंबर कभी भी आ सकता है। इस कारण सभी स्कूल अलर्ट मुद्रा में रहते हैं और रोजाना पूरी शिद्दत से रूटीन पालन करते हैं। इससे सभी स्कूलों की जमीनी सच्चाई सामने आ जाती है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ के स्तर से स्कूलों की चुस्त मॉनीटरिंग के लिए यह पूरी व्यवस्था विकसित की गई है। स्कूलों में चलने वाली शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों की निगरानी के लिए औचक फोटोग्राफ मंगवाना शुरू किया है। इन फोटो में संबंधित स्थान का आक्षांस एवं देशांश के अलावा समय समेत अन्य सभी जरूरी बातें अंकित होती हैं। इससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी स्कूलों में विभाग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है या नहीं। विभाग ने विगत 20, 21 और 22 अगस्त को राज्य के सभी 38 जिलों के तीन-तीन स्कूलों का रैंडम तरीके से चयन कर इनमें होने वाली गतिविधियों से सम्बंधित तस्वीरें मंगवा कर समुचित समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि इन स्कूलों में विभाग के दिशा-निर्देश के अनुसार गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था। अगर किसी स्कूल में सुबह निर्धारित समय की गतिविधि नहीं दिखती है तो उसका कारण उस विद्यालय के प्रमुख को लिखित में बताना पड़ता है। किसी तरह की लापरवाही सामने आने पर उचित कार्रवाई भी की जाती है। डॉ. एस सिद्धार्थ के इन प्रयासों से सूबे के स्कूलों की पूरी सूरत ही बदल गई है। सरकारी स्कूलों में छात्रों के आने का समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। इसी समय शिक्षक को उपस्थित होकर बच्चों के साथ चेतना सत्र की पूरी अवधि में सक्रिय रहना अनिवार्य है। विद्यालय में पढ़ाई के दौरान शिक्षक और बच्चे दोनों का फोटोग्राफ लेकर सुरक्षित रखा जा रहा है। विभागीय पदाधिकारियों के स्तर से फोटो मांगे जाने पर उसे उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। बता दें कि इसे लेकर शिक्षा विभाग ने इसी वर्ष 4 अगस्त को एक अहम निर्देश जारी किया था जिसका उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में अनुशासन को सुदृढ़ बनाना और शिक्षकों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करना है। यह आदेश शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने जारी किया गया है जिसमें उन्होंने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों, अन्य संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर कई तरह के दिशा-निर्देश दिए हैं। इस पत्र के माध्यम से सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि विद्यालयों में बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति समय पर हो और स्कूल में अनुशासन का माहौल बना रहे। इस अनुशासन के जरिए शिक्षकों पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। डॉ. एस सिद्धार्थ के इस लिखित आदेश के अनुसार स्कूलों में लाउडस्पीकर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। स्कूल शुरू होने से 15 मिनट पहले राष्ट्रगान बजाया जा रहा है। चेतना सत्र शुरू होने से पहले स्कूल का मेन गेट बंद कर दिया जाता है और देर से आने वाले छात्रों को अगले दिन स्कूल में प्रवेश नहीं दिये जाने का नियम बनाया गया है। आधे घंटे के चेतना सत्र में प्रार्थना, बिहार राज्य गीत, राष्ट्रगीत, सामान्य ज्ञान, तर्क ज्ञान, शब्द ज्ञान और प्रेरक कहानियां सुनाने जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

# पटना में 'नमस्ते योजना' पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम

## केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने स्वच्छता कर्मियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से शनिवार को पटना के श्रीकृष्ण स्मारक भवन, गांधी मैदान रोड, कारगिल चौक में राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्य योजना-नमस्ते पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और स्वच्छता कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीवर एवं सेप्टिक टैंक श्रमिकों और कचरा बिनने वालों को पीपीई किट और आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। नगर आयुक्त, पटना को भी सुरक्षा किट प्रदान की गई। खास आकर्षण रहा फैशन शो जिसमें 'नमस्ते योजना' के तहत पीपीई किट्स के महत्व और उनकी उपयोगिता को रंग-बिरंगे परिधानों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। दर्शकों ने इस पहल की खूब सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से 25 पीपीई किट्स सीवर-सेप्टिक टैंक कर्मियों को, 25 पीपीई किट्स कचरा बिनने वालों को तथा 25 आयुष्मान कार्ड श्रमिकों को वितरित किए गए। अब तक देश भर में 89,960 सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है। इनमें से 45,871 को पीपीई किट, 354 को सुरक्षा उपकरण तथा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए गए हैं। पटना में कुल 604 श्रमिकों और बिहार में 3,529 श्रमिकों की प्रोफाइलिंग पूरी की जा चुकी है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज के सबसे मेहनतकश लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का एक संकल्प है। स्वच्छता कार्यकर्ताओं को सुरक्षित, गरिमापूर्ण और स्थायी आजीविका दिलाना ही हमारा उद्देश्य है।

# आइबीएम ने की एंट्रेंस टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आइबीएम ने अपने ग्लोबल एंट्रेंस टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। यह एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, इसके जरिए छात्र भारत भर के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश पा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की आखिरी दिनांक 7 सितंबर 2025 है। ऑनलाइन आवेदन इसके वेबसाइट पर जमा किए जा सकते हैं। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए है जो एमसीए, एमएससी और एमबीए जैसी पोस्टग्रेजुएट डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। ये प्रोग्राम आईबीएम के क्यूटूडी पाठ्यक्रम के साथ जुड़ा होने के कारण खास हैं। इनको शैक्षणिक भागीदार के साथ मिलकर इस तरह से बनाया गया है जिससे उच्च शिक्षा को उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुसार बनाया जा सके। ग्लोबल एंट्रेंस टेस्ट प्रवेश के लिए मेरिट के आधार पर पारदर्शी तरीका उपलब्ध कराता है। इसमें एकेडमिक प्रदर्शन और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने की क्षमता–दोनों का मूल्यांकन होता है। यह अलग-अलग बैकग्राउंड से आने वाले छात्रों को एक जैसे मौके देने के साथ-साथ प्रोफेशनल बनने के लिए होने वाली तैयारी के मानक को ऊंचा उठाने की कोशिश करता है।

# भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की 87 सदस्यीय कमेटी घोषित, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी बने संयोजक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जसवाल एवं संगठन महामंत्री की स्वीकृति के बाद भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश की 87 सदस्यीय कमिटी की घोषणा की गई है। इस कमिटी में प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को संयोजक बनाया गया है। घोषित टीम में सह संयोजक के रूप में भानु प्रकाश राय, संतोष चौहान, वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, अभय सिंह, स्तुति गुप्ता, सुजीत राणा, संतोष पटेल, पवन ठाकुर, शिवपूजन राम, भावना शर्मा, उपेंद्र मंडल सहनी, राजेश पंडित, सुबोध तुरहा सहित अन्य नाम शामिल हैं। महिला संयोजक के रूप में रूपम सिन्हा दांगी को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सह संयोजक प्रीति सिंह, चंपा देवी और रूपा साहा को बनाया गया है। क्षेत्रीय प्रभारी के रूप में दीपक गुप्ता, छोटे लाल पोद्दार, डॉ. चंद्रभूषण चंद्रवंशी, छत्तू गुप्ता, सुनील कुमार, इंदल कुमार, कुलानंद अमत, अनिल कुमार, रमन चंद्रवंशी, मुकेश मंडल, प्रभात मंडल, संजय गुप्ता, सुदर्शन ठाकुर, अमरनाथ शर्मा, श्रवण चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोशल मीडिया (आईटी) संयोजक कुमारी पूजा होंगी और सह संयोजक निखिल भारद्वाज। मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी सुनील महतो को मिली है, सह संयोजक सूरज कुमार होंगे। मुख्यालय प्रभारी के रूप में संजय निषाद और कार्यालय मंत्री के रूप में विजय प्रकाश की नियुक्ति की गई है। प्रवक्ता पैनल में डॉ. गुलाम अख्तर अंसारी, विकास कुमार सैनी, अजीत कुमार पंडित, उमेश सिंह चंद्रवंशी, राकेश चौरसिया, उपेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार शर्मा, संतोष कुमार सिंह, बद्री मंडल, राजकुमार पाल, संजय गुप्ता, मधेश्वर चंद्रवंशी, जलेश्वर सहनी, दिनेश ठाकुर, सुनील कुमार महतो, पप्पू कुमार, जया शर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, नंदन शर्मा सहित कई नाम शामिल हैं। कार्यसमिति सदस्य के तौर पर रामानंद सिंह, नरेंद्र साहू, कमलेश्वर प्रसाद, गोपाल सिंह, अवधविहारी गुप्ता, रंजन राज, देवेंद्र कुमार, नीरा देवी, वीना साह, नीलम देवी, जवाहर चौहान, शंभू कुमार, चंदन मंडल, प्रेम कुमारन, माला चौधरी, संजय कुमार, कन्हाई ठाकुर, दीपक कुमार चंद्रवंशी, उमानाथ, रवि कुमार, चंद्रशेखर चंद्रवंशी, नंद शर्मा, मोहम्मद सेराज, अशोक चौहान, विकी चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, अशोक कुमार राय, दीपक कुमार, राजेश कुमार उर्फ चुनूं सहित अन्य कार्यकताओं को जगह दी गई है। इसके अलावा प्रमंडल स्तर पर भी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं– भानु प्रकाश अमत (पूर्णिया), संतोष चौहान (मोतिहारी), अभय सिंह (शाहाबाद), वीरेंद्र चंद्रवंशी (मगध), स्तुति गुप्ता (पटना), संतोष पटेल (नालंदा), पवन ठाकुर (दरभंगा), सुजीत राणा (मुंगेर), भावना शर्मा (बेगूसराय), उपेंद्र मंडल (पूर्णिया), राजेश पंडित (भागलपुर), और सुबोध तुरहा (मुजफ्फरपुर)।

# लालटेन राज में दुर्दशाग्रस्त था बिहार, चारों तरफ पसरा रहता था अंधेरा : संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि 'लालटेन राज' में दुर्दशाग्रस्त था बिहार, चारों तरफ अंधेरा पसरा रहता था। बड़ी मुश्किल से बिहार उजाले की ओर आया है। यह विकास और विश्वास का उजाला है। श्री सुमन ने कहा कि कल गयाजी की पावन धरती से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को बिजली, रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास और जल आपूर्ति से जुड़ी 13 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उपहार देकर 'विकसित बिहार-विकसित भारत' के संकल्प को साकार किया। संकल्प और सपने जब एक साथ चलते है तो एक नया इतिहास बनता है। आज बिहार इतिहास बनाने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा है कि लालटेन राज में यहां कैसी दुर्दशा थी। लाल आतंक से बिहार कराह रहा था। माओवादियों और अपराधियों की वजह से शाम के बाद आना-जाना मुश्किल था। गयाजी जैसे शहर लालटेन राज में अंधेरे में डूबा रहता था। गांवों में बिजली के खंभे तक नहीं होते थे। लालटेन वालों ने पूरे बिहार के भविष्य को अंधेरे में ढकेल दिया था।

# इकोकार्डियोग्राफी में प्रगति से हृदय रोगियों को मिलेगा अधिक सटीक उपचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना के हार्ट इंस्टीट्यूट द्वारा आज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (जीएमसीएच), पूर्णिया के एकेडमिक ब्लॉक स्थित फिजियोलॉजी लेक्चर हॉल में इकोकार्डियोग्राफी बेसिक्स एंड बियोंड विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यक्रम में जीएमसीएच के छात्रों व चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मेदांता हार्ट इंस्टीट्यूट, पटना से डॉ. अजय कुमार सिन्हा (डायरेक्टर, क्लिनिकल एवं प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी), डॉ. अरविंद कुमार गोयल (डायरेक्टर, कार्डिएक सर्जरी) और डॉ. श्रद्धा रंजन (सीनियर कंसल्टेंट, नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजी) बतौर फैकल्टी शामिल रहे। इकोकार्डियोग्राफी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने कहा इकोकार्डियोग्राफी में हो रहे विकास–विशेषकर स्ट्रेस इमेजिंग और 4डी इको–से हृदय रोगों के निदान व उपचार योजनाएं पहले से अधिक सटीक, सुरक्षित और रोगी-केंद्रित हुई हैं। इन तकनीकों से हम सूक्ष्म बदलावों को बेहतर ढंग से पहचान पाते हैं जिससे मरीज को अधिक उपयुक्त इलाज मिल पाता है। कार्डिएक सर्जरी पर इसके प्रभाव को रेखांकित करते हुए डॉ. अरविंद कुमार गोयल ने कहा उन्नत इकोकार्डियोग्राफी प्री-ऑपरेटिव असेसमेंट से लेकर इंट्रा-ऑपरेटिव टीईई और पोस्ट-ऑपरेटिव मॉनिटरिंग तक, हर चरण में सर्जिकल निर्णय लेने को एविडेंस-बेस्ड और आउटकम-ड्रिवन बनाती है। वॉल्वुलर रोगों, जन्मजात हृदय विकृतियों और जटिल कोरोनरी मामलों में यह तकनीक हमारी प्रेसिजन सर्जरी की क्षमता को कई गुना बढ़ाती है और मरीजों की रिकवरी भी तेज होती है। एक दिवसीय वर्कशॉप सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली।

# राजेश राम ने पूर्व सांसद काली प्रसाद पांडेय के निधन पर जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने गोपालगंज के पूर्व सांसद काली प्रसाद पांडेय के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री राम ने अपने शोक संदेश में कहा कि काली प्रसाद पांडेय गोपालगंज के एक मजबूत एवं लोकप्रिय नेता थे। उन्होंने हमेशा गरीबों, किसानों और वंचित समाज के हक की लड़ाई लड़ी। उनका लंबा राजनीतिक जीवन संघर्ष और सेवा के लिए जाना जाता है। कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और समाजहित में किए गए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण करने की ईश्वर से शक्ति देने की प्रार्थना की है। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय चौधरी एवं बैद्यनाथ शर्मा ने भी काली प्रसाद पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# दिल्ली में पत्रकारों को पेंशन दिलाने के लिए डॉ संजय मयूख से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** बिहार में पत्रकारों को पेंशन दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले बिहार विधान परिषद दल के मुख्य सचेतक व भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी डा संजय मयूख से शनिवार को मान्यता प्राप्त पत्रकार कल्याण समिति दिल्ली का एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर धन्यवाद ज्ञापित कर आग्रह किया कि वह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पत्रकारों को भी पेंशन दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। एमएलसी डा मयूख ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द दिल्ली की मुख्यमंत्री के साथ पत्रकारों की मुलाकात कराकर इस प्रकार की मांग को पूरा करने की हर संभव कोशिश करेंगे। आज की इस मुलाकात काफी ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। मान्यता प्राप्त पत्रकार कल्याण समिति दिल्ली के इस प्रतिनिधि मंडल में यूएनआई-वार्ता के वरिष्ठ पत्रकार मनोहर सिंह, पीटीआई-भाषा के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश तिवारी, मेट्रो मीडिया के आलोक गौर, जनसत्ता के अमलेश राजू, असर न्यूज के रजनीकांत तिवारी, हिंद आत्मा के डा अशोक कौशिक, स्वतंत्र पत्रकार विनोद सिंह तकियावाला, डॉक्टर कमल संदेश के संजीव सिंहा, अशोक वर्थवाल, राष्ट्रीय सहारा के अमित कुमार, ग्रामीण उपभोक्ता के बिनोद आशीष, हिंदुस्तान समाचार के सचिन बुधौलिया, धीरेंद्र कुमार यादव, जनसत्ता की प्रतिभा शुक्ला, स्वतंत्र पत्रकार निवेदिता मदाने सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के संयोजक रवींद्र गुप्ता की ओर डॉ संजय मयूख को शॉल, गुलदस्ता और धार्मिक माला भेंट की गई।

# हीरो एशिया कप राजगीर के लिए पहुंची मलेशिया की टीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** शनिवार सुबह मलेशिया की टीम प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के लिए राजगीर पहुंची। पिछली बार जकार्ता में हुए फाइनल में मलेशिया को कोरिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार कप्तान ने साफ कहा कि टीम जीतने के इरादे से आई है। मरहान जलील ने कहा राजगीर आकर बेहद उत्साहित हूं। हमारी तैयारियां अच्छी रही हैं और हम एक शानदार टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं। मेजबान भारत को हराना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्होंने प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों के साथ खेला है और उनके पास बेहतरीन अनुभव और अंतरराष्ट्रीय हॉकी का एक्सपोजर है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा चैंपियन कोरिया भी इस टूर्नामेंट में देखने योग्य टीम होगी। कोरिया भी मजबूत टीम है। इस साल हम उनके खिलाफ खेल चुके हैं और वे बेहद फिट और तेज नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर हमारी कोशिश पहले सुपर 4 में पहुंचने की होगी, जलील ने जोड़ा।

टीम के मुख्य कोच सरजीत कुंदन ने गर्मजोशी भरे स्वागत पर खुशी जताते हुए कहा सबसे पहले तो हम इस शानदार स्वागत के लिए आभारी हैं। हमें खुशी है कि हम समय से पहले यहां पहुंचे और कुछ वॉर्म-अप मैच भी खेल पाएंगे।

# प्रो. (डॉ.) बी. के. एस. संजय का एम्स, गुवाहाटी ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गुवाहाटी।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी में एक प्रेरणादायक संवाद सत्र का आयोजन हुआ जिसमें संस्थान के नव नियुक्त अध्यक्ष, पद्मश्री प्रो. (डॉ.) बी.के.एस. संजय ने शिरकत की। डॉ. संजय एक अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अस्थि रोग विशेषज्ञ हैं जिन्हें सर्जन, शिक्षाविद, लेखक एवं समाजसेवी के रूप में व्यापक प्रतिष्ठा प्राप्त है। डॉ. संजय ने अपनी बुनियादी ऑर्थोपीडिक शिक्षा कानपुर, पीजीआई चंडीगढ़ और सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्थोपीडिक्स, नई दिल्ली से प्राप्त की। उन्होंने स्वीडन, स्विट्जरलैंड, जापान, अमेरिका और रूस से ऑर्थोपीडिक्स की विभिन्न उप-विशेषज्ञताओं में उन्नत प्रशिक्षण और फैलोशिप भी प्राप्त की हैं। अपने 45 वर्षों के दीर्घ चिकित्सा करियर में उन्होंने भारत और विदेशों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अशोक पुराणिक ने डॉ. संजय का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके इस उत्तरदायित्व को स्वीकार करने हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉ. संजय का अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व एम्स गुवाहाटी को स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में सशक्त करेगा। संकाय एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ. संजय ने भारत सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा। उन्होंने संस्थान के समग्र विकास हेतु अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने कहा कि एम्स गुवाहाटी को नैदानिक सेवाओं, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्व का एक उत्कृष्ट केंद्र बनाना चाहिए। पद्म श्री डॉ. संजय ने नवाचार, नैदानिक अनुसंधान तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। ताकि पूर्वोत्तर भारत की विशेष स्वास्थ्य चुनौतियों का प्रभावी समाधान किया जा सके। उन्होंने कैंसर, हृदय रोग, नशा मुक्ति तथा दिव्यांगता को प्रमुख क्षेत्रीय स्वास्थ्य समस्याओं को बताते हुए कहा कि इनके लिए उन्नत उपचार, अनुसंधान और जन-जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने आयुष्मान भारत, जन औषधि केंद्र, अमृत औषधि केंद्र, टीकाकरण क्लीनिक (जिसमें पीले बुखार का टीकाकरण शामिल है) और दिव्यांगजनों के लिए पुनर्वास सेवाओं जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को और सशक्त बनाने की आवश्यकता जताई, जिससे एम्स गुवाहाटी को सस्ती, समावेशी एवं क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा का प्रमुख केंद्र बनाया जा सके।

# आज पटना में आयोजित होगा शाकद्वीपीय परिवार का 'भात पर गोतिया' कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शाकद्वीपीय ब्राह्मण परिवार की ओर से पटना में आयोजित होने वाले भात पर गोतिया कार्यक्रम को लेकर फ्रेजर रोड स्थित मारवाड़ी आवास में प्रेस वार्ता किया गया। आज पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, सरदार पटेल मार्ग में आयोजित भात पर गोतिया कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम संयोजक प्रकाश मिश्रा ने बताया कि रविवार के इस कार्यक्रम में बिहार के सभी जिलों के साथ-साथ देश के अनेकों राज्य से हजारों शाकद्वीपीय ब्राह्मण इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# भादो बदी अमावस्या पर मां राणी सती के जयकारों से गूंजता रहा शक्तिधाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** 'थे ही म्हारी कुलदेवी थारो आधार है, मैया आकर सम्भालो थारो परिवार है'। इन पंक्तियों से जब बैंक रोड स्थित शक्तिधाम गूंजा तो पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। श्री दादीजी सेवा समिति की ओर से आयोजित भादो बदी अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन का आरंभ सुबह की पहली किरणों संग हुआ। प्रातः छह बजे से विशेष मंगल आरती का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजी, हाथों में थाल सजाए आरती गा रही थीं ऊं जय श्री राणी सती जी मैया, जय श्री जगदम्ब सती जी अपने भक्तगणों की दूर करे विपति। इस मौके पर दादीजी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुगंधित फूलों, रोली, मेहंदी, चावल, चुनरी से पूरा परिसर सुसज्जित था। मंगल आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद दादीजी को अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। दादीजी सेवा न्यास के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं और पुरुष कतारबद्ध होकर दादीजी की आरती कर रहे थे। भक्तों ने स्वास्तिक बनाकर पूजा की और अपने मनोकामना स्वरूप श्रृंगार सामग्री अर्पित की। शाम छह बजे से शक्तिधाम महिला मंडल की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। जैसे ही मंडली की आवाज गूंजी मेहंदी रची थारै हाथां में, घुल रहयो काजल आंख्यां में तो पूरा परिसर श्रद्धा और भक्ति से भर गया।

# रवीन्द्रनाथ टैगोर की चर्चित रचना पर आधारित बिनोदिनी का मंचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रवीन्द्र परिषद्,पटना के आयोजन में कला जागरण के कलाकारों ने रवीन्द्रनाथ टैगोर की चर्चित रचना चोखेर बाली की केन्द्रीय पात्र पर आधारित नाटक बिनोदनी की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति रवीन्द्र भवन में की बिनोदिनी का नाट्य आलेख विवेक कुमार ने तैयार किया जबकि इसे परिकल्पित और निर्देशित बिहार के वरिष्ठ नाट्य निर्देशक सुमन कुमार ने किया। नाटक में मंच पर प्रीति कुमारी, कुमार सौरभ, विवेक कुमार, महिमा और प्रिंस राज ने काफी सशक्त अभिनय कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बिनोदिनी के विवाह का प्रस्ताव पहले कुलीन परिवार के महेंद्र के पास जाता है जिसे महेंद्र द्वारा अस्वीकृत कर दिया जाता है। महेंद्र अपने मित्र बिहारी को बिनोदिनी से विवाह करने के लिए कहता है, लेकिन बिहारी भी मना कर देता है। महेंद्र का विवाह आशालता से होता है। विवाह से अस्वीकृति बिनोदिनी के मन को आहत करती है। महेंद्र की मां राजलक्ष्मी बिनोदिनी को बहू के रूप में देखना चाहती थी, लेकिन बिनोदिनी का विवाह कहीं और होता है। दुर्भाग्यवश पति की असामयिक मृत्यु से बिनोदिनी विधवा हो जाती है। राजलक्ष्मी की प्रिय होने के नाते वह राजलक्ष्मी के घर आती है जहां वह महेंद्र और बिहारी से समानांतर रूप से अंतरंग संबंध स्थापित करती है।

# अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से जो अद्वैत दृष्टि दी, वही संस्कृत सम्भाषण का मर्म है -सबको जोड़ना, सबको एक सूत्र में पिरोना। शुद्ध उच्चारण के लिए संस्कृत का ज्ञान अत्यावश्यक है। संस्कृत बोलना अति सरल है-ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से भगवान श्रीकृष्ण स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय अन्तजार्लीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कही। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉ अनिल कुमार सिंह (पूर्व सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रधान संरक्षक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान) ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं अपितु भारत की आत्मा है। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा मुख्य वक्ता के रुप में, मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी (पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन), विशिष्ट अतिथि के रूप में डा अनिल कुमार चौबे, डा अवन्तिका कुमारी, डॉ मधु कुमारी, डॉ मधु कुमारी ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश आज भी जीवन में प्रासंगिक है। संस्कृत भाषा ही उनके संदेश को विश्व तक पहुंचाने का माध्यम है।

## संपादकीय

# भारत के मजबूत बाजार से डोनाल्ड ट्रंप परेशान

भारत पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका कुछ समय से पाबंदियां लगा रहा है। इसके पक्ष में वह जिस तरह के तर्क गढ़ता है, उसका कोई ठोस आधार नहीं। अब अमेरिका का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने के लिए भारत पर शुल्क लगाया गया है। दरअसल, हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर पच्चीस फीसद शुल्क लगा दिया था। उसके बाद उन्होंने रूस से तेल खरीदने पर पच्चीस फीसद अतिरिक्त शुल्क लगाने का एलान कर दिया। सवाल है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की कोई उपस्थिति न होते हुए भी उस पर नाहक दबाव क्यों बनाया जा रहा है? कायदे से इस युद्ध को खत्म कराने के लिए अमेरिका को भारत की बजाय रूस और यूक्रेन के बीच सीधी मध्यस्थता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसमें दोराय नहीं कि भारत विश्व की एक बड़ी अर्थव्यवस्था है और वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगा। बुधवार को रूसी मिशन के उपप्रमुख रोमन बाबुश्किन ने भी कहा कि कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर किसी तरह का दबाव बनाना पूरी तरह अनुचित है।दरअसल, भारत पर लगातार दबाव बनाने और शुल्क थोपने के पीछे अमेरिका की अपनी रणनीति है। वह चाहता है कि भारत अपना कृषि और डेयरी बाजार उसके लिए खोले। इसीलिए वह कच्चे तेल की खरीद से लेकर रूस से रक्षा और ऊर्जा संबंधों को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति पर दबाव बनाना समझ में आता है, मगर इसकी आड़ में भारत पर शुल्क लगाने का क्या औचित्य है? भारत ने इस समय संतुलित रुख अपनाया है और राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखा है।हालांकि, क्रेडिट रेटिंग एजंसी 'क्रिसिल' का अनुमान है कि अमेरिकी शुल्क का कपड़ा, आभूषण और रसायन क्षेत्र से जुड़े सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम पर असर पड़ सकता है। मगर, भारत ने अब अपने घरेलू बाजार को मजबूत करना शुरू कर दिया है और साथ ही अन्य विदेशी बाजारों की तलाश भी जा रही है। उम्मीद है कि ये प्रयास अमेरिकी शुल्क की चुनौती से पार पाने में कारगर साबित होंगे।

**अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं।**

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

(ललित गर्ग)

वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा।

अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं।

भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने।

वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह



विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है।

समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक-दूसरे को समझ सके। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और बड़ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी। 2050 तक दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की होगी। वृद्धजन समाज और परिवार को ज्ञान, परंपरा और स्वयंसेवा से समृद्ध करेंगे, लेकिन साथ ही उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं, अकेलेपन और सामाजिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का भी सामना करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम आज से ही एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें उम्र सम्मान और गरिमा की पहचान बने, न कि उपेक्षा की।

प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे ग्रह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है।' फिर वृद्धजन क्यों स्वयं को इतना खाली, एकांकी एवं उदासीन बनाये हुए हैं? वृद्धावस्था में खालीपन एक बड़ी समस्या है। कहावत भी है कि खालीपन सजा भी है और मजा भी है। यह वृद्धावस्था को प्राप्त लोगों पर ही निर्भर है कि वे खालीपन में मजा ले रहे हैं, आनन्द ले रहे हैं या उसे सजा बना रहे हैं। धर्म की जड़ पाताल में और पाप की जड़ अस्पताल में, यह साक्षात् अनुभव करते हुए वृद्धजन अपने वृद्धावस्था को उपयोगी बनाये।

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब हम वृद्धों की देखभाल करने के दायित्व का निर्वाह ईमानदारी से करें, जिन्होंने कभी हमारी देखभाल की थी, सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। उम्र दरअसल उन वर्षों की गिनती है जिनमें दुनिया ने हमारे साथ यात्रा की है। बुजुर्ग जीवित पुस्तकालय हैं, जिनमें ज्ञान की अनगिनत दुनिया छिपी है। उनका सम्मान करना अपने भविष्य का सम्मान करना है, और यही शक्ति, अनुग्रह और विरासत को सहेजने का मार्ग है। यह दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम बुजुर्गों को केवल जीने के लिए ही नहीं, बल्कि सम्मान और उत्साह के साथ जीने का अधिकार देंगे। हमें अतीत का सम्मान करना है, वर्तमान को संजोना है और सभी उम्र के लोगों के लिए एक समावेशी भविष्य की आशा करनी है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है।

# सेहतमंद भारत की मंजिल पर पहुंचने के पांच रास्ते

(चंद्रकांत लहारिया)

आजादी के बाद से भारत ने स्वास्थ्य-सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। सन् 1947 में हमारी राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा 32 वर्ष थी, जो बढ़कर आज 70 वर्ष के आस-पास हो चुकी है। शिशु मृत्यु-दर समेत सभी आयु-वर्गों में मृत्यु दर में कमी आई है। लोग लंबा और स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। फिर भी, हम नई-पुरानी उपलब्धियों पर गर्वित होकर बैठ नहीं सकते। वैसे भी, पुरानी चुनौतियां खत्म हो जाती हैं, तो नई सामने आती हैं और हमें उनके लिए तैयार रहना पड़ता है।

वर्तमान में हमारे पास युवाओं की संख्या सर्वाधिक है, मगर आने वाले वर्षों में बुजुर्गों की तादाद काफी बढ़ने वाली है। जाहिर है, तब स्वास्थ्य क्षेत्र की जरूरतें अलग किस्म की होंगी। इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य संबंधी कई विषमताएं हैं। ये विषमताएं राज्यों के भीतर हैं, राज्यों के बीच में भी हैं और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों में भी हैं। इनमें से कुछ चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 में उपाय किए गए हैं, पर भविष्य की बेहतर स्वास्थ्य-सेवाओं के लिए पांच क्षेत्रों में ठोस और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है-

सबसे पहले, देश में बढ़ते गैर-संचारी रोगों को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को नए सिरे से संगठित करने और इन केंद्रों को बुजुर्गों की सुविधा के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। सन् 1950 के दशक से इस सदी के शुरुआती दौर तक, भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संक्रामक रोगों और मां-बच्चे की स्वास्थ्य जरूरतों के अनुरूप चल रही थी। अब, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापा जैसी गैर-संचारी बीमारियां आम हो गई हैं। इसलिए भारत में गैर-संचारी, संक्रामक और मातृ-शिशु संबंधी बीमारियों की तिगुनी जरूरत को पूरा करने के लिए इन केंद्रों को तैयार किया जाना चाहिए। 2017 में 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी फॉर इंडिया' में पाया गया कि देश में 60 प्रतिशत से अधिक मौतें गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के कारण होती हैं। इसलिए, ग्रामीण, शहरी और आदिवासी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यक्षमता को मजबूत किया जाना चाहिए। इसके लिए इलाज को सस्ता बनाना होगा।

दूसरा क्षेत्र, एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करके अत्याधुनिक संक्रामक रोग निगरानी और उपचार एवं डाटा विश्लेषण प्रणाली तैयार करना है। स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए बढ़े बजट से इसे पूरा किया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में कोरोना, डेंगू, चिकनगुनिया और मौसमी सर्दी-जुकाम के नियमित प्रकोपों के अनुभव से महसूस किया गया है कि एक तत्पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की सख्त जरूरत है। इसके लिए मेडिकल कॉलेजों या जिला अस्पतालों को प्रहरी केंद्र के रूप में जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

तीसरा क्षेत्र शिशु विकास और स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर केंद्रित होना चाहिए, क्योंकि अभी के बच्चे ही आगे युवा कार्यबल बनेंगे। चौथी बात, देखभाल के सभी स्तरों पर मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करना चाहिए। भारत में अवसाद, चिंता, मादक द्रव्यों के सेवन और आत्महत्या जैसे मामलों की सर्वाधिक उपेक्षा की जाती है। अवसाद हर पांच में से एक गर्भवती महिला को प्रभावित करता है और हर साल लगभग 50 लाख महिलाएं इसकी शिकार बनती हैं। बुजुर्गों का मानसिक स्वास्थ्य भी अहम मुद्दा है।

आखिर में, हमें एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य दृष्टिकोण बनाने की जरूरत है। कुत्तों के काटने, मौसमी, मच्छर जनित और गर्मी से होने वाली बीमारियों में वृद्धि याद दिलाती है कि हमें समग्र रूप से सोचने की जरूरत है। भारत में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, अस्वच्छता और शहरी भीड़ लोगों में श्वास संबंधी, पेट संबंधी और अन्य रोगों के प्रमुख वाहक हैं। शहरों में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, पुराने डीजल वाहनों को हटाना, औद्योगिक उत्सर्जन मानकों को लागू करना और हरित बफर जोन बनाना जरूरी है।

'स्वस्थ भारत-2047' कोई आकांक्षा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के लिए आवश्यक है। उपरोक्त पांच रणनीतिक और परस्पर जुड़े क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके अगले दो दशकों में समन्वित, सुवित्तपोषित और समुदाय-आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करके, भारत अपने नागरिकों के स्वास्थ्य में बदलाव ला सकता है।(लेखक वरिष्ठ चिकित्सक और नीति विशेषज्ञ)(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# माखनलालजी का समाचारपत्र 'कर्मवीर' बना अनूठा शिलालेख

**स्मारक, भवन, परिसर इत्यादि के भूमिपूजन या उद्घाटन प्रसंग पर पत्थर लगाने (शिलालेख) की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। यह इस बात का दस्तावेज होता है कि वास्तु का भूमिपूजन/ उद्घाटन / लोकार्पण कब और किसके द्वारा सम्पन्न किया गया। ये शिलालेख एक प्रकार से इतिहास और महत्वपूर्ण घटनाओं के विवरण को समझने में सहायता करते हैं। इन शिलालेखों का एक तयशुदा प्रारूप है, हम सबने देखे ही हैं। किंतु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के नवीन परिसर में स्वतंत्रतासेनानी एवं प्रखर संपादक पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा अनावरण के प्रसंग पर लगाया गया शिलालेख अनूठा है और अपने आप में अद्भुत है। मुझे विश्वास है कि ऐसा शिलालेख आपने पहले नहीं देखा होगा।**

(लोकेन्द्र सिंह राजपूत )

प्रतिमा दादा माखनलाल चतुर्वेदी की है, इसलिए उनके ही समाचारपत्र 'कर्मवीर' को शिलालेख बनाया गया है। हम सब जानते हैं कि माखनलालजी और कर्मवीर एक-दूसरे के पर्याय हैं। इस शिलालेख पर क्रांतिकारी समाचार पत्र 'कर्मवीर' का पंजीयन क्रमांक-एन.338 भी अंकित है।

स्मारक, भवन, परिसर इत्यादि के भूमिपूजन या उद्घाटन प्रसंग पर पत्थर लगाने (शिलालेख) की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। यह इस बात का दस्तावेज होता है कि वास्तु का भूमिपूजन/ उद्घाटन / लोकार्पण कब और किसके द्वारा सम्पन्न किया गया। ये शिलालेख एक प्रकार से इतिहास और महत्वपूर्ण घटनाओं के विवरण को समझने में सहायता करते हैं। इन शिलालेखों का एक तयशुदा प्रारूप है, हम सबने देखे ही हैं। किंतु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के नवीन परिसर में स्वतंत्रतासेनानी एवं प्रखर संपादक पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा अनावरण के प्रसंग पर लगाया गया शिलालेख अनूठा है और अपने आप में अद्भुत है। मुझे विश्वास है कि ऐसा शिलालेख आपने पहले नहीं देखा होगा। माखनलालजी की प्रतिमा के 'पेडस्टल' पर आपको समाचारपत्र का प्रथम पृष्ठ चस्पा दिखायी देगा। दरअसल, समाचारपत्र का यह 'फ्रंट पेज' ही दादा माखनलाल चतुर्वेदी की इस प्रतिमा का 'शिलालेख' है। यह रचनात्मक और अभिनव शिलालेख अपने सृजनात्मक लेखन के लिए पहचाने जानेवाले विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी की सुंदर कल्पना है। अगर आप माखनलालजी की प्रतिमा के समीप आ रहे हैं, तो यह शिलालेख आपको विश्वविद्यालय की 35 वर्ष की यात्रा, उसकी उपलब्धियों और भविष्य के स्वप्नों से भेंट करा देगा।

प्रतिमा दादा माखनलाल चतुर्वेदी की है, इसलिए उनके ही समाचारपत्र 'कर्मवीर' को शिलालेख बनाया गया है। हम सब जानते हैं कि माखनलालजी और कर्मवीर एक-दूसरे के पर्याय हैं। इस शिलालेख पर क्रांतिकारी समाचार पत्र 'कर्मवीर' का पंजीयन क्रमांक- एन.338 भी अंकित है। दादा माखनलाल चतुर्वेदी जब कर्मवीर के प्रकाशन के




लिए अनुमति पत्र प्राप्त करने ब्रिटिश शासन के अधिकारी के पास गए थे, उसका रोचक किस्सा है। उस किस्से को आप पढ़िए। वह किस्सा बताता है कि दादा माखनलाल चतुर्वेदी और कर्मवीर की पत्रकारिता के तेवर क्या रहे होंगे। इस शिलालेख पर वह सब विवरण बहुत ही रोचक अंदाज में दर्ज है, जो सामान्य शिलालेखों पर दर्ज रहता है। प्रतिमा का अनावरण कब हुआ? इस प्रश्न का उत्तर आपको समाचारपत्र की 'फोलिया लाइन' में मिलेगा, जिसमें अंकित है- बिशनखेड़ी, भोपाल 7 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी सम्वत 2082 7 बुधवार, 20 अगस्त, 2025।

आठ कॉलम में फैली 'टॉप बॉक्स न्यूज' में आपको पता चलेगा कि प्रतिमा का अनावरण विश्वविद्यालय की महापरिषद के माननीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास और कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी के द्वारा किया गया। इनके अतिरिक्त स्थानीय विधायक श्री भगवानदास सबनानी, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े, इंदौर लिटरेचर फेस्टीवल के सूत्रधार श्री प्रवीण शर्मा, शब्दवेत्ता श्री अजीत वडनेरकर, वानिकी विशेषज्ञ डॉ. सुदेश वाघमारे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह लीड न्यूज स्वयं कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी ने ही लिखी है।

शिलालेख पर प्रतिमा की विशेषताएं भी दर्ज है। जैसे- बहुधातु से निर्मित दादा माखनलाल चतुर्वेदी की यह प्रतिमा 12 फीट ऊंची और 11 सौ किलोग्राम वजनी है।इतना ही नहीं, यह शिलालेख विश्वविद्यालय की 35 वर्ष की गौरवशाली परंपरा से भी परिचय कराता है। साथ ही, पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के उस 'विचार बीज' का स्मरण भी कराता है, जो विश्वविद्यालय की नींव में है। दक्ष पत्रकारों के निर्माण के लिए एक विद्यापीठ की मूल कल्पना माखनलालजी ने ही की थी, जो 1990 में जाकर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रूप में साकार हुई। भोपाल में त्रिलंगा स्थित छोटे-से भवन से शुरू हुई यह यात्रा महाराण प्रताप नगर में स्थित विकास भवन से होकर दो वर्ष पूर्व ही बिशनखेड़ी स्थित 50 एकड़ के परिसर में पहुँच गई है। यह शिलालेख बताता है कि विश्वविद्यालय से दीक्षित होकर निकले विद्यार्थी देश के प्रत्येक मीडिया संस्थान में चमक रहे हैं। पत्रकारिता विभाग से शुरू हुए विश्वविद्यालय में आज 10 शैक्षणिक विभाग हैं। प्रत्येक विभाग की यात्रा और उनके मील के पत्थरों की कहानी भी यह शिलालेख कहता है।

एक और विशेष बात है कि जिस 'पेडस्टल' दादा माखनलाल चतुर्वेदी सुशोभित हैं, उसके चारों और महान विचारों को स्थान दिया गया है। एक वक्तव्य- 'जन्मभूमि का सम्मान', महात्मा गांधीजी का है, जिसमें वह बता रहे हैं कि माखनलालजी के जन्मस्थान 'बाबई' (अब माखननगर) क्यों जा रहे हैं? गांधीजी कहते हैं कि जिस भूमि ने माखनलालजी को जन्म दिया, उसी भूमि को मैं सम्मान देना चाहता हूँ। दूसरा वक्तव्य- एक कविता 'जियो सदा माई के लाल' के रूप में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का है। यह कविता उन्होंने माखनलालजी के जन्मदिन के प्रसंग पर लिखी थीं। तीसरा वक्तव्य- 'लिखना माखनलालजी से सीखा' फिराक गोरखपुरी का है, जिसमें वह कह रहे हैं- उनके लेखों को पढ़ते समय ऐसा मालूम होता था कि आदि-शक्ति शब्दों के रूप में अवतरित हो रही है या गंगा स्वर्ग से उतर रही है।

# नदियों में संभावित जलस्तर वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को किया सतर्क

## नदी के समीप नहीं जाने की लोगों से की गई अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल से प्राप्त सूचना के अनुसार दरधा, मोरहर, बलदइया, यमुना, फल्गु एवं अन्य नदियों के कैचमेन्ट क्षेत्र में झारखंड परिक्षेत्राधीन 22 अगस्त से 24 अगस्त तक लगातार वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार वर्षा का क्रम निरंतर जारी रहने से जहानाबाद जिले की नदियों में जलश्राव अत्यधिक बढ़ सकता है, तथा इनसे जुड़े नहरों एवं पईनों में भी जलप्रवाह अत्यधिक होने की संभावना है। इस स्थिति के मद्देनजर सिंचाई प्रमण्डल, जहानाबाद के अन्तर्गत आने वाले बियर एवं बराज के गेट्स तथा फाटकों को खोल दिया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील किया है कि नदी, नहर, तालाब आदि के समीप अनावश्यक रूप से न जाएं साथ ही बच्चों एवं पशुओं को भी जलस्त्रोतों के पास न जाने दें। किसी भी परिस्थिति में नदियों के शुरुआती पानी की अवस्था को देखते हुए नहाने या तैरने नहीं जाएं क्योंकि पानी के ऊपर से बढ़ने के दौरान जलस्तर में लगातार वृद्धि होते रहती है। जल स्तर में अप्रत्याशित वृद्धि की स्थिति में तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित हो जाएं। जिले प्रशासन ने जिले वासियों से यह भी अपील किया है कि किसी भी आपात स्थिति में अपने नजदीकी अंचल कार्यालय, थानाध्यक्ष, अथवा पाली प्रभारी, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, जहानाबाद के मोबाइल संख्या 9431805088 या 06114-295071 । 295072 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अनुमंडल स्तर पर वरीय पदाधिकारीगण राहत कार्यों की तैयारियों का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

## फल्गु नदी ने फिर मचाया कहर, कई गांव जलमग्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में फल्गु नदी का जलस्तर एक बार फिर से खतरे का संकेत देने लगा है। शुक्रवार की देर रात लगभग 2 बजे घोसी प्रखंड के कई गांवों में अचानक नदी का पानी घुस आया। सुबह होते-होते जल प्रवाह की रफ्तार काफी तेज हो गई, जिससे कई गांवों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भारथू, मेटरा, नंदना, झुनकी, बंधुगंज समेत दर्जनों के ग्रामीणों ने बताया कि देर रात जब पूरा गांव गहरी नींद में सो रहा था, तभी करीब 3 बजे के आसपास पानी घरों में घुसने लगा। लोग घबराकर उठे और सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित स्थानों की ओर निकलने लगे। कई घरों में पानी भर गया और खेत-खलिहान जलमग्न हो गए।गौरतलब हो कि अभी पिछले माह माह भी फल्गु नदी के तटबंध टूटने से घोसी प्रखंड के कई गांव जलमग्न हो गए थे। उस दौरान किसानों की फसलें बर्बाद हो गई थीं। लोग उस संकट से उबर भी नहीं पाए थे कि एक बार फिर नदी का जलस्तर बढ़ने से गांव जलमग्न हो गए।हालांकि, जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर लोगों से सतर्क रहने और ऊँचे स्थानों पर जाने की अपील की है। फिलहाल, प्रशासन की सक्रियता से किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है और ग्रामीण सुरक्षित बताए जा रहे हैं। कहीं से बड़े स्तर पर नुकसान या जानमाल की क्षति की सूचना अभी तक नहीं मिली है। हालाकि फल्गु का रौद्र रूप देखते हुए ग्रामीणों को रतजगा करने पर विवश कर दिया है। कई स्थानों पर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में भी पानी घूंस गया है जिससे इन शिक्षण संस्थानों पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हुई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के चारा की समस्या की बात भी सामने आ रही है।

## संक्षिप्त

### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार की दोपहर पटना- गया रेलखंड पर मिराबिगहा हॉल्ट के समीप ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पटना-गया रेलखंड के मीराबिगहा हॉल्ट के समीप ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी खबर स्थानीय लोगों के द्वारा टेहटा थाने को दिया गया। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची मखदुमपुर थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव की पहचान अब तक नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि मृतक हाफ पैंट और सैंडो गंजी में था और उसके बाएं पैर का एक अंगूठा पहले से कटा हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक के पॉकेट से कोई पहचान पत्र नहीं मिलने के कारण अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की पहचान करने में जुट गई है।

### बाबा गणिनाथ पूजनोत्सव धूमधाम से संपन्न

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय बाजार स्थित शनिवार को माता संतोषी मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य समाज की ओर से 33 वां बाबा गणिनाथ पूजनोत्सव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड पार्षद स्मिता गुप्ता के द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। संस्था के सचिव गुड्डू कुमार ने बताया कि संत शिरोमणि श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ भगवान शिव के वंशज हैं। मुख्य पुजारी सोनू कुमार, ज्योति देवी द्वारा बाबा गणिनाथ जी की तस्वीर पर फूल, माला, भाग, धतूरा सहित अन्य पूजन सामग्री से पूजा की गई। वहीं बिक्रम नगर पंचायत के अध्यक्ष मनिता देवी के द्वारा मैट्रिक एवं इंटर में अव्वल आए हुए छात्र एवं छात्राओं को स्कूल बैग कीट वितरण किया गया। जन्मोत्सव के मौके पर रेणु देवी, शोभा देवी, कोमल देवी सहित अन्य महिलाओं ने भजन गायन किया। मौके पर वार्ड पार्षद रेणु देवी, अभिजीत कुमार, चंदन कुमार, मदन दास, मिथलेश कुमार, जितेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, अमर गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, आलोक, पप्पू, डॉ प्रभात गुप्ता, मोहन, राहुल सहित कई लोग शामिल थे।

### एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर बाजार के धरहरा स्थित मंडप मैरेज हॉल में एनडीए की तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह ने की, जबकि संचालन भाजपा के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। बैठक में 30 अगस्त को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, जयबद्धन यादव, श्वेता विश्वास, दिव्या गुंजन, नंदकिशोर कुशवाहा, लोजपा जिला अध्यक्ष चंदन यादव, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार, विधानसभा प्रभारी निकेश कुमार, विधानसभा संयोजक नारायण कुमार, नरेंद्र चंद्रवंशी, मोहम्मद साहिद, विनोद कुमार, पवन तिवारी, मिथलेश कुमार, यशवंत कुमार, दीपक कुशवाहा, प्रतीक कुशवाहा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष राधवेंद्र साही, उत्तम कुमार, इंद्रजीत सिंधु, लवकुश कुमार, अभिमन्यु कुशवाहा, सूर्यदेव सिंह, हेमंत सिंह, राजीव रंजन, संदीप गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### नागरिकों ने लिया प्रशिक्षण

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यप्रणाली से परिचित कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशन में जिलेभर में निरंतर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जहानाबाद जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मोबाइल प्रदर्शन वाहन के माध्यम से काको, जहानाबाद सदर एवं मखदुमपुर प्रखंड के कई पंचायतों में ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और मशीनों के संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मशीनों का प्रयोग कर उसकी प्रक्रिया को समझा तथा आश्वासन दिया कि वे आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन में स्वयं मतदान करेंगे और अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें, ताकि मतदान प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति न रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से मतदाताओं में चुनाव संबंधी जागरूकता बढ़ेगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

### मारपीट की घटनाओं में कई घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड में अलग-अलग जगहों पर हुई मारपीट की घटना में कई लोग घायल हो गए हैं। प्रखंड के छरियारी गांव में हुई मारपीट की घटना में संजोगा देवी एवं तेतरी देवी घायल हो गई। वहीं चामू विगहा गांव में हुई मारपीट की घटना में सुनीता कुमारी घायल हो गई। प्रखंड के जनकपुर गांव में हुए मारपीट की घटना में राजेंद्र यादव घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में कराया गया। बता दें कि मखदुमपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में अलग-अलग घटनाओं में मारपीट में कई लोग घायल हो गए थे। जिसमें सभी घायलों का रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में इलाज कराया गया।

### जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जदयू की ओर से विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर शनिवार को गोलापर पर जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार ने की. बैठक में जदयू के पूर्व राज्य परिषद के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश सिंह, जैनेंद्र कुमार उर्फ मंटू सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं का सम्मेलन की तैयारी को लेकर समीक्षा किया गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर एनडीए सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दिलाने है।

## सुरक्षित शनिवार को सभी सरकारी स्कूलों में नाव दुर्घटना और डूबने से बचाव की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार को मसौढी के सभी सरकारी स्कूलों में नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गयी। कई स्कूलों में मॉक ड्रील भी कर के बताया गया, वही कक्षा मे ब्लैक बोर्ड पर नदी नाव बनाकर शिक्षकों ने कहा कि नाव दुर्घटना अक्सर क्षमता से अधिक लोगों के चढ़ने से हो जाता है। नाव की यात्रा के दौरान सफ़ेद पट्टी के नाव पर यात्रा करने, क्षमता से अधिक लोगों को सवार नहीं करने, नशापान करने वाले नाविक के नाव पर नहीं चढ़ने, माल मवेशी को साथ लेकर नाव की सवारी नहीं करने आदि की सलाह दी गयी। साथ ही, नाव पर चढ़ने व उतरने में भी हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। नाविक को भी इसका ध्यान रखना चाहिए। ऐसे पानी में डूबने से होने वाले खतरे तथा उससे बचाव के लिए सावधानियां बरतने पर बच्चों को जानकारी दी गयी। अगर पानी में कोई डूब गया है तो डूबते हुए व्यक्ति के बचाव के लिए धोती, साड़ी, रस्सी, बांस तथा आस पास उपलब्ध संसाधनों से उसे बचाया जा सकता है। साथ ही इस व्यक्ति का प्राथमिक उपचार से सांस देना, पेट, छाती पर थोड़ा दबाव मुंह से पानी निकलने का प्रयास करना चाहिए। बाढ़ के दौरान, व्रत त्यौहार, मेला आदि के समय नदी, नहर, तालाबों में आने-जाने के दौरान डूबने एवं नाव दुर्घटना की घटनाएं बहुत ज्यादा होती है।

## इमरजेंसी सेवा चालू कराने को लेकर धरना जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन के बिरजू बीघा में बने पुनपुन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी सेवा चालू कराने की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरना पर स्थानीय लोग बैठ गए हैं और शनिवार को दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। धरना पर बैठे आक्रोशित लोगों ने कहा है उन सबों की मांग है कि करोड़ों की लागत से बने हुए इस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी तक जो सुविधा मिलनी चाहिए थी नहीं मिल पा रही हैं। आपको बता दे कि बीते वर्ष को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के वर्चुअल माध्यम से बिहार के कई अस्पतालों का शुभारंभ किया गया था, जिसमें एक पुनपुन के बिरजू बीघा स्थित बने हुए पुनपुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी बना था। पूरे तामझाम के साथ हुए उद्घाटन के बाद महज ओपीडी के सहारे यह अस्पताल चल रहा है, लेकिन इस ओपीडी में भी डॉक्टरों की मनमानी और लापरवाही की कारण सैकड़ो मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से नहीं हो पा रहा है। धरना पर बैठे पंचायत समिति रामानुज ने बताया कि ओपीडी सुबह 8:00 बजे से 2:00 बजे तक चलना है, लेकिन डॉक्टर 10:00 बजे आते हैं और 1:00 बजे चले जाते हैं ऐसे में अगर ठीक ढंग से ओपीडी चले तो प्रतिदिन 200 से अधिक मरीजों का इलाज हो सकता है, इसके अलावा पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल ने बताया कि सरकार की करोड़ों रुपए की राशि से बने अस्पताल में अभी भी कई सुविधाओं से वंचित है और जब तक इमरजेंसी सेवा चालू नहीं होगी यह अनिश्चितकालीन तक धरना जारी रहेगा। धरना कार्यक्रम में राहुल कुमार, पंचायत समिति रामानुज प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल, पंचायत समिति दयानंद पासवान, अमर कुमार, राजेश्वर प्रसाद सिंह, राकेश कुमार सिंह, बीस सूत्री सदस्य सिंटू कुमार, चुनमुन सिंह समेत सैकड़ों लोग धरना पर बैठे रहे।

## प्रशांत किशोर का लालू-नीतीश पर हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत शनिवार को पटना जिले के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के दुल्हिन बाजार स्थित पानी टंकी मैदान पहुंचे और वहां आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सभा के दौरान उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और अन्य नेताओं पर जोरदार हमला बोला। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के लोग नेताओं के झूठे वादों में न पड़ें और इस बार अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर वोट करें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा लालू जी अपने बेटे को, जो 9वीं भी पास नहीं है, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जबकि बिहार के पढ़े-लिखे युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। प्रशांत किशोर ने पीएम मोदी और नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग मंदिर और जाति के नाम पर वोट देते हैं, लेकिन रोजगार और विकास पीछे छूट जाता है। मोदी जी गुजरात में फैक्ट्रियां लगवा रहे हैं और बिहार के युवा वहीं जाकर मजदूरी कर रहे हैं। सभा में प्रशांत किशोर ने जनता से कई बड़े वादे भी किए। उन्होंने कहा कि छठ के बाद बिहार के युवाओं को राज्य में ही 10-12 हजार रुपये की नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। दिसंबर 2025 से 60 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को 2000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। जब तक सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं होगा, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चों की पढ़ाई निजी स्कूलों में सरकार के खर्चे पर कराई जाएगी। प्रशांत किशोर ने जनता से अपील की कि इस बार जाति और नेताओं के नाम पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए वोट करें।

## धनरूआ में 14 साल के किशोर की गला दबाकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के देवधा पंचायत के बरबीघा गांव के समीप पिलकजरिया गांव में एक 14 वर्षीय एक किशोर का शव खेत के बधार में फेंका हुआ बरामद किया गया है। शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान विक्की कुमार पिता टुनटुन यादव बताया जाता है। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष आलोक कुमार दल बल के साथ पहुंचे, जहां घटना स्थल पर एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची है। और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि इसके पिता टुनटुन यादव चेन्नई में काम करते हैं, वहीं कल शाम से ही विक्की घर से लापता था। खोजबीन परिजन कर रहे थे और आज शनिवार को उसका शव गांव से दक्षिण दरगाह के पास खेत में पानी में फेंका हुआ था। मृतक की पहचान उसके परिजनो ने की है।शव को कब्जे में लेते हुए पूरे मामले की तफशीश में जुट गए हैं। हलांकि इस घटना के पीछे कोई विवाद भी बताया जा रहा है, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबिन में जुटी हैं।

## जहानाबाद के रामायण मंदिर ने कई आध्यात्मिक कीर्तिमान स्थापित कर राष्ट्रीय स्तर पर बनाई अपनी पहचान

**डॉ रंजीत कुमार**
**भारतीय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सनातन धर्मावलबियों के लिए आस्था का केंद्र बना एक छोटा सा मंदिर जिसने बहुत कम दिनों में कई कीर्तिमान स्थापित कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाया है। हम बात कर रहे हैं जहानाबाद जिले के दरधा और जमुना नदी के संगम तट पर स्थित श्री रामायण मंदिर का। विशाल वट वृक्ष के नीचे स्थित श्री रामायण मंदिर देश का एक मात्र ऐसा मंदिर बन गया है, जहां एक साथ तीन-तीन अखंड अनुष्ठान अनवरत सात साल से चल रहा है। बताया जाता है कि यहां 25 दिसंबर 2018 से अखंड ज्योति अनवरत प्रज्वलित है और रामचरित मानस पाठ और सीताराम अखंड कीर्तन का कार्य भी अनवरत चल रहा है। इसके अलावा सुंदर कांड और हनुमान चालीसा का पाठ प्रतिदिन होता है। हवन और पूजा भी निरंतर होता है। श्री सूक्त और विष्णु सूक्त का पाठ भी हो रहा है।यही कारण है कि इस मंदिर की उपलब्धि अब सिर्फ देश तक ही सीमित नहीं रह गई है. विदेशों में भी, श्री रामायण मंदिर की चर्चा हो रही है. इस मंदिर के नाम एक साथ कई कीर्तिमान दर्ज हो गया है। यह जहानाबाद जैसे छोटे जिले के लिए बहुत ही गौरवान्वित करने वाला पल है। कुछ दिन पहले इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड में इस मंदिर का नाम दर्ज हुआ था।




**अनवरत अखंड ज्योति और रामचरित मानस पाठ**

रामानुजम ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार बताते हैं कि भगवान राम आज भी हमारे यहां प्रासंगिक हैं तथा उनका जीवन हम लोगों के लिए अनुकरणीय और व्यावहारिक है। कुछ इन्हीं बातों को सोचकर यह मन में आया, एक विशाल अनुष्ठान भगवान राम के लिए हो और हनुमान जी के द्वारा कुछ प्रेरणा मिली तो यहां 2018 में शुरुआत हो गई। शुरू में कठिनाई हुई, क्योंकि लोगों में यह चेतना नहीं था। सोचिए कोरोना काल में जब पूरी दुनिया घरों में कैद थी, उस वक्त भी अखंड कीर्तन पूरे जोश और भक्ति भाव के साथ अनवरत चलता रहा।

**60 भक्त 24 घंटे देते हैं सेवा**

उन्होंने कहा, 'प्रभु श्री राम की कृपा दृष्टि और भक्तों के प्रयास से यह अखंड अनुष्ठान अनेक विघ्न बाधाओं और विषम परिस्थितियों को पार करते हुए अनवरत चल रहा है। यहां भगवान हनुमान की ऐसी कृपा मौजूद है, चाहे कितनी भी कठिनाई आ जाए और विषमताएं हो जाए, लेकिन यह अखंड यज्ञ निरंतर चलता रहता है। पर्व हो या छुट्टी का दिन हो या मौसम की मार हो, कुछ भी हो, यहां अखंड यज्ञ कभी एक पल के लिए भी नहीं रुका। यहां 60 से ज्यादा भक्त 2 घंटे के पाली में 24 घंटे अपनी सेवा देते आ रहे हैं। कई भक्त स्थानीय हैं तो कुछ दूर से भी अपनी सेवा देने आते हैं। लोग बताते हैं कि यहां सेवा दे रहे श्रद्धालुओं का सामंजस्य देखने लायक होता है।

**एक साथ इतने रिकार्ड्स मंदिर के नाम**

रामानुजम ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कहते हैं कि यहां अखंड यज्ञ अनवरत है। यही वजह है कि सबसे पहले इस मंदिर के नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। उसके बाद नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंटरनेशन बुक ऑफ रिकॉर्ड, वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक ऑफ इंडिया और वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया में नाम दर्ज हो गया है। कुछ दिन पहले ही नोबेल वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में भी इस मंदिर का नाम दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि हमारे जहानाबाद जैसे छोटे शहर के लिए बहुत गौरवान्वित करने वाला है।

## छापेमारी में 94 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** कहा जाता है कि ल्कानून के हाथ लंबे होते हैं और इससे कोई बच नहीं सकता। यह कहावत जहानाबाद में एक बार फिर सच साबित हुई। बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद कई लोग अब भी गैरकानूनी तरीके से शराब की तस्करी और बिक्री में संलिप्त हैं। इसी कड़ी में जहानाबाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने शहर देवरिया मोहल्ले में स्थित एक घर में छापेमारी कर एक घर से 94 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। हालांकि मौके पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था और कारोबारी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया था। पुलिस ने बरामद शराब की बोतलों को जप्त कर लिया है और घर को सील कर दिया है। फिलहाल पुलिस घर के मालिक की तलाशी में जुट गई है और उसके खिलाफ पूछताछ एवं कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर थाना पुलिस का कहना है कि मामले की पूरी तरह जांच की जा रही है, जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाज़ी होगी। बता दें कि बिहार सरकार ने राज्य में शराबबंदी लागू कर रखी है, बावजूद इसके आए दिन जहानाबाद समेत कई जिलों में शराब की तस्करी और अवैध कारोबार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। पुलिस प्रशासन ने साफ कहा है कि शराबबंदी कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## जहानाबाद में 'नन्हे कदम' संस्था का जागरूकता अभियान


### कानूनी प्रक्रिया से ही हो बच्चों का दत्तक ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद में समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त 'नन्हें कदम' विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान द्वारा जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि 0 से 6 वर्ष तक की आयु के अनाथ या परित्यक्त बच्चों की सुरक्षित परवरिश हो और उन्हें कानूनी प्रक्रिया से दत्तक माता-पिता का स्नेह मिल सके।संस्था की टीम ने हाल ही में जहानाबाद के विभिन्न अस्पतालों में कैंप लगाकर आमजन को जागरूक किया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि किसी भी बच्चे को सार्वजनिक स्थान या अस्पताल से सीधे गोद लेना कानूनन अपराध है। बच्चों को केवल निर्धारित विधिक प्रक्रिया के माध्यम से ही गोद लिया जा सकता है। संस्था की ओर से स्पष्ट किया गया कि यदि किसी को कोई बच्चा अनाथ अवस्था में या परित्यक्त स्थिति में मिलता है, तो तुरंत 'नन्हें कदम' संस्था को सूचित करें। संस्था ऐसे बच्चों की देखभाल करती है और निःसंतान दंपतियों को कानूनी प्रक्रिया के बाद दत्तक दिलाती है, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित भविष्य और नया परिवार मिल सके। अभियान में संस्था की समन्वयक रागिनी कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कुमार, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. विवेक नंदन समेत 10 सदस्यीय टीम सक्रिय रही। टीम ने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया और इसके लाभ की जानकारी दी। संस्था में आया, नर्सिंग असिस्टेंट और सुरक्षा गार्ड की तैनाती भी की गई है, ताकि बच्चों की देखभाल और सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित हो सके।संस्था की ओर से अपील की गई कि लोग किसी भी अनाथ या परित्यक्त बच्चे की जानकारी छिपाने के बजाय संस्था तक पहुंचाएं, ताकि किसी मासूम की जिंदगी सुरक्षित हो और समाज में सुरक्षित बचपन-बिकसित समाज का संदेश मजबूत हो सके।

## जल्द 2-3 छोटी परियोजनाओं का एलान कर सकती है सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने शुक्रवार को बताया कि देश के महत्वाकांक्षी सेमीकंडक्टर निर्माण कार्यक्रम में तेजी आने के साथ सरकार 2-3 छोटे सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की घोषणा कर सकती है। मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बताया कि इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 1.0 की बची हुई राशि से ये अतिरिक्त परियोजनाएं पूरी की जा सकती हैं। सरकार ने भारत में सेमीकंडक्टर बनाने के लिए कुल 76,000 करोड़ रुपये की एक योजना सेमीकॉन 1.0 बनाई थी। इस योजना से बचे पैसे को तीन हिस्सों में आवंटित किया गया है। इसमें 64,000 करोड़ रुपये भारत में चिप बनाने वाली फैक्ट्रियां लगाने के लिए आवंटित किए गए हैं। 10,000 करोड़ रुपये मोहाली (पंजाब) में पहले से मौजूद एक सेमीकंडक्टर लैब को सुधारने और बेहतर बनाने के लिए दिए गए हैं। 1,000 करोड़ रुपये उन कंपनियों को मदद देने के लिए जो सेमीकंडक्टर का डिजाइन तैयार कर रही हैं। इसे डिजाइन आधारित प्रोत्साहन योजना भी कहा जाता है। मंत्रालय अभी सेमीकॉन 2.0 के फ्रेमवर्क को लेकर वित्त मंत्रालय और अन्य संबंधित पक्षों से चर्चा कर रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सरकार भारत के सेमीकंडक्टर तंत्र को लगातार मजबूत करना चाहती है। यह घोषणा सेमीकॉन इंडिया 2025 के आयोजन से पहले आई है, जो 2 से 4 सितंबर के बीच दिल्ली के यशोभूमि में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो सितंबर को इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

## एसबीआई सहित 10 बैंक दे रहे 1 साल की एफडी पर करीब 8 प्रतिशत तक रिटर्न




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय लोगों के बीच अभी भी अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित निवेश करने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट एक शानदार ऑप्शन माना जाता है। अगर आप भी निकट भविष्य में अपने जमा पूंजी को एफडी में इन्वेस्ट करके बंपर मुनाफा कमाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। बता दें कि एसबीआई सहित देश के कई बड़े प्राइवेट और सरकारी बैंक अपने ग्राहकों को 1 साल की एफडी पर बंपर रिटर्न ऑफर कर रहे हैं। बता दें कि डीसीबी बैंक 1 साल की एफडी पर अपने सामान्य ग्राहकों को 7.25 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.75 पर्सेंट तक ब्याज दे रहा है। आइए जानते हैं 1 साल की एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज देने वाले 10 बैंकों के इंटरेस्ट रेट के बारे में विस्तार से। तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 1 साल की एफडी पर 7.25 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.75 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है। जबकि केनरा बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 1 साल की एफडी पर 7 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.50 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है। इसके अलावा, कर्नाटक बैंक 1 साल की एफडी पर अपने सामान्य ग्राहकों को 7 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.40 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है। दूसरी ओर डॉयचे बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 1 साल की एफडी पर 7 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को भी इतना ही ब्याज दे रहा है।

# चीन-रूस को भारत से व्यापार में ज्यादा फायदा

### बीआरआईसी देशों के लिए भारत बड़ा बाजार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अजीबो-गरीब स्थिति पैदा कर दी है। ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने को कहा है। 27 अगस्त से अमेरिका में भारतीय सामानों पर इतना टैरिफ लगने लगेगा। इसमें 25 प्रतिशतअतिरिक्त टैरिफ भी शामिल है। यह अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाया है। इसके चलते सारे समीकरण बदल गए हैं। रूस के साथ तो पहले से अच्छे रिश्ते थे। लेकिन, अब भारत चीन के भी करीब आ गया है। भारत का रूस और चीन के करीब आने का मतलब है कि ब्रिक्स का और मजबूत होना। यानी भारत के व्यापारिक रिश्ते अब ब्रिक्स देशों और अमेरिका के साथ अलग-अलग दिशा में जा रहे हैं। यह भारत के लिए मुश्किल फैसले लेने का समय है। खासकर तब, जब दुनिया में व्यापार को लेकर तनाव बढ़ रहा है।

नैटिक्सिस की सीनियर इकॉनमिस्ट त्रिन्ह न्यूयेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ब्रिक्स देशों के लिए भारत बड़ा बाजार है। वे भारत को सामान बेचते है। इसलिए उनका व्यापार सरप्लस में रहता है। वहीं, अमेरिका के लिए भारत एक सप्लायर है। भारत अमेरिका को सामान बेचता है। ऐसे में भारत का व्यापार सरप्लस में रहता है। ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशतटैरिफ लगाने की धमकी दी है। इसमें 25 प्रतिशतरेसिप्रोकल टैरिफ और 25 प्रतिशतअतिरिक्त टैरिफ शामिल है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस, चीन और ब्रिक्स की ओर रुख कर सकते हैं ताकि इस संकट का समाधान हो सके।

त्रिन्ह के अनुसार, ब्रिक्स में भारत की भूमिका अलग है। भारत अपनी घरेलू मांग के कारण सप्लाई को सोख लेता है। जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत का ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। खासकर चीन, रूस और यूएई के साथ। उदाहरण के लिए भारत ने 2024 में रूस को 5 अरब डॉलर का सामान एक्सपोर्ट किया। अगर इसे 5 साल में 50 प्रतिशतबढ़ाना है तो 2030 तक यह 7.5 अरब डॉलर का एक्सपोर्ट मार्केट होगा। इसका मतलब है कि भारत ब्रिक्स देशों से सामान खरीदकर उनका व्यापार घाटा कम करता है। भारत का सिर्फ मिस्र के साथ ट्रेड सरप्लस है। इसके उलट अमेरिका के साथ भारत का व्यापार संतुलन सकारात्मक रहा है। अमेरिका भारत के लिए महत्वपूर्ण एक्सपोर्ट मार्केट है। त्रिन्ह न्यूयेन ने चेतावनी देते हुए कहा कि एक्सपोर्ट मार्केट में विविधता लाना और व्यापार बाधाओं को कम करना अच्छी स्ट्रैटेजी है। लेकिन, अमेरिका से दूर जाना नुकसानदायक हो सकता है। इससे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में नौकरियां जा सकती हैं। इन क्षेत्रों में पहले से ही कम रोजगार है।

त्रिन्ह ने भारत की तुलना वियतनाम से की। वियतनाम टैरिफ को अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। वहीं, भारत खुद को क्षेत्रीय शक्ति मानता है जिसकी घरेलू मांग मजबूत है। इसलिए भारत के पास ज्यादा विकल्प हैं। लेकिन, इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। ग्रामीण लोगों और कम कुशल श्रमिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

## म्यूचुअल फंड में पहली बार निवेश करने वाली महिलाओं को इसेंटिव देने की बन रही योजना



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
म्यूचुअल फंड में महिलाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए बाजार नियामक सेबी पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन शुरू करने की योजना बना रहा है। शेयर बाजार के नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इंडिया (एम्फी) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में पांडे ने कहा, जब तक महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाएगा, वित्तीय समावेशन अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा, ...हम पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन शुरू करने पर भी विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेबी उद्योग को सुविधा प्रदान करने और प्रोत्साहित करने के लिए कई उपाय कर रहा है। एक हालिया प्रस्ताव बी30 शहरों (टियर 2 और टियर 3 शहरों) में पहली बार व्यक्तिगत निवेशकों से निवेश के लिए वितरकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी है। नियामक के अनुसार, इस कदम से न केवल नए प्रतिभागी जुड़ेंगे, बल्कि म्यूचुअल फंड की पहुंच कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों तक भी बढ़ेगी, जिससे गहन वित्तीय समावेशन में योगदान मिलेगा। इसके अलावा, सेबी प्रमुख ने कहा कि उत्पाद के इनोवेशन के लिए अधिक लचीलापन उपलब्ध कराने, स्पष्टता में सुधार लाने और योजनाओं के पोर्टफोलियो में ओवरलैप की समस्या का समाधान करने के लिए, सेबी म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि परामर्श प्रक्रिया से प्राप्त फीडबैक के आधार पर अगले कदम उठाए जाएंगे।

## चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल में अमेरिकी सरकार ने खरीदी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी सरकार ने चिपमेकर कंपनी इंटेल में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। कंपनी के सीईओ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को इस डील का एलान किया। दरअसल पिछली बाइडन सरकार में इंटेल को बड़ी आर्थिक मदद देने का एलान किया गया था। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस डील की आलोचना की और आर्थिक सहायता के बदले इंटेल में हिस्सेदारी देने की मांग की। अब दोनों पक्षों में सहमति बन गई है।




इंटेल ने एक बयान में कहा कि इस समझौते के तहत, अमेरिकी सरकार को सामान्य स्टॉक के 43.3 करोड़ शेयर मिलेंगे, जो कंपनी में 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। यह करीब 8.9 अरब डॉलर का निवेश है, जिसका एक हिस्सा 5.7 अरब डॉलर अनुदान के रूप में दिया जाएगा, जो चिप और विज्ञान कानून के तहत दिया जाएगा। यह बाइडन सरकार के कार्यकाल के दौरान पारित एक प्रमुख कानून है जिसकी ट्रंप ने आलोचना की है। इंटेल ने कहा कि बाकी के 3.2 अरब डॉलर सिक्योर एन्क्लेव कार्यक्रम के तहत कंपनी को मिलेंगे। कंपनी ने आगे कहा कि 8.9 अरब डॉलर का यह निवेश इंटेल को पहले ही मिल चुके 2.2 अरब डॉलर के अनुदान से अलग होगा। इस तरह इस सौदे की कुल राशि 11.1 अरब डॉलर हो जाएगी।

### क्यों चिंतित हैं अस्पताल

# कैशलेस इलाज को लेकर छिड़ गई इंश्योरेंस कंपनियों और प्राइवेट अस्पतालों के बीच जंग!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जरा सोचिए, आप अपनी हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड लेकर अस्पताल पहुंचे हैं और उम्मीद करते हैं कि इलाज बिना किसी दिक्कत के कैशलेस हो जाएगा। न कोई अडवांस पेमेंट देनी पड़ेगी, नही ढेर सारे पेपर्स भरने होंगे। सुनने में कितना अच्छा लगता है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, कैशलेस इलाज के प्रोसेस को आसान बनाने के लिए एक कॉमन इंपैनलमेंट (साझा पैनल) का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि, इस प्रस्ताव को लेकर पर्दे के पीछे हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों और प्राइवेट अस्पतालों के बीच ठनी हुई है। बीमा कंपनियों का मानना है कि इससे प्रक्रियाएं आसान होंगी, लोगों को ज्यादा अस्पतालों तक पहुंच मिलेगी और प्रीमियम भी कम रखने में मदद मिलेगी। वहीं, कई अस्पताल कहते हैं कि यह फ्रेमवर्क एकतरफा है।



अस्पतालों का कहना है कि कॉमन इंपैनलमेंट एग्रीमेंट का मौजूदा ड्राफ्ट उनसे ठीक से राय-मशविरा किए बिना तैयार किया गया है। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स असोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि पैकेज रेट्स, ऑपरेशन से जुड़े नियम और पेमेंट की शर्तें अवास्तविक हैं और बीमा कंपनियों के पक्ष में झुकी हुई हैं। अस्पतालों का कहना है कि बढ़ती मेडिकल महंगाई के बावजूद इलाज की दरों को सालों से अपडेट नहीं किया गया है। इससे उन्हें खर्च में कटौती करनी पड़ती है, जिससे इलाज की क्वॉलिटी पर असर पड़ सकता है। कॉमन इंपैनलमेंट सिस्टम के मोटे-मोटे आइडिया का अस्पताल पूरी तरह से विरोध नहीं कर रहे हैं। छोटे अस्पतालों को इसमें शामिल होने में फायदा दिख रहा है। इससे उनकी पहुंच बढ़ेगी। पर बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल चेन्स स्टैंडर्डाइज्ड प्राइसिंग को लेकर सतर्क हैं, क्योंकि उनकी ऑपरेशनल कॉस्ट अधिक होती है। वे रीइम्बर्समेंट में देरी और क्लेम रिजेक्शन पर बार-बार होने वाले विवादों की भी शिकायत करते हैं। इंश्योरेंस कंपनियां तर्क देती हैं कि कॉमन इंपैनलमेंट को सिस्टम आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## दो पहिया गाड़ी बनाने वाली शेयरों की इस महीने मची है लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी टू-व्हीलर्स कंपनियों में से एक हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों की कीमतों में हाल के समय में तेजी देखने को मिली है। शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय पर बीएसई में 4997 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कल यह स्टॉक मुनाफावसूली का शिकार हो गया था। अगस्त के महीने में यह स्टॉक सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला ऑटो स्टॉक है। बता दें, शुक्रवार को यह स्टॉक दिन में 5115.15 रुपये के लेवल तक पहुंचने में सफल रहा था। बीते 16 कारोबारी दिन में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 17.60 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 19 अगस्त को यह स्टॉक 9 महीने के उच्चतम स्तर 5165 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। नवंबर 2023 के बाद इस स्टॉक के लिए अगस्त का महीना सबसे शानदार रहा है।

हीरो मोटोकॉर्प के जून तिमाही शानदार साबित हुई है। इसके अलावा कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह जीएसटी रेट में कटौती का प्रस्ताव है।

# कार खरीदकर गरीबी को दावत...रेत की तरह उड़ रही सैलरी

### ● मिडिल क्लास को एक्सपर्ट की चेतावनी ● आर्थिक स्थिति को लेकर सावधान रहने की सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बीते कुछ समय में हालात तेजी से बदले हैं। म्यूचुअल फंड के रिटर्न घटे हैं। नौकरी में असुरक्षा बढ़ी है। महंगाई के कारण लोग आर्थिक रूप से परेशान हैं। ऐसे में वेल्थ एडवाइजर सुजीत एस.एस. नौकरी करने वालों को नई आर्थिक सच्चाई का सामना करने के लिए कह रहे हैं। उनका कहना है कि अब निवेश की जगह ईएमआई लोगों की बचत को खत्म कर रही है। सुजीत ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा कि पिछले 11 महीनों में म्यूचुअल फंड ने नेगेटिव रिटर्न दिया है।ढ्ढ के डर से आईटी सेक्टर में नौकरियां जा रही हैं। दूसरी कंपनियां भी सैलरी न बढ़ाने के लिए इसका डर दिखा रही हैं। पिछले 3-4 महीनों में जिंदगी मुश्किल हुई है। बढ़ती स्कूल फीस, 10 मिनट में डिलीवरी वाले ऐप्स और बाय-नाउ-पे-लेटर स्कीम लोगों की सैलरी को रेत की तरह उड़ा रहे हैं। निवेश में बढ़ोतरी रुकने से लोगों पर दबाव बढ़ गया है। 2020 से 2024 तक निवेशकों को आसानी से अच्छा मुनाफा मिला। उस दौर ने लोगों की गलत आर्थिक आदतों को छुपा दिया। अब उन गलतियों का असर दिख रहा है। सुजीत ने राज और रिया नाम के दो लोगों का उदाहरण दिया है। राज 15 लाख की कार के लिए 2 लाख का डाउनपेमेंट करता है। सात साल के लिए 21,000 की ईएमआई भरता है। वहीं, रिया 2 लाख की एक पुरानी कार खरीदती है। फिर 21,000 हर महीने सिप में निवेश करती है। इससे उसे सालाना 12 प्रतिशतका रिटर्न मिलता है।



सात साल बाद राज के पास 6 लाख की एक पुरानी कार है। रिया के पास 25 लाख का निवेश है और वह अभी भी अपनी पुरानी कार चला रही है। सुजीत ने लिखा, लोग अक्सर देनदारी को एसेट समझ लेते हैं। शोरूम आपको राजा जैसा महसूस कराता है। ईएमआई आपको उसका गुलाम बना देती है।

सुजीत का मैसेज सिर्फ यह है कि दिखावे की चीजें संपत्ति नहीं बनाती हैं, बल्कि अनुशासन से ही संपत्ति बनती है। उन्होंने कहा, असली अमीर लोग पहले खिलौने नहीं खरीदते हैं। वे पैसे को बढ़ने देते हैं ताकि खिलौने उन्हें सस्ते लगें।

# बार-बार हुए फेल, फिर तेल निकालने में आजमाया हाथ, अब 2 करोड़ का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अश्विनी नायक ओडिशा के रहने वाले हैं। वह गणित में पोस्ट-ग्रेजुएट हैं। सीमेंट और काजू समेत कई तरह के कारोबार में हाथ आजमाने के बाद उन्होंने कुछ अलग करने का फैसला किया। अश्विनी नायक ने औषधीय पौधों से तेल निकालने का काम शुरू किया। किस्मत ने साथ दिया और ये काम चल निकला। 2018 में उन्होंने नीलाचल एरोमास की स्थापना की। यह व्यवसाय किसानों के लिए भी फायदेमंद साबित हुआ। अश्विनी 220 किसानों के साथ मिलकर काम करते हैं। वह इन किसानों से 15 से ज्यादा औषधीय पौधों की जड़ें, पत्तियां और बीज खरीदते हैं। इन पौधों से तेल निकाला जाता है। इनमें हल्दी, दालचीनी, लौंग, तुलसी, अदरक, करी पत्ता, मलकांगनी और बाकुची जैसे पौधे शामिल हैं। अश्विनी की कंपनी हर साल 20 से 25 टन तेल का उत्पादन करती है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का टर्नओवर 2 करोड़ रुपये था। आइए, यहां अश्विनी नायक की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**कई काम करने के बाद चुना अलग रास्ताः** अश्विनी नायक ने सीमेंट और काजू प्रोसेसिंग समेत कई व्यवसाय किए। लेकिन, इनमें उन्हें सफलता हासिल नहीं हुई है। फिर उन्होंने ये सब छोड़कर एक नया रास्ता चुना। उन्होंने सुगंधित और औषधीय पौधों से तेल निकालने का काम शुरू किया। ओडिशा के गजपति जिले के काशीनगर में स्थित उनकी कंपनी नीलाचल एरोमास 220 किसानों के साथ काम करती है। इनमें जनजातीय लोग भी शामिल हैं। यह किसानों से 15 से अधिक औषधीय पौधों की जड़ें, पत्तियां और बीज खरीदती है। यह उद्यम सालाना 20 से 25 टन तेल का उत्पादन करता है। यह व्यवसाय न सिर्फ अश्विनी के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। अलबत्ता, किसानों को भी एक स्थिर आय का स्रोत प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है।

**बैंक से लिया लोनः** औषधीय तेलों की बढ़ती वैश्विक मांग ने अश्विनी को इस व्यवसाय में पूरी तरह से फोकस करने के लिए प्रेरित किया। औषधीय पौधों से प्राप्त तेलों, जैसे मल्कांगनी (ज्योतिष्मती) तेल और बकुची तेल की मांग लगातार बढ़ रही है। इन तेलों का इस्तेमाल दर्द निवारक और त्वचा की बीमारियों के उपचार में होता है। अपनी व्यावसायिक यात्रा के शुरुआती दिनों में अश्विनी को इन पौधों के बारे में बहुत कम जानकारी थी। हालांकि, पुणे में अपने बचपन के दोस्तों से मिलने के बाद उनकी इस व्यवसाय में दिलचस्पी बढ़ी।

## इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी का शेयर 33 प्रतिशत टूट कर 147 पर आया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी के शेयरों पर क्या यह दांव लगाने का सही समय है यह सवाल इसलिए चर्चा में है क्योंकि 2025 में इरेडा के शेयरों का भाव 33.48 प्रतिशत टूट चुका है। शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर इरेडा के शेयरों का भाव 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 147.55 रुपये के लेवल पर था।

बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार इरेडा के शेयरों पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स के अनुसार मौजूदा समय में स्टॉक के टाइट रेंज में है। अगर इरेडा के शेयर 152 रुपये के लेवल को क्रॉस कर गए तब यह 160 रुपये के आस-पास जा सकता है। लेकिन अगर 145 रुपये के नीचे आया तो इरेडा के शेयरों का भाव 139 रुपये तक आ सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इरेडा के शेयर ओवरशोल्ड जोन से रिकवर करने में सफल रहे हैं। अगला रेजिस्टेंस 158 रुपये से 160 रुपये के रेंज में है। एक्सपर्ट्स की मानें तो यह स्टॉक अभी शॉर्ट टर्म में 145 रुपये से 156 रुपये के रेंज में बना रहेगा। मौजूदा समय में यह स्टॉक 10-डे और 20-डे सिंपल मूविंग एव्रेज के ऊपर ट्रेड कर रहा है। लेकिन 5-डे, 30, 50,100, 150 और 200डे के सिंपल मूविंग एव्रेज से नीचे आ गया है। स्टॉक का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 42.45 रुपये है।

# ओपनएआई इस साल भारत में खोलेगा अपना पहला दफ्तर

### अगले महीने आएंगे संस्थापक सैम ऑल्टमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ओपनएआई ने शुक्रवार को कहा कि वह इस साल के अंत में नई दिल्ली में अपना पहला दफ्तर खोलेगा। वहीं, ओपनएआई के संस्थापक सैम ऑल्टमैन अगले महीने भारत आएंगे। ऑल्टमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत में एआई को अपनाना अद्भुत रहा है। कंपनी यहां और अधिक निवेश करने के लिए उत्साहित है।



ऑल्टमैन का यह पोस्ट कंपनी की दफ्तर खोलने की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर आया है। चैटजीपीटी के लिए भारत अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है, और इस बाजार में उसके एआई टूल्स की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। ओपनएआई ने शुक्रवार को अपने भारत विस्तार की रूपरेखा पर जारी एक बयान में कहा कि उसने आधिकारिक तौर पर देश में एक इकाई स्थापित कर ली है और एक समर्पित स्थानीय टीम की नियुक्ति शुरू कर दी है। ऑल्टमैन ने कहा, हम इस वर्ष के अंत में भारत में अपना पहला कार्यालय खोल रहे हैं! और मैं अगले महीने भारत आने के लिए उत्सुक हूं। ऑल्टमैन ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, भारत में एआई को अपनाना अद्भुत रहा है। पिछले एक साल में चैटजीपीटी यूजर्स की संख्या में चार गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए हम भारत में और अधिक निवेश करने के लिए उत्साहित हैं। ओपनएआई के अनुसार, भारत में दफ्तर खोलना इंडियाएआई मिशन को समर्थन देने और सरकार के साथ मिलकर भारत के लिए और भारत के साथ एआई बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

# मैं जल्दबाजी में नहीं सही प्रोजेक्ट चुनना चाहती हूं



अभिनेत्री सई मांजरेकर ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 16 साल की उम्र से की थी। उनका कहना है कि वह सिर्फ व्यस्त रहने या फिर कैलेंडर भरने के लिए काम नहीं करना चाहती बल्कि उन प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहती हैं जो उनको दिल से खुशी दें। अभिनेत्री का मानना है कि उन प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहिए, जो आपको सच में दिल से या रचनात्मक रूप से संतुष्ट करें।

अभिनेत्री ने कहा, मैंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। इन सालों में मैंने यही सीखा है कि कई प्रोजेक्ट्स पर काम करने से ज्यादा जरूरी है, कि सही प्रोजेक्ट्स पर काम करें। मैं सिर्फ व्यस्त रहने के लिए काम नहीं करना चाहती हैं। वह कहती हैं, इस समय मैं उन कहानियों पर काम करना चाहती हूं जो मुझे करने में सच में अच्छी लगें, ऐसे किरदार जो मुझे सच में चुनौती दें, और मेरे अंदर के एक कलाकार को अच्छे से निखारें। सई का मानना है कि प्रोजेक्ट्स में खुद को निखारने, अपनी कला को आजमाने और कुछ अनोखा करने की आजादी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब आप जुनून के साथ काम करते हैं, तो उसका असर आपके काम पर नजर आने लगता है। मैं जल्दबाजी में कोई भी गलत फैसला नहीं लेना चाहती, इसलिए सही मौके का इंतजार कर रही हूं।

अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2012 में मराठी फिल्म काक्षपर्श में खुशी दामले के छोटे से किरदार से की थी। 2019 में उन्होंने सलमान खान के साथ हिंदी एक्शन-कॉमेडी दबंग 3 में खुशी चौटाला के किरदार से मुख्य अभिनेत्री के रूप में शुरुआत की थी। फिर, साल 2020 में वह आयुष शर्मा के साथ गाने मंझा के म्यूजिक वीडियो में नजर आईं थीं। 2022 में उन्होंने वरुण तेज के साथ तेलुगु फिल्म घनी से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, हालांकि यह फिल्म व्यावसायिक रूप से असफल रही। उसी साल, उन्होंने तेलुगु-हिंदी द्विभाषी बायोपिक मेजर में संदीप उन्नीकृष्णन की प्रेमिका ईशा अग्रवाल का किरदार निभाया। हाल ही में वह गुरु रंधावा के साथ कुछ खट्टा हो जाए में दिखीं।



# सीमा सजदेह के साथ तलाक के बाद पहली बार बोले सोहेल खान



बॉलीवुड अभिनेता सोहेल खान ने हाल ही में अपने निजी जीवन को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। लंबे समय तक चुप्पी साधे रखने के बाद अब उन्होंने पहली बार अपनी पूर्व पत्नी सीमा सजदेह से हुए तलाक पर खुलकर बात की है। सोहेल और सीमा करीब ढाई दशक तक साथ रहे, लेकिन साल 2022 में दोनों के रास्ते अलग हो गए। अब अभिनेता ने एक इंटरव्यू में यह स्वीकार किया है कि उनकी शादी टूटने की असली वजह लगातार होने वाले झगड़े थे, जिनका असर बच्चों पर पड़ने लगा था।

सोहेल ने एक इंटरव्यू में तलाक पर अपनी राय रखते हुए सीमा की खूबियों का जिक्र भी किया। उन्होंने बताया कि सीमा न सिर्फ एक अच्छी इंसान हैं बल्कि एक बेहतरीन मां भी हैं। दोनों ने आपसी सहमति से यह तय किया है कि बच्चों की परवरिश में कोई कमी नहीं आने देंगे। हर साल परिवार के तौर पर वो छुट्टियों पर जाएंगे, ताकि बच्चों को यह महसूस हो कि माता-पिता के अलग होने के बावजूद उनके लिए प्यार और देखभाल में कोई बदलाव नहीं आया है।


## बच्चों को लेकर चिंता

सोहेल खान ने साफ कहा कि पति-पत्नी के बीच के विवाद का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ता है। जब माता-पिता लगातार लड़ते हैं तो इसका बोझ अगली पीढ़ी तक पहुंचता है। उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित होती है और वो अस्थिर इंसान बन सकते हैं। सोहेल के मुताबिक, उन्होंने और सीमा ने यही सोचकर अलग होने का फैसला लिया कि बच्चों के भविष्य को किसी भी तरह नुकसान न पहुंचे।

## सीमा की तरफ से पहले हुई थी खुलकर बातचीत

जहां सीमा सजदेह पहले ही रियलिटी शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में तलाक पर अपनी बात रख चुकी थीं, वहीं सोहेल ने अब जाकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस इंटरव्यू के बाद साफ हो गया है कि भले ही दोनों पति-पत्नी के रूप में अलग हो चुके हैं, लेकिन बच्चों की भलाई और उनके अच्छे भविष्य के लिए वो अब भी एकजुट हैं।

# कुली के लिए आमिर खान ने नहीं ली फीस



आमिर खान इन दिनों फिल्म कुली में दिख रहे हैं, जिसके हीरो रजनीकांत हैं। फिल्म में आमिर ने कैमियो किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार...आमिर ने खुलासा किया कि उन्होंने कुली के लिए मेकर्स से पैसे नहीं लिए। एक्टर ने कहा... मैंने कोई पैसा नहीं लिया है। रजनी सर के साथ मेरे मन में इतना प्यार और सम्मान है कि मैं पैसे के बारे में सोच भी नहीं सकता। उनके साथ स्क्रीन साझा करना ही काफी है। ऐसा नहीं है कि मैं इस फिल्म का हीरो हूं। मैंने तो बस एक छोटी से भूमिका निभाई है। कुली के निर्देशन की कमान लोकेश कनगराज और विक्रम जैसी फिल्मों के लिए जाना ने संभाली है, जिन्हें लियो, मास्टर जाता है। यह लोकेश और रजनीकांत के बीच पहला सहयोग है।

# बिग बॉस 19 के प्रीमियर में नजर आएंगी सोनाली बेंद्रे



भारत के सबसे विवादित रियलिटी शो बिग बॉस का 19वां सीजन शुरू होने जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी सलमान खान शो को होस्ट करते नजर आएंगे। मेकर्स ने इसमें कई नए ट्विस्ट और टर्न जोड़े हैं। बिग बॉस 19 का ग्रैंड प्रीमियर 24 अगस्त को जियो हॉटस्टार और कलर्स टीवी पर होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक... इस मौके पर एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे स्पेशल गेस्ट बनकर शो में नजर आएंगी। सलमान और सोनाली को आखिरी बार साल 1999 की फिल्म हम साथ-साथ हैं में साथ देखा गया था। उस फिल्म में दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब करीब दो दशक बाद दोनों एक बार फिर किसी मंच पर साथ नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि सोनाली पति पत्नी और पंगा के प्रमोशन के लिए आएंगी। उन्होंने इसके लिए मुंबई में शूटिंग भी पूरी कर ली है।


# सलमान खान ने शुरू की 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने अपनी नई फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग लद्दाख में शुरू कर दी है। फिल्म के डायरेक्टर अपूर्व लाखिया ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शूटिंग की तस्वीर और वीडियो शेयर किए। फिल्म में सलमान के साथ चित्रांगदा सिंह, जेन शॉ, अंकुर भाटिया और हर्षिल शाह भी नजर आएंगे। फिल्म में सलमान के साथ चित्रांगदा सिंह, जेन शॉ, अंकुर भाटिया और हर्षिल शाह भी नजर आएंगे। फिल्म में सलमान कर्नल बी संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। जुलाई के महीने में फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ था। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए, कैप्शन में गलवान वैली लिखा था। पोस्टर में सलमान का चेहरा खून में लथपथ था। वो बड़ी मूंछें के साथ दिखे थे।

जुलाई में बातचीत के दौरान सलमान खान ने अपने रोल को लेकर कहा था कि फिल्म में मेरा किरदार फिजिकली काफी चैलेंजिंग है। हर साल, हर महीने, हर दिन यह और भी ज्यादा मुश्किल होता जा रहा है। अब मुझे ज्यादा समय देना पड़ता है। पहले मैं यह एक या दो हफ्तों में कर लेता था, लेकिन अब मुझे दौड़ना, किक मारना, पंच करना और इस तरह की चीजें करनी पड़ती हैं। इस फिल्म की मांग ही ऐसी है। सलमान ने यह भी कहा था कि जब मैं फिल्म सिकंदर कर रहा था तो उसका एक्शन अलग था। वह किरदार अलग था, लेकिन बैटल ऑफ गलवान का रोल फिजिकली अलग और मुश्किल है। इसके लिए मुझे लद्दाख के ऊंचे पहाड़ों पर और ठंडे पानी में शूटिंग भी करनी है, जो एक बड़ी चुनौती है। सलमान ने आगे कहा था कि जब मैंने इस फिल्म को साइन किया, तब मुझे लगा कि यह एक शानदार फिल्म है, लेकिन फिल्म में रोल करना कठिन है। लद्दाख में मुझे 20 दिन काम करना है और फिर सात से आठ दिन ठंडे पानी में शूटिंग करनी है। हम इसी महीने इसकी शूटिंग करने जा रहे हैं।

# स्थानीय कहानियों का होता है वैश्विक असर



अभिनेत्री वाणी कपूर को वेब सीरीज मंडाला मर्डर्स के लिए खूब सराहना मिल रही है। अभिनेत्री का कहना है कि कहानियां जितनी स्थानीय और जमीन से जुड़ी होंगी, उतना ही वैश्विक स्तर पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा। अभिनेत्री ने कहा, तीन हफ्तों तक यह सीरीज वैश्विक स्तर पर ट्रेंड करती रही, जो मेरे लिए अविश्वसनीय था। मुझे दर्शकों से इतने प्यार और समर्थन की उम्मीद नहीं थी। यह मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू है और मेरे लिए यह पल बहुत खास है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।

उन्होंने आगे कहा, मैंने मंडाला मर्डर्स में बहुत मेहनत और दिल से काम किया है। इसे भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के दर्शकों से इतना प्यार मिलना हमारे लिए सबसे बड़ा इनाम है। भारत अपनी पौराणिक कहानियों के लिए जाना जाता है और मुझे लगता है कि इसी वजह से हमारी कहानियां न सिर्फ यहां के लोगों को बल्कि दुनिया भर के उन दर्शकों को भी छू जाती हैं जो हमारी संस्कृति और पहचान के बारे में जानना चाहते हैं। इस शो की कहानी दो जांच अधिकारियों के इर्द-गिर्द घूमती है। वे एक मिशन पर निकलते हैं ताकि लगातार हो रही रहस्यमयी हत्याओं के पीछे का सच पता लगा सकें। जांच करते हुए, उन्हें ऐसे भयानक और डरावने राज मिलते हैं, जो इतिहास से जुड़े होते हैं।

बता दें, मंडाला मर्डर्स एक पौराणिक-क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें वाणी कपूर के साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला, श्रिया पिलगांवकर, सिद्धांत कपूर, राहुल बग्गा, रघुबीर यादव और मोनिका चौधरी जैसे कई जाने-माने कलाकार शामिल हैं। मंडाला मर्डर्स का निर्देशन गोपी पुथरन ने किया है, जिसमें मनन रावत सह-निर्देशक हैं। यह सीरीज यशराज फिल्म्स एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स की दूसरी सीरीज है, पहली द रेलवे मैन थी, जो कि काफी सफल रही थी। मंडाला मर्डर्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

# 24 अगस्त से शुरू हो रहा है बिग बॉस 19, दिखेंगे ये सेलेब्स




सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं।

## कुनिका सदानंद



90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में कुनिका ने एक पॉडकास्ट में कुमार सानू के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 90 के दशक में उनके बीच एक गुप्त और इमोशनल रिश्ता था, जो लगभग छह साल तक चला।

## नतालिया जानोशेक


पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है।

## अशनूर कौर



अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है। वो तापसी पन्नू के साथ 'मनमर्जियां' और रणबीर कपूर की फिल्म 'संजू' में नजर आ चुकी हैं। हालांकि, इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में ज्यादा काम नहीं किया।

## अमाल मलिक




बॉलीवुड के जाने-माने म्यूजिक डायरेक्टर अमाल मलिक अपने सुकून भरे गानों के लिए पहचाने जाते हैं। लेकिन उनकी निजी जिंदगी उतनी आसान नहीं रही। कुछ समय पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था कि वे डिप्रेशन से जूझ चुके हैं और पारिवारिक तनाव की वजह से उन्होंने परिवार से दूरी बना ली थी।

## गौरव खन्ना

टीवी शो 'अनुपमा' में अनुज कपाड़िया का किरदार निभाकर गौरव खन्ना ने खास पहचान बनाई। अब तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है, जिससे उनकी इमेज और मजबूत होती है। गौरव की सादगी और गंभीरता बिग बॉस जैसे हाई-वोल्टेज ड्रामा वाले शो में एक अलग बैलेंस ला सकती है। उनकी मौजूदगी से घर में शांति और पॉजिटिव माहौल बन सकता है, जबकि उनका अनुभव उन्हें मजबूत खिलाड़ी साबित कर सकता है।

## नेहल चुडासमा



फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स 2018 रह चुकीं नेहल चुडासमा ग्लैमर और आत्मविश्वास से भरी मॉडल हैं। लेकिन उनकी जिंदगी में एक दर्दनाक घटना भी रही है। 16 फरवरी 2025 को मुंबई में एक ऐसे शख्स ने उन पर हमला किया, जिसे वे दो साल से जानती थीं। उस व्यक्ति ने उनको थप्पड़ मारा, उनका हाथ मोड़ा, कार का दरवाजा तोड़ा और उन्हें कार से कुचलने की धमकी भी दी। उन्होंने एफआईआर दर्ज करवाई और हिम्मत से खुद को संभाला। शो में उनकी एंट्री एक इमोशनल टॉपिक की गूंज भी ला सकती है।


## तान्या मित्तल



मिस एशिया 2018 रह चुकीं तान्या मित्तल सोशल मीडिया पर एक मशहूर चेहरा हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और बेबाक राय अक्सर चर्चा में रहती है। लेकिन कई बार वे विवादों में भी रही हैं। उन्होंने आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता जैसा बयान दिया, जिसके बाद मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग ने उनसे दूरी बना ली थी। इसके अलावा, महाकुंभ में उनकी मदद की पहल को कुछ लोगों ने केवल पब्लिसिटी स्टंट बताया।

20 वर्ल्ड चैंपियनशिपः

# अंडर-20 चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए भारतीय ग्रीको रोमन पहलवान, तीन खिलाड़ी बाहर



**समोकोव, एजेंसी।** अनुज (67 किलो) को चीन के झाओयान लियु ने 9-0 से और नमन (97 किलो) को क्रोएशिया के आंद्रेज रोडिन ने 2-1 से हराया। लियू बाद में क्वार्टर फाइनल भी हार गए जिससे अमन का रेपचेज दौर में पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया। भारत के ग्रीको रोमन पहलवान अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए। तीन खिलाड़ी क्वालिफाइंग दौर में ही बाहर हो गए, जबकि पांच अन्य पहलवान पदक की दौड़ में पहुंचने में सफल रहे। अनुज (67 किलो) को चीन के झाओयान लियु ने 9-0 से और नमन (97 किलो) को क्रोएशिया के आंद्रेज रोडिन ने 2-1 से हराया। लियू बाद में क्वार्टर फाइनल भी हार गए जिससे अमन का रेपचेज दौर में पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया। रोडिन भी फाइनल में नहीं पहुंच पाए जिससे नमन भी बाहर हो गए। विनीत को मिस्र के मोहम्मद शाबाम इब्राहिम ने 72 किलोवर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। अनिल मोर (55 किलो) को अजरबैजान के तूरान दाशदामिरोव ने मात दी। उन्होंने इससे पहले बुल्गारिया के योरडान टोपालोव को 8-0 से हराया था। दाशदामिरोव अगर फाइनल में पहुंचते हैं तो मोर को रेपचेज में खेलने का मौका मिलेगा। काजल महिलाओं के 72 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगी, जबकि श्रुति (50 किलो) और सारिका (53 किलो) कांस्य पदक के लिए खेलेंगी। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज (60 किलो) और प्रिंस (72 किलो) भी कांस्य पदक के लिए खेलेंगे।

# ट्रंप से मिले FIFA चीफ



## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- लास वेगास नहीं, अब वाशिंगटन में होगा 2026 विश्वकप का ड्रॉ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब पहले से भी बड़ा होगा, जिसमें पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी और 104 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का ग्रुप ड्रॉ अब लास वेगास में नहीं, बल्कि पांच दिसंबर को वॉशिंगटन डीसी के केनेडी सेंटर में होगा। इसकी घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की, जहां फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो भी मौजूद रहे। दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन में से एक फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब और भी भव्य होने वाला है। पहली बार इस टूर्नामेंट में कुल 48 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मुकाबले खेले जाएंगे। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का ड्रॉ अब लास वेगास में नहीं, बल्कि अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के प्रतिष्ठित केनेडी सेंटर में होगा और इसकी घोषणा खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की है। उन्होंने एलान किया कि 2026 पुरुष फुटबॉल वर्ल्ड कप का ग्रुप ड्रॉ इस साल दिसंबर में वॉशिंगटन डीसी में किया जाएगा।

### कार्यक्रम में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी रहे मौजूद

ओवल ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप के साथ फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद थे। इन्फेंटिनो वर्ल्ड कप की ट्रॉफी भी साथ लाए थे। उन्होंने कहा कि ड्रॉ का सीधा प्रसारण दुनिया भर में होगा और इसे करीब एक अरब लोग देखेंगे। यह 104 मैचों का टूर्नामेंट होगा, यानी 104 सुपर बाउल्स। इसी दौरान जब इनफैंटिनो ने ट्रंप को ट्रॉफी पकड़ने का मौका दिया, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए पूछा कि क्या मैं इसे रख सकता हूं?

### केनेडी सेंटर में पांच दिसंबर को होगा ड्रॉ

ये ड्रॉ पांच दिसंबर को केनेडी सेंटर में होगा, जहां ट्रंप चेयरमैन हैं। इससे पहले यह माना जा रहा था कि ड्रॉ लास वेगास में होगा, जैसे 1994 के वर्ल्ड कप में हुआ था। 2026 का टूर्नामेंट अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको तीन देशों में मिलकर आयोजित होगा और इसमें पहली बार 48 टीमें भाग लेंगी। बता दें कि ड्रॉ में 48 टीमों को 12 ग्रुपों में बांटा जाएगा, हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और आठ बेस्ट थर्ड-प्लेस टीमें नॉकआउट चरण में जाएंगी।

# सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप जीत सकता है भारत

### भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज ने की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के निर्भिक नेतृत्व में मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम आगामी एशिया कप जीत सकती है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टी20 प्रारूप के इस टूर्नामेंट का 2016 में पहला संस्करण जीतने वाली भारतीय टीम को ग्रुप ए में पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, ओमान और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में श्रीलंका, हांगकांग, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। सहवाग ने आगामी टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के 'रग रग में भारत अभियान के मौके पर कहा, 'इस भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही मिश्रण है। सूर्यकुमार के निर्भिक नेतृत्व में टीम एक बार फिर एशिया में अपना दबदबा बना सकती है। उनकी आक्रामक मानसिकता टी20 प्रारूप के लिए बिल्कुल उपयुक्त है और अगर टीम इसी इरादे से खेलती है तो इसमें कोई शक नहीं है कि भारत ट्रॉफी जीत सकता है। उन्होंने कहा, 'यह (रग रग में भारत) अभियान भारतीय क्रिकेट की धड़कन को खूबसूरती से जीवंत करता है। आप देश के किसी भी हिस्से से हों, जब भारत खेलता है तो भावनाएं हमें एकजुट करती हैं। मैं इसमें भी यही जुनून महसूस कर सकता हूं और यही जुड़ाव क्रिकेट को इतना ताकतवर बनाता है। सूर्यकुमार एशिया कप में 15 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे जबकि टेस्ट कप्तान शुभमन गिल उनके उप कप्तान होंगे। एशिया कप के सभी मैच दो स्थान दुबई और अबुधाबी में आयोजित किए जाएंगे।



# हो गया कंफर्म भारत में खेलते दिखेगी लियोनेल मेसी की टीम



## जानें कब और कहां होगा मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महीनों की विचार-विमर्श के बाद लियोनेल मेसी की टीम एल्बीसेलेस्टे (अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम) के इस नवंबर में केरल में एक दोस्ताना मैच के लिए आने का रास्ता साफ हो गया है। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने शनिवार (23 अगस्त) को इसकी पुष्टि की। एएफए ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ÷लियोनेल स्कोलोनी के नेतृत्व में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम 2025 के शेष समय में दो फीफा मैत्री मैच खेलेगी। पहला अक्टूबर में 6 से 14 तारीख तक संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाएगा (प्रतिद्वंद्वी और शहर आगे तय होंगे)। दूसरा नवंबर में 10 से 18 तारीख तक अंगोला के लुआंडा में और भारत के केरल में खेला जाएगा (प्रतिद्वंद्वी आगे निर्धारित किए जाएंगे)।

### अर्जेंटीना ने चैंपियन बनने के बाद केरल को कहा था धन्यवाद

फीफा वर्ल्ड कप 2022 में कतर में अर्जेंटीना की टीम को मलयाली प्रशंसकों से भारी समर्थन मिला था। इस मैच के आयोजन का यह बड़ा कारण है। मेसी एंड कंपनी ने 1986 के बाद पहली बार विश्व कप खिताब जीता था। एक्स पोस्ट में अर्जेंटीना ने 18 दिसंबर 2022 को विश्व कप जीत के एक दिन बाद बांग्लादेश,भारत और पाकिस्तान और केरल से मिले समर्थन के लिए धन्यवाद किया।

### केरल ने विश्व चैंपियन को दिया था निमंत्रण

दिसंबर 2022 में एक्स पर एएफए के पोस्ट में कहा गया, शुक्रिया बांग्लादेश। शुक्रिया केरल, भारत, पाकिस्तान। आपका समर्थन अद्भुत था! तीन दिन बाद केरल ने विश्व चैंपियन को आधिकारिक निमंत्रण दिया। खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने एएफए अध्यक्ष क्लाउडियो टोपिया को पत्र लिखा।

### 2024 में हुई दौरे की घोषणा

नवंबर 2024 में अब्दुरहीमान ने अर्जेंटीना के केरल का दौरा करने के निर्णय की घोषणा की। मंत्री ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, केरल के फुटबॉल प्रशंसकों का प्यार और समर्थन उल्लेखनीय रहा है और अर्जेंटीना की टीम उनसे जुड़ने के लिए उत्सुक है।

### केरल में अर्जेंटीनाः मैच की तारीख और शेड्यूल

अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि 38 वर्षीय मेसी भी केरल आएंगे या नहीं। अर्जेंटीना नवंबर में दो मैत्री मैच खेलने वाला है। केरल में होने वाला यह मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसकी पुष्टि शनिवार को हुई।

### मेसी का कोलकाता दौरा

पिछले हफ्ते इंडियन एक्सप्रेस ने बताया था कि मेसी दिसंबर 2025 में एक अलग दौरे पर भी भारत आएंगे। वह 12 दिसंबर को कोलकाता से अपने चार शहरों के दौरे की शुरुआत करेंगे। कोलकाता से वह अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली जाएंगे। मेसी की पहली भारत यात्रा नहीं होगी। वह 2011 में कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेले थे। यह

# शुभमन गिल हुए टीम से बाहर!

### एशिया कप से पहले आई बड़ी वाली खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल टीम से बाहर हो सकते हैं. बीमार होने की वजह से गिल इस समय घर पर हैं और आराम कर रहे हैं. उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की बात हो रही है. टीम इंडिया के टेस्ट टीम कप्तान शुभमन गिल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. वो टीम से बाहर हो सकते हैं. उनकी तबीयत खराब है और वो अपने घर पर आराम कर रहे हैं. इस वजह से उनका मैच खेलना मुश्किल लग रहा है. इसकी वजह से उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकता है. 28 अगस्त से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल नार्थ जोन की कप्तानी करने वाले थे, लेकिन बीमार होने की वजह से उनका इस टूर्नामेंट में खेलना मुश्किल लग रहा है.



IPL में कब तक खेलेंगे विराट कोहली?

# RCB प्लेयर ने किया बहुत बड़ा खुलासा; जानकर चौंक जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पिछले एक साल में टी20 इंटरनेशनल और टेस्ट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया. इस दौरान फैंस के मन में ये सवाल जरुर आता होगा कि कोहली आईपीएल में कब तक खेलेंगे. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए कोहली की मौजूदगी टीम और फैंस दोनों के लिए बेहद खास है. इसी बीच ऋष्क्क के युवा बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा ने कोहली के साथ हुई बातचीत का बड़ा खुलासा किया है. कोहली ने ये भी बताया कि वो कब तक खेलेंगे.



**कब तक आईपीएल में खेलेंगे कोहली** - 20 साल के चिकारा, उत्तर प्रदेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जिन्हें आईपीएल 2025 के दौरान कोहली के साथ समय बिताने का मौका मिला. हाल ही में रेवस्पोर्ट्ज के साथ एक इंटरव्यू में चिकारा ने खुलासा किया कि कोहली का आईपीएल में भविष्य को लेकर क्या प्लान है.

# साउथ अफ्रीका की SA20 टी-20 लीग में 13 भारतीय खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन, 9 सितंबर को ऑक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका की लोकप्रिय टी-20 लीग स्न20 के चौथे सीजन में 13 भारतीय खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. इसमें प्रमुख नाम हैं पीयूष चावला, सिद्धार्थ कौल और अंकित राजपूत. ये सभी खिलाड़ी 9 सितंबर को जोहान्सबर्ग में होने वाली नीलामी में हिस्सा लेंगे. इस सीजन में कुल 784 क्रिकेटर्स की लिस्ट तैयार की गई है.

### BCCI के भारतीय खिलाड़ियों के लिए नियम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नियमों के मुताबिक, केवल वही भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग में खेल सकते हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हो या भारत और आईपीएल में खेलने ले मना कर चुके हों.

### बेस प्राइस और रेजर्व प्राइस

- पीयूष चावला का बेस प्राइस 50 लाख रुपए (1,000,000 रैंड) है.
- इमरान खान का बेस प्राइस 25 लाख रुपए (500,000 रैंड) है.
- बाकी सभी भारतीय खिलाड़ियों का बेस प्राइस लगभग 10 लाख रुपए (200,000 रैंड) है.

### लीग और फ्रेंचाइजियों की जानकारी

साउथ अफ्रीका की इस लीग में कुल 6 फ्रेंचाइजियां भाग लेने वाली है. जिनके नाम हैं,

1. MI केप टाउन
2. जोहांसबर्ग सुपर किंग्स
3. डरबन सुपर जायंट्स
4. सनराइजर्स ईस्टर्न केप
5. पार्ल रॉयल्स
6. प्रिटोरिया कैपिटल्स

लीग में इन सभी 6 फ्रेंचाइजियों के पास कुल 7.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का बजट है, जिसे वे 84 स्लॉट्स को भरने के लिए इस्तेमाल करेंगे. SA20 ने चौथे सीजन से हर टीम को एक वाइल्डकार्ड खिलाड़ी चुनने के लिए भी कहा था, लेकिन वह खिलाड़ी विदेशी या साउथ अफ्रीकी ही हो सकता है. उन खिलाड़ियों की पैमेंट कैप के बाहर रहेगी.




### दिनेश कार्तिक का रिकॉर्ड

भारतीय के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इस लीग में पहले हिस्सा ले चुके हैं. उन्होंने पिछले सीजन में पार्ल रॉयल्स की ओर से खेला था, उस समय वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी फॉर्मेट को अलविदा कह चुके थे और आईपीएल से भी अपना नाम वापस ले लिया था.

### पाकिस्तानी और इंग्लिश खिलाड़ियों की भागीदारी

- इस बार 40 पाकिस्तानी खिलाड़ी रजिस्टर हुए हैं, जिनमें आजम खान, इमाम-उल-हक, अबरार अहमद और सैम अयूब शामिल हैं.
- 150 से ज्यादा इंग्लैंड के खिलाड़ी भी रजिस्टर हुए हैं, जिनमें जेसन रॉय और एलेक्स हेल्स जैसे इंटरनेशनल खिलाड़ी शामिल हैं.

- **दक्षिण अफ्रीकी सितारे और युवा खिलाड़ी** - नीलामी में कई बड़े दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे, जैसे ऐडन मार्करम, लुंगी एनगिडी, वियान मुल्डर और केशव महाराज. इसके अलावा युवा खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस और क्वेना मफाका और टी-20 स्पेशलिस्ट क्विंटन डिकॉक, एनरिक नॉर्खिया, तबरेज शम्सी भी नीलामी के लिए तैयार हैं.
- **SA20 का खास महत्व** - SA20 अपने पहले तीन सीजन में तेजी से फेमस हुआ है. दक्षिण अफ्रीका की इस लीग की तुलना अभ IPL से की जा रही है. लोग इसे अब मिनी IPL कहने लगे है. यहां का टीम स्ट्रक्चर और ऑक्शन सिस्टम IPL के समान है, जिससे यह लीग क्रिकेट प्रेमियों के बीच खासा चर्चित हो रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्लीवाले बारिश के लिए आज फिर रहें तैयार, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से तेज बारिश का दौर लौट सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार को दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस बीच एक-दो दौर तेज बारिश के होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। दिल्ली में शुक्रवार सुबह से धूप रही, लेकिन 11 बजे के बाद से हल्के बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। कुछ ही देर में घने बादल छाने लगे और कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। नजफगढ़ और मयूर विहार जैसे कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश भी दर्ज की गई। इसके चलते अधिकतम तापमान में बहुत तेज इजाफा नहीं हुई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस कम है। यहां आर्द्रता का स्तर 92 से 65 फीसदी तक रहा। मौसम के कारकों के चलते दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 102 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मौसम में हुए बदलाव के चलते दिल्ली में अब एक बार फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। शनिवार को दिल्ली में मध्यम बारिश हो सकती है। इस बीच एक-दो दौर तेज बारिश के होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने और लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 से 32 और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

### संसद भवन के पास लगातार दूसरे दिन दिखा संदिग्ध शख्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की संसद के पास लगातार दूसरे दिन संदिग्ध गतिविधि देखी गई है। संसद भवन के पास एक शख्स को सीआईएसएफ ने हिरासत में लिया है। जवानों ने उसे संदिग्ध स्थिति में देखते हुए तुरंत हिरासत में लिया है। अब उसके दस्तावेज वेरिफाई किए जा रहे हैं। शुक्रवार को भी एक शख्स संसद की दीवार फांदकर अंदर घुस गया था। एक दिन पहले एक शख्स दीवार फांदकर अंदर घुस गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, वह व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा था। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को संसद की बाहरी दीवार के पास से सतर्क ष्ट्ठद्मस्न और दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों ने तुरंत पकड़ लिया। वह शायद अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले 20 वर्षीय रामा के रूप में हुई है। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। उससे आगे की पूछताछ और जांच जारी है।

### जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने विवादास्पद पोस्ट डिलीट की, माफी भी मांगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने अपनी विवादास्पद पोस्ट डिलीट कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने माफी भी मांगी है। जस्टिस काटजू ने एक महिला वकील को सलाह देते हुए लिखा था कि जज को आंख मारकर अनुकूल फैसले हासिल किए जा सकते हैं। इसके बाद काफी बवाल मचा था। सुप्रीम कोर्ट वुमन लॉयर्स एसोसिशन ने जस्टिस काटजू के आपत्तिजनक और महिला विरोधी बयान की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखी है। इसमें उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब जस्टिस काटजू की किसी बात पर विवाद हुआ है। जस्टिस काटजू ने अपनी ताजा पोस्ट में लिखा है कि मैंने आंख मारने वाली बात मजाक में कही थी। मैंने पोस्ट करने के कुछ ही देर के बाद उसे डिलीट भी कर दिया था।

# यूट्यूब से ली ट्रेनिंग, सीरियल में ब्रेक दिलाने के नाम पर बनाते थे शिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले के साइबर थाना पुलिस ने बॉलीवुड फिल्म 'बंटी और बबली' की तर्ज पर लोगों को ठगने वाले दो शातिर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान तरुण शेखर शर्मा और आशा सिंह उर्फ भावना के रूप में हुई है। यह दोनों फर्जी डायरेक्टर-प्रड्यूसर बन स्टार प्लस और हॉट स्टार पर प्रसारित होने वाले सीरियल्स में ब्रेक दिलाने के बहाने भोले-भाले लोगों को ठगते थे। आरोपियों ने यूट्यूब वीडियो के जरिये ठगी की ट्रेनिंग ली थी। आलीशान जिंदगी जीने वाले आरोपी देशभर के महंगे होटलों में ठहरते थे।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली में डाबरी के रघु नगर में रहने वाले एक व्यक्ति की ओर से एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग बेटी एकता कपूर की एकेडमी से एक्टिंग और मॉडलिंग में डिप्लोमा कर रही है। वह किसी भी सीरियल में काम पाने के लिए इंटरनेट पर सर्च कर रही थी, तभी स्टार प्लस के एक फेमस सीरियल के लिए नए कलाकारों की तलाश में एक फेसबुक पेज पर पहुंची।

युवती ने जब उस लिंक पर क्लिक किया तो उसे एक वॉट्सऐप नंबर पर रीडायरेक्ट किया गया, जिसने अपना नाम पीयूष शर्मा बताया। उसने बताया कि वह एमटीवी स्प्लिट्सविला के पूर्व पार्टिसिपेंट है और अब एक डायरेक्टर है। पीयूष शर्मा ने बेटी से उसका पोर्टफोलियो मांगा, उसे फेमस डायरेक्टर/प्रड्यूसर राजन शाही का नंबर दिया और उसके रेफरेंस के संपर्क करने के लिए कहा था। राजन शाही ने भी युवती से उसका पोर्टफोलियो मांगा और उसे सिंटा की एचआर डायरेक्टर अनीता से कॉन्टैक्ट करने के लिए कहा। इसके बाद उसे एक रोल दिलाने का




वादा किया गया और किसी न किसी बहाने से बड़ी रकम देने के लिए कहा गया। पीड़िता ने लगभग 24 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक टीम बनाई गई। टीम ने धोखाधड़ी करने वाले के गैंग पर नकेल कसने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक रणनीति अपनाई। टेक्निकल सर्विलांस, डिजिटल फुटप्रिंट और मनी ट्रेल के विश्लेषण से पता चला कि संदिग्ध पीड़ितों से बातचीत के लिए केवल वॉट्सऐप का ही इस्तेमाल करते थे और लखनऊ, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल और कर्नाटक के होटलों के कमरों से धोखाधड़ी को अंजाम थे। इतना ही नहीं, आरोपी बार-बार अपना ठिकाना भी बदलते रहते थे। पुलिस ने लगातार निगरानी के बाद कर्नाटक बेंगलुरु में छापेमारी कर दो आरोपियों तरुण शेखर शर्मा और आशा सिंह उर्फ भावना को गिरफ्तार कर लिया, जो एक 2 कमरों के सर्विस अपार्टमेंट में रह रहे थे। 32 वर्षीय तरुण शेखर शर्मा उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के निराला नगर का रहने वाला है। वहीं 29 वर्षीय आशा सिंह उर्फ भावना दिल्ली के नांगलोई, बक्करवाला की रहने वाली है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को उनके कब्जे से धोखाधड़ी करने वालों द्वारा इस्तेमाल किए गए 7 स्मार्टफोन, 10 सिम कार्ड, 8 एटीएम कार्ड, 15 बैंक चेकबुक और पासबुक बरामद किए गए।

## ...तो दिल्ली कुत्तों का शहर बन जाएगा; एससी के फैसले से नाखुश भाजपा नेता ने बोला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली समेत देशभर के आवारा कुत्तों के हक में फैसला सुनाते हुए उन्हें बड़ी राहत दी है। उन्हें अब गलियों से नहीं हटाया जाएगा, हालांकि फैसले की कुछ शर्तें हैं जिन्हें डॉग लवर्स और एनजीओ को माननी होंगी। इस बीच भाजपा नेता विजय गोयल शीर्ष अदालत के फैसले से सहमत नहीं दिखे। उनका मानना है कि इसके बाद दिल्ली कुत्तों का शहर बन जाएगा। इंसान घरों में चले जाएंगे और कुत्ते आजादी से सड़कों पर घूमेंगे। पत्रकारों से बातचीत में विजय गोयल ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का स्वागत करता हूं, लेकिन इसका पालन करना बहुत मुश्किल है। देश में 12 करोड़ से ज्यादा और अकेले दिल्ली में 10 लाख से ज्यादा कुत्ते हैं। रोजाना 2000 कुत्ते के काटने के मामले सामने आते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हर कुत्ते की नसबंदी और टीकाकरण होना चाहिए। अगर कुत्ते काटते हैं, तो क्या इसकी जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट की होगी या उन हलहृ की, जिन्होंने शोर मचाया कि इन आवारा कुत्तों को सड़कों पर ही रहना चाहिए गोयल ने कहा कि आखिरकार, उन्होंने इंसानों से ज्यादा इन आवारा कुत्तों को अहमियत दी है। इंसान बच्चों को जन्म देने से डरते हैं, लेकिन कुत्ते एक बार में चार-चार पिल्लों को जन्म देते हैं। आने वाले समय में, यह कुत्तों का शहर बन जाएगा। इंसान डर के मारे अपने घरों में चले जाएंगे, और कुत्ते सड़कों पर आजादी से घूमेंगे। शुक्रवार को अपना फैसला सुनाते हुए पीठ ने कहा कि 11 अगस्त को दो-न्यायाधीशों की पीठ की ओर से दिया गया आवारा कुत्तों को सड़कों से आश्रयों में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने का निर्देश, फिलहाल के लिए स्थगित रखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजानिया की पीठ ने कहा, जिन कुत्तों को उठाया जाएगा, उनकी नसबंदी, कीड़े निकालने की दवाई और टीकाकरण किया जाएगा और फिर उन्हें उसी इलाके में छोड़ दिया जाएगा जहां से उन्हें उठाया गया था। बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश उन कुत्तों पर लागू नहीं होगा जो रेबीज से संक्रमित हैं या जिन पर रेबीज से संक्रमित होने का संदेह है, और जो आक्रामक व्यवहार दिखाते हैं। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों की पूरी आबादी को पकड़ने के लिए कोई भी निर्देश देने से पहले, नगर निगमों के पास मौजूदा बुनियादी ढांचे और मानव संसाधनों की जांच करना जरूरी है।



## हमें परंपराओं का आंख मूंदकर पालन नहीं करना चाहिए, सीएम रेखा गुप्ता का युवाओं को संदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि हमें परंपराओं का आंख मूंदकर पालन नहीं करना चाहिए। आज के युवाओं ने हमें नए विचारों की शक्ति दिखाई है। युवा इनोवेटर्स ने साबित कर दिया है कि अगर हम सब मिलकर काम करें तो विकास की गति को चार गुना बढ़ा सकते हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि भारत के युवाओं ने साबित कर दिया है कि अगर उन्हें सही अवसर दिए जाएं तो वे विकास की गति को चौगुना बढ़ा सकते हैं। सीएम गुप्ता ने बुधवार को उन पर हुए हमले के बाद शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर अपने सार्वजनिक कार्यक्रम फिर से शुरू कर दिए हैं। उन पर उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित उनके कैंप कार्यालय में एक 41 साल के आदमी ने हमला बोल दिया था।

उन्होंने दिल्ली सरकार के औद्योगिक आइडियाथॉन 2025 में भाग लिया और 12 विजेताओं की घोषणा की। सीएम गुप्ता ने कार्यक्रम में युवाओं से कहा कि हमें परंपराओं का आंख मूंदकर पालन नहीं करना चाहिए। आज के युवाओं ने हमें नए विचारों की शक्ति दिखाई है। सालों तक भारत की जनसंख्या को बोझ समझा जाता रहा, लेकिन आज यह हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। हमारे युवा अन्वेषकों (इनोवेटर्स) ने साबित कर दिया है कि अगर हम सब मिलकर काम करें तो वे दिल्ली के विकास की गति को चार गुना बढ़ा सकते हैं।




कार्यक्रम में छात्रों की भागीदारी के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में दिल्ली की विशेष भूमिका है। अगर हम जनभागीदारी से काम करें तो दिल्ली न केवल विकास के अपने पिछड़ेपन को दूर करेगी बल्कि भारत का सबसे सुंदर और बेहतरीन शहर भी बनेगी। एक महीने तक चले आइडियाथॉन में लगभग 1200 रजिस्ट्रेशन हुए। इनमें से 652 वैध पाए गए। 124 प्रारंभिक क्वालीफायर, 40 फाइनलिस्ट और अंततः 12 विजेता चुने गए। उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिन में पहले कार्यक्रम का उद्घाटन किया और सभी 40 फाइनलिस्ट टीमों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दिल्ली का शासन-प्रशासन कई राज्यों से बड़ा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कई देशों से बड़ी है। 3 करोड़ की आबादी के साथ यहां विकास प्रबंधन की चुनौतियां कहीं ज्यादा हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमने इन चुनौतियों का डटकर सामना किया है। आज के आइडियाथॉन ने युवाओं को सीधे नीति-निर्माण के केंद्र में ला दिया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को वेबसाइट पर लगभग 2 लाख इंप्रेशन और लगभग 1200 रजिस्ट्रेशन मिले। उन्होंने कहा कि पेश किए गए 40 विचारों में से प्रत्येक को एक किताब में दर्ज किया जाएगा ताकि नीति निर्माता जरूरत पड़ने पर उस पर पुनर्विचार कर सकें। इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन 2025 का आयोजन दिल्ली सरकार के उद्योग विभाग ने डीएसआईआईडीसी के माध्यम से किया था। नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) ने ज्ञान भागीदार के रूप में इसकी सह-मेजबानी की थी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों, बौद्ध के खिलाफ बढ़ा अत्याचार, यौन हिंसा महामारी की तरह फैल रही

**ढाका , एजेंसी।**
बांग्लादेश अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस (एचआरसीबीएम) ने कहा है अंतरिम सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ यौन हिंसा की खतरनाक लहर चल रही है, जिसमें हिंदुओं, ईसाइयों, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है।

मानवाधिकार संगठन ऐन ओ सलिश केंद्र (एएसके) की रिपोर्टों का हवाला देते हुए, एचआरसीबीएम ने कहा कि 2025 की पहली तिमाही के दौरान तीन महीने से भी कम समय में 342 दुष्कर्म के मामले आधिकारिक तौर पर दर्ज किए गए, जिनमें से 87 प्रतिशत पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां थीं।

इनमें से 40 पीड़ित छह साल से कम उम्र के बच्चे थे। वहीं नाबालिगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। मानवाधिकार संस्था के मुताबिक असली संख्या हजारों में है, जो चुप्पी और डर की वजह से सामने नहीं आती।




कानून प्रवर्तन और निचली अदालतों में धार्मिक पूर्वाग्रह के आधार पर मामले तय किए जाते हैं, जिससे केस दर्ज नहीं होते और जरूरतमंदों को न्याय नहीं मिल पाता। ज्यादातर मामलों में महिलाओं और लड़कियों के सिरविहीन शव पाए गए हैं, जिससे क्रूरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। अदालतों की जगह भीड़ कर रही न्याय एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश में अब अदालत नहीं भीड़ हिंसा से कथित न्याय किया जा रहा है।

कई अधिकार समूहों के आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि अगस्त 2024 और मई 2025 के बीच भीड़ हिंसा में 174 लोग मारे गए हैं, जिनमें राजनीतिक कार्यकर्ताओं से लेकर छोटे कारोबारी तक शामिल हैं। 150 से ज्यादा वकीलों को जेल में डाल दिया गया है।

पाक मंत्री के दौरे से दिखी युनुस सरकार की अकुलाहट पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार शनिवार से दो दिन के बांग्लादेश दौरे पर जा रहे हैं। नार्थईस्ट न्यूज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके दौरे से मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की पाकिस्तान से संबंध मजबूत करने की हताशा उजागर होती है, जिसने 1971 में आपरेशन सर्च लाइट के तहत लाखों बांग्लादेशी नागरिकों का जनसंहार किया था। डार की यात्रा पिछले तीन दशकों में किसी भी पाकिस्तानी विदेश मंत्री की पहली यात्रा है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान सेना ने 30 लाख लोगों को मौत के घाट उतार दिया था और तीन लाख से ज्यादा महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया था।

## पाक विदेश मंत्री बोले- भारत से डायलॉग को तैयार हैं

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश कश्मीर और अन्य सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ व्यापक बातचीत के लिए तैयार है। डार ने इस्लामाबाद में संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, ''बातचीत, जब भी होगी, सिर्फ कश्मीर पर ही नहीं, बल्कि सभी मुद्दों पर होगी। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करेगा। डार उप-प्रधानमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि भारत के साथ बातचीत किसी एक-सूत्री एजेंडा पर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने किसी मध्यस्थता का अनुरोध नहीं किया था, बल्कि एक तटस्थ स्थान पर बैठक की पेशकश की गई थी। उन्होंने दावा किया, ''हमें किसी तटस्थ स्थान पर साथ बैठने के लिए कहा गया था और मैंने कहा कि अगर ऐसा है, तो हम मिलने को तैयार हैं। डार ने कहा कि उन्हें भारत के साथ संघर्षविराम के लिए अमेरिका से एक फोन आया था। उन्होंने कहा, ''मुझे अमेरिका से संघर्षविराम के लिए एक फोन कॉल आया था। मैंने स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ढांचों पर हमले किए।



## लीबिया में मालिक ने मजदूर पर छोड़ा खूंखार शेर

**त्रिपोली, एजेंसी।** उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया में हाल ही में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक खेत मालिक ने अपने पालतू शेर को एक मिस्री मज़दूर पर छोड़ दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद लीबिया और मिस्र के लोग गुस्से से भड़क उठे। आरोपी मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। 30 सेकंड के इस वायरल वीडियो में एक शेर को एक व्यक्ति पर हमला करते देखा जा सकता है। इस दौरान शेर कई बार उस व्यक्ति को काटने की कोशिश करता है, लेकिन वह शांत रहकर खुद को बचाने की कोशिश करता रहता है। बताया जा रहा है कि कुछ देर तक चली जद्दोजहद के बाद, व्यक्ति ने किसी तरह खुद को शेर के चंगुल से बचाया। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी खेत मालिक ने इस घटना को शरारत बताया, लेकिन सरकारी वकील ने इसे सत्ता का गंभीर दुरुपयोग और जन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के आते ही नेटिज़न्स गुस्से से भर गए। एक यूज़र ने इसे मानव जीवन के साथ खिलवाड़ बताया और आरोपी को तुरंत सज़ा देने की मांग की। वहीं, कई लोगों ने शेर के हमले के बावजूद मज़दूर के शांत रहने पर आश्चर्य जताया, लेकिन यह भी कहा कि स्थिति कभी भी ख़तरनाक हो सकती थी।

## इजराइल की चेतावनी: हमास ने शर्तें न मानी तो पूरा मलबे में बदल देंगे गाजा

**येरूसलम , एजेंसी।**
इजराइल के रक्षा मंत्री ने गाजा सिटी में हमले का दायरा बढ़ाने की तैयारी के बीच शुक्रवार को चेतावनी दी कि अगर हमास उसकी शर्तों को स्वीकार नहीं करता है तो इस शहर को तबाह किया जा सकता है। यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब एक दिन पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को गाजा सिटी पर कब्जा करने की अनुमति देने का एलान किया। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी कि गाजा पट्टी का सबसे बड़ा शहर ''रफाह और बैत हानून इलाकों की तरह मलबे में तब्दील हो सकता है, जिन्हें युद्ध के शुरुआती चरण में तबाह कर दिया गया था। उन्होंने 'एक्स पर कहा, ''गाजा में हमास के हत्यारे और बलात्कारी अगर युद्ध को समाप्त करने के लिए इजराइल की शर्तों को स्वीकार नहीं करते हैं, तो उनके लिए जल्द ही नरक के दरवाजे खुलने वाले हैं। काट्ज ने इजराइल की युद्ध-विराम शर्तों को दोहराया, जिसमें सभी बंधकों की रिहाई और हमास का पूरी तरह निरस्त्रीकरण शामिल है। वहीं, हमास का कहना है कि वह युद्ध खत्म करने के बदले बंधकों को रिहा कर सकता है, लेकिन फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के बिना निरस्त्रीकरण को स्वीकार नहीं करेगा। गाजा सिटी में व्यापक पैमाने पर सैन्य अभियान कुछ ही दिनों में शुरू हो सकता है। गाजा सिटी हमास की गतिविधियों का गढ़ है और इजराइल का मानना ??है कि शहर में हमास का सुरंगों का विशाल नेटवर्क है। गाजा सिटी में लाखों नागरिक भी शरण लिए हुए हैं और वहां अब भी गाजा पट्टी के कुछ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मौजूद हैं। हमास ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वह अरब मध्यस्थों के युद्ध-विराम प्रस्ताव पर सहमत हो गया है, जिसे अगर इजराइल स्वीकार कर लेता है, तो हमलों को रोका जा सकता है। दोनों पक्ष सीधे तौर पर बातचीत नहीं कर रहे हैं और अतीत में भी ऐसी घोषणाएं की गई हैं, जिनसे युद्ध-विराम नहीं हो सका। कई इजराइलियों को डर है कि अगर हमला हुआ, तो हमास समर्थित आतंकवादियों के सात अक्तूबर 2023 के हमले के बाद अब भी जीवित बचे लगभग 20 बंधकों की जान खतरे में पड़ सकती है। सहायता समूहों और अंतरराष्ट्रीय नेताओं ने चेतावनी दी है कि इससे गाजा पट्टी का मानवीय संकट और भी बदतर हो जाएगा। वहीं, नेतन्याहू का कहना है कि सैन्य अभियान ही बंधकों को छुड़ाने और हमास को कुचलने का सबसे ठोस उपाय है। एक कमांड सेंटर के दौरे के दौरान कहा, ''ये दोनों चीजें-हमास को हराना और हमारे सभी बंधकों को मुक्त कराना, साथ-साथ चलेंगी। गाजा शहर में स्थित शिफा अस्पताल ने बताया कि इजराइल द्वारा शुक्रवार को किए गए व्यापक हमले में कम से कम 17 फिलीस्तीनियों की मौत हो गयी। इजराइल ने शेख रादवान स्थित एक स्कूल पर हवाई हमला किया। शेख रादवान गाजा शहर का एक ऐसा इलाका है, जहां दर्जनों फलस्तीनी स्कूल के प्रांगण में अस्थायी तंबुओं में शरण लिए हुए हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी और अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, इस हमले में कम से कम सात लोग मारे गए।



New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 23-08-2025 22:09 Page 1



# स्विमिंग पुल में डूबने से भाई-बहन की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** थाना क्षेत्र के डकाय पंचायत अन्तर्गत अमराटांड़ गांव के पास स्थित वन विभाग के निमार्णाधीन तरु चिल्ड्रन पार्क के बन रहे स्विमिंग पुल में स्नान के दौरान थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी सगे भाई-बहन की डूबने से मौत हो गई।

मृतक 10 वर्षीय सोनू कुमार यादव और आठ वर्षीय बेटी रिंकी कुमारी राजेन्द्र यादव उर्फ राजन यादव के बच्चे थे। बताया जाता है कि वे दोनों में पार्क घूमने की बात कहकर घर से गए थे। वहां वे लोग स्नान करने लगे। इस क्रम में वे गहरे पानी में डूब गए। हल्ला होने पर आसपास काम कर रहे मजदूर जमा हो गए। उन्होंने इसकी सूचना दोनों बच्चों के स्वजनों को दी। स्थानीय ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से स्विमिंग पूल के गड्ढे से उन्हें बाहर निकाला गया। तब तक एक बच्चे की मौत हो चुकी थी और रिंकी की स्थिति गंभीर थी।

स्वजनों के द्वारा उन्हें निजी क्लीनिक में ले जाया गया। जहां उसे भर्ती करने से डॉक्टर ने इनकार कर दिया। उसके बाद उन्हें देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां जांच करने के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद स्वजन दोनों का बिना पोस्टमार्टम कराए घर की ओर रवाना हो गए।

सोनू पांचवी तो रिंकी तीसरी कक्षा में पढ़ते थे। इन दोनों की एक ही हादसे में मौत हो जाने से मां की गोद सूनी हो गई। हादसे के बाद से मृतक पिता और माता का रो-रोकर बुरा हाल है। राजन यादव के दो ही बच्चे थे।

वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग पर आरोप लगाते कहा कि पहले तरु चिल्ड्रन पार्क का चाहरदीवारी का निर्माण होना था । उसके पहले स्विमिंग पूल का निर्माण करना अनुचित है। वहीं, यहां सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। कोई गार्ड भी तैनात नहीं है।

## पिस्टल के साथ शातिर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सुबह में पुलिस अधीक्षक द्वारा दुरभाष पर सूचना मिली एक पचम्बा थाना क्षेत्र में घटना कारित कर एक अपराधकर्मी जमुआ थाना क्षेत्र के पथराटांड निवासी अपने दोस्त लल्लु साव उर्फ राजीव कुमार के घर पर छिपा हुआ है। जो जमुआ थाना क्षेत्र में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना के अधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पथराटांड़ स्थित लल्लु साव उर्फ राजीव कुमार के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान अपराधकर्मी सुरज साव पिता मनिचन्द्र साव ग्राम-पचम्बा हाई स्कुल रोड़ शांति नगर, थाना-पचम्बा, जिला-गिरिडीह पकड़े गये तथा लल्लु साव उर्फ राजीव कुमार पिता प्रदीप साव भाग गये।

पकडाये सुरज साव से पुछ-ताछ के क्रम में उसने बताया कि अपने दोस्त लल्लु साव के घर में हीं एक देशी पिस्टल एक कमरा में बिस्तर के नीचे छीपा कर रखे हैं, जिससे हम पचम्बा थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम दिये हैं और उसी पिस्टल से आज जमुआ में एक बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

# ट्री मैन ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजे गए डॉ. कौशल किशोर जायसवाल

## 58 वर्षों में देश-विदेश में 53 लाख पौधों किया है वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रांची के होटल चाणक्य बीएनआर में झारखंड के 25 साल पूरा होने व झारखंड के गौरव को सम्मानित करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राज्य के कई क्षेत्रों से पहुंचे योद्धाओं को सम्मानित किया । इसमें विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन व पलामू के लाल डॉ कौशल किशोर जायसवाल को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ट्री मैन ऑफ इंडिया व झारखंड के गौरव के खिताब से सम्मानित किया । उक्त अवसर पर डॉ कौशल ने अतिथियों को पर्यावरण धर्म के तहत कपूर व थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा समर्पित कर उन्हें सम्मानित किया। कहा आज पर्यावरण धर्म की देन है कि उन्हें रांची में व उनकी धर्मपत्नी सह डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल को पंचायती राज की ओर से सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से पलामू में सम्मानित किया गया।कहा कि निशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 58 वर्षों में 53 लाख पौधों का वितरण रोपण व पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट में 23 लाख वन वृक्षों पर रक्षाबंधन देश के 25 राज्यों के 165 जिलों समेत नेपाल, भूटान, वर्मा, सिंगापुर, मलेशिया, अजरबैजान, थाईलैंड, इंडोनेशिया व जापान में किया है। इस वर्ष कार्यक्रम का उद्घाटन जापान के टोक्यो से किया गया था। जापान के डायरेक्टर व चेयरमैन सराहा रिफंड के हाथों ट्री मैन ऑफ इंडिया अवार्ड से उन्हें व उनकी धर्मपत्नी सह डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल को नवाज गया। डॉ कौशल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जल संकट, भीषण गर्मी व जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के सभी लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो को अपनाना होगा। दूसरा कोई विकल्प नहीं है। मौके पर झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई गण्यमान उपस्थित थे।

# चाय पीने से जूनियर डाक्टर की हालत खराब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** रिम्स में गुरुवार की रात करीब 11.30 बजे ड्यूटी के वक्त चाय पीने के बाद 2024 बैच की फर्स्ट ईयर की पीजी छात्रा (जूनियर डॉक्टर) की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्थिति अत्यधिक खराब होने के बाद उसे सेंट्रल इमरजेंसी में लाया गया, जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे रात करीब 12 बजे आइसीयू में भर्ती कराया गया।

घटना के करीब 12 घंटे के बाद छात्रा को होश आया है लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मामला सामने आने के बाद पुलिस केस हुआ है, जिसके बाद बरियातू पुलिस छानबीन में जुट गई है।

इधर, रिम्स प्रबंधन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।

कमेटी में मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. बी कुमार की अध्यक्षता में टीम जांच करेगी। टीम में एफएमटी टॉक्सिकोलाजी विभाग के डॉ. भूपेंद्र सिंह व आब्स गायनी विभाग की इंचार्ज डॉ. अतिमा भारती शामिल है।

रिम्स के चौथे तल्ले में स्थित गायनी विभाग में ड्यूटी कर रहे 10 जूनियर डॉक्टरों ने रात में ग्राउंड फ्लोर स्थित एक कैंटिन से चाय आर्डर किया था। जिसके बाद कैंटिन की ओर से एक लड़के को थरमस में चाय देकर भेजा गया।

बताया जा रहा है कि सभी जूनियर डॉक्टरों को चाय दी तो उससे बदबू आ रही थी, जिसके बाद किसी ने चाय नहीं पी, लेकिन एक छात्रा ने चाय पी ली। जिसके कुछ देर बाद ही तबीयत खराब होने लगी और उसकी हालत देख उसे इमरजेंसी ले जाया गया

पीजी छात्रों ने बताया कि चाय से बदबू आ रही थी जिसके बाद उन सभी ने चाय नहीं पी, लेकिन पीड़िता ने अकेले चाय पी। गायनी विभाग के डॉ. अर्चना कुमारी ने बताया कि पीड़िता ने अकेले चाय पी और दूसरों से कहा कि वे चाय न पीए, इससे बदबू आ रही है। चाय में टेस्ट नहीं है। कैंटिन कर्मी ने बताया कि सभी ने चाय पी लेकिन पीड़िता ने चाय थरमस में ही रखने को कहा और बाद में उसने पीया।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गुलाम समदानी ने आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि यह प्रचार रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों में भ्रमण कर आमजन को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी देगा। साथ ही यह रथ लाभुकों को विभागीय योजनाओं के साथ-साथ अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान, वन नेशन-वन राशन कार्ड के तहत सुविधा, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया, तथा पीजीएमएस पोर्टल के बारे में भी जागरूक करेगा उन्होंने बताया कि रथ के माध्यम से लोगों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे-झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की जानकारी दी जाएगी। जिले के विभिन्न प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है। प्रचार रथ एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लक्षित यथा पीवीटीजी, आपूर्ति श्रृंखला, दुर्गम एवं पहाड़ी, हाट बाजार, चौक चौराहों एवं चिन्हित स्थलों पर आमजनो को जागरूक किया जा रहा है।

## जवान की गला दबाकर हत्या

**पलामू।** पलामू जिले में कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर देने वाली वारदात सामने आई है। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सतबरवा बोहित्ता के तीन मुहान की झाड़ी से तीन दिन पहले बरामद हुए शव की पहचान पुलिस जवान विजय उरांव के रूप में हुई है। विजय उरांव सदर थाना क्षेत्र के चियांकी के रहने वाले थे और फिलहाल पुलिस ट्रेनिंग सेंटर मुसाबनी में प्रशिक्षण ले रहे थे। उनकी पहली ड्यूटी देवघर श्रावणी मेला में लगी थी।

स्वजनों के मुताबिक मेला ड्यूटी खत्म होने के बाद से ही विजय का कोई अता-पता नहीं चल रहा था। पत्नी ने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन उन्हें केवल इंतजार मिला।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि अपराधियों ने विजय की गला दबाकर और पत्थर से कूचकर बेरहमी से हत्या की। इसके बाद शव को झाड़ी में फेंक दिया गया। घटनास्थल से डिस्पोजल गिलास और पानी की बोतल भी मिली है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले वहां शराब या भोजन का दौर चला होगा।

# जांच को ले उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** तीसरी के कुछ युवाओं ने गिरिडीह जिला उपायुक्त को आवेदन देकर गृह रक्षक वाहिनी के भर्ती प्रक्रिया में हो रहे धांधली की जाँच की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि तिसरी प्रखंड में विज्ञापन संख्या 01/2023 गृह रक्षक वाहिनी गिरिडीह के तिसरी प्रखंड में होने वाली बहाली में गांवा, देवरी, जमुआ के अभ्यार्थियों ने फर्जी तरीके से जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र बनवा कर तीसरी प्रखंड में आवेदन किया है। शारीरिक दक्षता एवं लिखित जाँच परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं जो तिसरी प्रखंड के अभ्यर्थियों का अधिकार छीना जा रहा है। आवेदन देने वालों में पप्पू यादव, आनन्दी यादव, मिथिलेश कुमार, बंगाली यादव, मुकेश यादव वगैरह के नाम प्रमुख थे।

# गणित विज्ञान मेला सह संस्कृति महोत्सव संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को विभाग स्तरीय गणित विज्ञान मेला सह संस्कृति महोत्सव संपन्न हुआ। क्षेत्र सोशल मीडिया प्रमुख आलोक तिवारी, प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू, समिति उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अतिथि परिचय अजीत मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य आनंद कमल ने किया।

मौके पर संयोजक शर्मेंद्र साहू ने बताया कि विभाग स्तरीय प्रश्न मंच सह संस्कृति महोत्सव विद्या भारती के विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है। इसमें गिरिडीह, कोडरमा और हजारीबाग जिले से शिशु, बाल,किशोर एवं तरुण चार वर्गों में 380 भैया बहनों ने प्रतियोगिता में भाग लिया श।यह प्रतियोगिता संस्कृत, संस्कृति बोध,विज्ञान, अंग्रेजी, वैदिक गणित,संगणक जैसे विषय एवं मूर्ति कला,कथा कथन एवं आशु भाषण पर आधारित था। इसका उद्देश्य छात्रों के ज्ञान को बढ़ावा देना उनकी प्रतिभा को निखारना और उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाना है।

प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी सितम्बर माह में प्रांतीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।विद्यालय सचिव डा पवन मिश्रा ने विजेता प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, रजनीश कुमार पांडे, आनंद मोहन, राजकुमार नाथ, अरुण कुमार, अशोक कुमार मंडल, अर्जुन प्रसाद आर्य एवं संरक्षक आचार्य दीदी उपस्थित थे।

# जन समाधान पोर्टल के सफल संचालन को ले कार्यालय प्रधानों को दिया गया प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आमजनों के द्वारा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन एवं बेहतर प्रबंधन हेतु जिला प्रशासन, गिरिडीह द्वारा जन समाधान पोर्टल को विकसित किया गया है। जन समाधान पोर्टल के माध्यम से आमजन अपनी आवेदनों को ट्रैक कर सकते हैं।

अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जन समाधान पोर्टल के माध्यम से आमजनों की शिकायतों को प्रभावी ढंग से निराकरण सुनिश्चित कराया जायेगा। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज समाहरणालय सभागार में जन समाधान पोर्टल के सफलतापूर्वक संचालन को लेकर जिला स्तरीय/अनुमंडल/प्रखंड के कार्यालय प्रधान को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में सभी कार्यालय प्रधान को उपायुक्त के जन शिकायत निवारण दिवस/जनता दरबार के दिन प्राप्त आवेदनों तथा समाचार पत्र से प्राप्त हो रहे शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में कई आवश्यक जानकारियां दी गई।

इस दौरान ई डिस्ट्रिक मैनेजर, सूर्य सरकार ने प्रशिक्षण के बारे बताते हुए कहा कि उपायुक्त के जनता दरबार में आमजनों के द्वारा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन एवं बेहतर प्रबंधन हेतु जन समाधान पोर्टल को विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से सभी शिकायतों का समयबद्धता के साथ निराकरण किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जन समाधान पोर्टल के सफलतापूर्वक संचालन में सभी कंप्यूटर ऑपरेटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी को पूरी सक्रियता के साथ आमजनों की शिकायतों का निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जन समाधान पोर्टल से संबंधित किसी भी प्रकार की टेक्निकल इश्यू के लिए आपलोग हमसे संपर्क कर सकते है।

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी, (जन शिकायत) ने कहा कि इस प्रशिक्षण का लक्ष्य आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करना है, जिससे उन्हें सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। जन समाधान पोर्टल के माध्यम से पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ आमजनों की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जन समाधान पोर्टल एक पारदर्शी और कुशल शिकायत निवारण प्रणाली के जैसा कार्य करेगा, जिससे लोगों की समस्याओं/प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि जन समाधान पोर्टल के जरिए आमजन बड़ी सुगमतापूर्वक अपनी आवेदनों की अद्यतन स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं या उससे संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उपायुक्त ने निर्देशित किया कि आमजनों की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान जिला स्तरीय सभी कार्यालय प्रधान, सभी अनुमंडल/ प्रखंड/ अंचल के कार्यालय प्रधान समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आज समाहरणालय सभागार में जन समाधान पोर्टल के सफलतापूर्वक संचालन को लेकर जिला स्तरीय/ अनुमंडल/प्रखंड स्तरीय कार्यालय प्रधान को प्रशिक्षण दिया गया।

# शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर डीसी गंभीर, चैनपुर केजीबीवी का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के पश्चात ब्लॉक में पदाधिकारियों संग की निरीक्षण के रिपोर्ट की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के सभी प्रकार के सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन,मिड डे मील की गुणवत्ता समेत छात्र-छात्राओं उपस्थिती आदि की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर डीसी समीरा एस गंभीर है।इसी लेकर उन्होंने शनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारियों संग चैनपुर के कई स्कूलों का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया।सर्वप्रथम डीसी,डीडीसी समेत सभी वरीय पदाधिकारी सुबह 10 बजे चैनपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे।इसके बाद डीसी ने सभी पदाधिकारी को निरीक्षण हेतु अलग-अलग विद्यालय अलॉट किया तत्पश्चात निरीक्षण प्रारंभ हुआ।

डीसी ने स्वयं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,चैनपुर का निरीक्षण किया।वहीं अपर समाहर्ता ने राजकीय कृत उच्च विद्यालय, महुगांव,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सेमरटांड़,जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने राजकीयकृत कन्या प्राथमिक विद्यालय सलतुआ, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी ने राजकीयकृत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सलतुआ,छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी ने सदगुरु प्रताप हरि उच्च विद्यालय,सदर एसडीएम ने राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय चैनपुर,डीआरडीए निदेशक ने राजकीयकृत उच्च विद्यालय,चांदो,सहायक समाहर्ता ने प्राथमिक विद्यालय,सलतुआ का निरीक्षण किया।इस दौरान संबंधित विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और गुणवत्ता,आवासीय सुविधा,भोजन एवं पोषण,स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, वित्तीय प्रबंधन,भौतिक ढांचा एवं सुविधाएं मिड डे मील की गुणवत्ता, शैक्षणिक सामग्री और पुस्तकें, विद्यार्थियों के प्रगति और उपस्थिति पर जांच किया गया।

शनिवार को स्कूलों में किये गये निरीक्षण के जांच दल में शामिल पदाधिकारियों को निरीक्षण हेतु अलग-अलग स्कूल अलॉट किया गया था।इस दौरान उनके द्वारा संबंधित तिथि को उपस्थित छात्रों की संख्या,कक्षा शिक्षण का अवलोकन,रिक्त शिक्षकों की संख्या, होमवर्क और मूल्यांकन की स्थिति, पिछले सत्र एवं वर्तमान सत्र में ड्रॉप आउट की अद्यतन स्थिति,छात्रावास भवन की स्थिति,प्रति कमरे में छात्रों की संख्या,पेयजल एवं स्वच्छता की सुविधा,सीसीटीवी,दैनिक भोजन मेन्यू और पोषण गुणवत्ता,रसोइयों की संख्या,प्राथमिक चिकित्सा किट और नर्स की उपलब्धता खेलकूद सुविधा,पीटीएम के डेट की जांच, चाहरदीवारी का स्टेटस,बिजली एवं पंखा,लाइब्रेरी की स्थिति,खेल सामग्री की उपलब्धता यूनिफॉर्म और छात्रवृत्ति का वितरण आदि विषय पर जांच किया गया।

निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त समीरा एस द्वारा चैनपुर ब्लॉक में निरीक्षण करने वाले सभी पदाधिकारी संग बैठक किया गया।इस दौरान सभी स्कूलों के निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी।समीक्षा में पाया गया कि कई विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति के विरुद्ध मिडडे मिल का बिल अधिक है।केजीबीवी में भी कुछ इसी तरह का मामला प्रकाश में आया।वहीं कुछ विद्यालयों में फर्नीचर की कमी बतायी गयी।डीसी ने अन्य कई बिंदुओं पर निरीक्षण रिपोर्ट की गहराई से अवलोकन किया।

# अब खदान के विस्फोट को संभालेगा एआई

## देश के 33 खदानों के डाटा किये संग्रह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** ओपेनकास्ट माइंस में चट्टानों को विस्फोट से खंडित करना आसान है। बावजूद विस्फोटक ऊर्जा के अचानक निकलने से न केवल चट्टानें खंडित होती है, बल्कि धमाके की आवाज, भूमि कंपन, हवा में छिटकते पत्थर, धूल, विषैले धुएं का खतरा भी उत्पन्न होता है।

हवा के अत्यधिक दबाव (धमाके) से इमारतों में कंपन होता है। इससे दीवारों में दरारें, खिड़कियों के शीशे और दरवाजे टूटने का खतरा होता है। ऐसे हानिकारक प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए धनबाद के केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) के विज्ञानियों ने एआइ आधारित पूवार्नुमान माडल विकसित किया है। देशभर की 33 खदानों में 699 ब्लास्ट डाटा संग्रह कर इसे तैयार किया गया है।

इसकी मदद से न केवल ब्लास्ट डिजाइन तैयार होगी, बल्कि ब्लास्टिंग के लिए बार-बार ट्रायल की जरूरत भी नहीं होगी। एआइ माडल पूवार्नुमान कर ब्लास्टिंग के लिए आवश्यक डिजाइन तय कर सकेगा। इससे बार-बार ट्रायल से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा, सुरक्षित और स्मार्ट माइनिंग भी होगी। डाटा के तहत छेद का व्यास, छिद्र की गहराई, छिद्रों की संख्या, विस्फोटकका भार, अंतराल, स्टेमिंग लंबाई, प्रति छिद्र आवेश, कुल आवेश, अधिकतम आवेश और दूरी जैसे दस इनपुट लिए गए। इस डाटासेट का उपयोग कर परीक्षण किया गया। जो सफल रहा। पता चला कि बड़े डाटासेट वाले प्रस्तावित मल्टी अडाप्टिव रिग्रेशन स्प्लिन मार्स माडल से वायुदाब की कुशल भविष्यवाणी हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK